आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 23 | उज्जैन, शनिवार 07 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 17 लोगों का डीएनए टेस्ट, उनमें पिता ही रेपिस्ट निकला

**मुंबई।** मुंबई के कफ परेड इलाके में एक 20 साल की मूक-बधिर युवती से रेप मामले में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। युवती के आसपास रहने वाले जिन 17 लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए थे, उनमें उसके पिता का ही डीएनए मैच हुआ है। यह मामला सितंबर 2025 में सामने आया था, जब युवती ने अपनी दादी से पेट दर्द की शिकायत की थी। इशारों के जरिए उसने पेट में अजीब हरकत महसूस होने की बात बताई। इसके बाद उसे मुंबई के कामा एंड अल्बलेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल जांच में पता चला कि वह पांच महीने की प्रेग्नेंट है। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित का अबॉर्शन करा दिया गया था। हालांकि, उसके भ्रूण का डीएनए सैंपल जांच के लिए लैब भेजा गया।

### हिमाचल प्रदेश के 14 जिलों में तापमान 5 डिग्री से नीचे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 14 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मैदानी इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी के निचले इलाकों में कोहरा रहेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के 11 और मध्य प्रदेश के 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। एमपी में बीते 24 घंटे में ग्वालियर समेत 8 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। उत्तराखंड में भी घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में 9 फरवरी से बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड में 3000 मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में बारिश या बर्फबारी के आसार हैं।

### भागम भाग 2 में नहीं होंगे गोविंदा



**मनोज बाजपेयी को किया गया कास्ट, अक्षय कुमार और परेश रावल फिर नजर आएंगे**

**मुंबई।** कॉमेडी फिल्म भागम भाग का सीक्वल बनने जा रहा है। भागम भाग 2 में अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी होगी, जबकि सीक्वल में मनोज बाजपेयी को गोविंदा की जगह कास्ट किया गया है। वैरायटी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भागम भाग 2 में अक्षय कुमार और परेश रावल पहले पार्ट की तरह नजर आएंगे। वहीं, फिल्म में मनोज बाजपेयी की एंट्री होगी। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ मीनाक्षी चौधरी लीड रोल में होंगी। मनोज बाजपेयी के अपोजिट एक्ट्रेस को लेकर बातचीत चल रही है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। सीक्वल की कहानी गलत पहचान, कॉमेडी ऑफ एरर्स और बढ़ती अफरा-तफरी पर आधारित होगी, जो ओरिजिनल फिल्म के इमोशन को बनाए रखेगी।

बता दें कि भागम भाग साल 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। वहीं, भागम भाग 2 का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे। प्रियदर्शन इस बार फिल्म से जुड़े नहीं हैं, क्योंकि वह पहले से अक्षय के साथ दूसरी फिल्मों में व्यस्त हैं। प्रियदर्शन और अक्षय हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में साथ काम कर रहे हैं, जो 15 मई 2026 को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा, प्रियदर्शन थ्रिलर फिल्म हैवान पर भी काम कर रहे हैं, जिसमें अक्षय और सैफ अली खान नजर आएंगे और यह फिल्म भी 2026 में रिलीज हो सकती है। फिल्म भागम भाग में लारा दत्ता, राजपाल यादव, जैकी श्रॉफ और अरबाज खान भी थे। इसका स्क्रीनप्ले नीरज वोरा ने लिखा था।

### गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत, जल बोर्ड ने खोदा था गड्ढा

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है।

### छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया, 1 अन्य जवान घायल है। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से हुई गोलीबारी में महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने 3 नक्सलियों को मार गिराया। इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग में गोली कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी (38 साल) को जा लगी। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर भामरागड़ के अस्पताल लाया गया। जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील क्षेत्र का है। शहीद जवान दीपक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शव गृहग्राम रवाना किया गया है।

### पाकिस्तान- शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट

# इस्लामाबाद में आत्मघाती हमले में 69 लोगों की मौत, 169 घायल

## धमाके के बाद लोगों के शव इधर-उधर बिखरे नजर आए, अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद





पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार टाइम्स ऑफ इस्लामाबाद के मुताबिक, हमले में 69 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है।

जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

### ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। 2025 में ळळढ के हमलों में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं बलूच आर्मी के हमलों में 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। इस्लामिक स्टेट- खुरासान ने अब पाकिस्तानी शहरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं।

**तीन महीने पहले आत्मघाती धमाके में 12 लोग मारे गए थे-** इससे पहले भी 11 नवंबर 2025 को इस्लामाबाद के ॠ-11 इलाके में जिला और सत्र न्यायालय के बाहर आत्मघाती धमाका हुआ था। उस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### एमपी के राजस्व मंत्री की लाडली बहनों को मंच से धमकी, बोले

# 'सबको बुलाओ, जो न आए, उनके नाम काटो'

जीतू पटवारी ने लिखा- 'क्या ये बहनें आपकी सरकार के लिए केवल भीड़ बनकर रह गई हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीहोर




मध्य प्रदेश की गेम चेंजर लाडली बहना योजना पर राज्य के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की टिप्पणी से बवाल मचा हुआ है। उन्होंने योजना की लाभार्थी महिलाओं को सरकारी कार्यक्रमों में भाग न लेने पर नामों को हटाए जाने की धमकी दे डाली।

यह धमकी उन्होंने धामंडा गांव में नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों के उद्घाटन के दौरान दी। मंत्री ने कहा कि यदि लाभार्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके नाम योजना से हटा दिए जाएंगे और इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी। कांग्रेस ने इस बयान पर जमकर विरोध जताया है। कांग्रेस का कहना है कि यह सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम है। यह पहली बार नहीं है, जब एमपी के किसी मंत्री ने लाडली बहना योजना पर ऐसा बयान दिया हो, इसस पहले यह काम विजय शाह भी कर चुके हैं। अपने एक बयान में उन्होंने मुख्यमंत्री का सम्मान न करने वाली लाडली बहना लाभार्थियों के आवेदनों को रोकने की बात कही।

### बैठक में लाभार्थी न पहुंचने पर भड़के

मंत्री ने कहा कि वे सीईओ मैडम से सभी को एक दिन बुलाने के लिए कहेंगे। 'अब मैं सीईओ मैडम को कहूंगा कि एक दिन सबको बुलाएं। अगर वे नहीं आती हैं, तो उनके नाम हटा दिए जाएंगे। हम यहां से एक रिपोर्ट भेजेंगे।' उन्होंने आगे कहा कि धामंडा गांव में 894 लाडली बहना लाभार्थियों को हर महीने 1,500 रुपये दिए जा रहे हैं। मंत्री ने लाभार्थियों की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त की।

### परीक्षा पे चर्चा-पीएम ने बच्चों को असम के गमछे पहनाए

# मोदी बोले- एक साल में हर विदेशी चीज स्वदेशी से बदलें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन में देशभर से आए बच्चों से मुलाकात की। दिल्ली स्थित पीएम आवास पर मोदी ने पहले बच्चों को असम के गमछे पहनाए और फिर उनके सवालों के जवाब दिए।

पहले एपिसोड में मोदी ने बच्चों को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी। साथ ही, बच्चों से कहा कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं।

विकसित भारत को अपना सपना बनाएं पीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है। खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डर स्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊंपीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्मविश्वास से बात करती है।

### देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओ

गोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया- भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उसपर लॉन्च करो। धीरे-धीरे देखोगे कि कितने लोग तुम्हारे गेम्स खेल रहे हैं। एक स्टूडेंट के सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा- पता नहीं ये मार्क्स- मार्क्स की बीमारी कैसे फैल गई है। आप लोगों को पिछले साल के टॉप 1 से 10 तक के नाम याद हैं।

# नए डिप्टी सीएम के विरोध में हिंसा भड़की

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को धकेलने की कोशिश की

एजेंसी ▸▸ इंफाल



मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार शाम हिंसा भड़क गई। नए उपमुख्यमंत्रियों नेम्चा किप्गेन और लोसी दिखो के शपथ ग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया।

जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए।

आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया है। वहीं, कुछ संगठनों ने नेम्चा किप्गेन को मारने वाले को 20 लाख और विधायकों एलएम खाउते, एन सेनाते को मारने वाले को 10-10 लाख इनाम देने का ऐलान किया है। कुकी वीमेंस ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने मणिपुर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुकी समुदाय के कुछ विधायकों ने सरकार को समर्थन दिया है जिसका संगठन विरोध कर रहा है। नई सरकार में नेम्चा किप्गेन के डिप्टी सीएम बनने पर कुकी समुदाय बंट गया है। एक संगठन ने विश्वासघात व मैतेई से गठबंधन का आरोप लगाकर सरकार में शामिल तीनों कुकी विधायकों के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की है।

### नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक स्थगित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें कल सबने बालक कहा। आज पीएम की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे।

# एअर इंडिया के 191 विमानों में बार-बार खराबी

## सरकार ने संसद में माना- 754 प्लेन की जांच में यह बात सामने आई

एजेंसी ▸▸ पटना



हवाई यात्रा की सुरक्षा सवालों में है। जनवरी 2025 से देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई। इनमें से 377 विमानों में बार-बार आने वाली खराबियों की पहचान हुई। यानी एक ही खराबी बार-बार सामने आई, भले ही उसे पहले ठीक कर दिया गया था।

एअर इंडिया ग्रुप के 267 विमानों में से 191 (72%) में बार-बार तकनीकी खराबी पाई गई। इसके बाद इंडिगो का नंबर था। इसके 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट ( एक ही खराबी बार-बार) पाई गई।

लोकसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि पिछले साल सुरक्षा को लेकर बड़े पैमाने पर जांच की। इस दौरान 3890 सर्विलांस इंस्पेक्शन, 56 ऑडिट, 492 रैंप चेक और 84 विदेशी विमानों की जांच की गई। 874 स्पॉट चेक और 550 नाइट सर्विलांस भी किए गए।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## दिन भर चले अढाई कोस...




शहर में यातायात की स्थिति को देखा जाए और पिछले एक माह की मशक्कत को देखा जाए तो विश्लेषण स्तर पर यही कहा जाएगा कि दिन भर चले अढाई कोस के हाल ही कायम हैं। स्लीपर बसें मनाही के बाद भी अंदर आ रही हैं। फटफटिया में माडीफाईड साईलेंसर है तो अन्यानेक वाहन ही माडीफाईड चलाए जा रहे हैं। सिग्नल मात्र दिखावा होकर रह गए हैं। वाहन चालक स्वच्छंद होकर रह गए हैं। न तो वाहन चालकों को वर्दी का डर है और न ही किसी के घायल होने का । अनियंत्रण के हालात सडकों पर देखे जा सकते हैं। पूरे माह भर सबक की कक्षाएं चलाने के बाद भी अगर यही स्थिति है तो उसे पत्थर पर रस्सी घिसने से भी बदतर ही कहा जाएगा। पत्थर पर तो फिर भी निशान रह जाता है लेकिन यहां तो खुद के हाथ पैर टूटने की भी चिंता नहीं है और दुसरे की भी। चौराहों पर ऐसी व्यवस्था है कि चाहे जब सिग्नल की लाईटें बंद हो जा रही हैं। सोलर सिस्टम का सिग्नल कभी चलता है कभी नहीं,अजीब शह है उसकी भी मनमानी निकल पडी है। चौतरफा मार्गों पर मनमानी का आवागमन हो रहा है। ई-चालान मात्र कागज तक ही सिमट कर रह गया है। उस पर स्मार्ट कार्रवाई भी होना चाहिए जो कि देखने में ही नहीं आ रही है। खास तो यह है कि लेफ्ट साईड वाहन चालक की होती है। जिस पर वह चाहे तो आगे बढता रहे और चाहे तो पलट सकता है लेकिन ई-चालान के ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं जिसमें कैमरे ने चालान बना दिया। इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के यहां नानाखेडा से जाते समय अगर वाहन चालक सर्विस लेन पर गया तो उसका भी चालान कट गया वाह रे स्मार्ट व्यवस्था। खुसूर-फुसूर है कि इससे तो हमारी पुरानी व्यवस्था ज्यादा पुख्ता थी जिसमें एक जवान ही पूरा पाईंट संभाल लेता था और उसका खौफ इतना होता था कि तीन सवारी में से एक पहले ही उतर जाता था और पाईंट से दूर पैदल जाकर वाहन पर बैठता था। वर्तमान में तो बगैर लायसेंस, बगैर परमिट, वालों ने सब प्रकार की व्यवस्था को ठेंगा बता दिया है । यातायात के नियमों को ताक पर रखकर पायलेटिंग हो रही है।

## महाकाल मंदिर में मुंबई की महिला श्रद्धालु से मारपीट, धक्का देकर बाहर निकाला

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में मुंबई से दर्शन के लिए आई एक महिला श्रद्धालु के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने महिला को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान महिला रोती और चिल्लाती रही। मौके पर मौजूद लोग वीडियो बनाते रहे। सुरक्षाकर्मियों और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला के साथ खड़े दूसरे श्रद्धालुओं को भी बाहर निकालकर गेट बंद कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। घटना के बाद मंदिर समिति ने महिला पर मंदिर में हंगामा करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। मामला गुरुवार रात करीब 10 बजे का है।

महिला बोली- गार्ड ने कंधे पर हाथ रखकर आगे धकेला: महाकाल मंदिर में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कारण सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद की घटनाएं बढ़ रही हैं। मुंबई से तीन महिला दोस्तों के साथ आई रेशमा सोनवाड़े दर्शन लाइन में लगी हुई थीं। महिला का कहना है कि चांदी की पालकी गेट के सामने टनल में दर्शन के दौरान पुरुष गार्ड महिलाओं के कंधे पर हाथ रखकर लोगों को आगे धकेल रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो एक महिला गार्ड को बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई। महिला का आरोप है कि मारपीट में चार पुरुष गार्ड भी शामिल थे। मारपीट के दौरान कुछ दूसरे श्रद्धालुओं को भी धक्का देकर मंदिर से बाहर कर दिया गया। इसके बाद गेट बंद कर दिया गया। मौके पर काफी हंगामा हुआ। कई श्रद्धालु महिला के साथ हुई मारपीट से नाराज दिखे और सुरक्षाकर्मियों पर जबरदस्ती करने के आरोप लगाए।

## चौड़ीकरण मार्ग में अतिक्रमण, मकान हटाने की कार्रवाई 3 दिन में पूरी करने के निर्देश

**उज्जैन।** शहर में चल रहे प्रमुख रोड चौड़ीकरण कार्यों का नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने गुरुवार को निरीक्षण किया। आयुक्त ने कोयला फाटक से निजातपुरा होते हुए कंठाल चौराहा तथा केडी गेट से खजूर वाली मस्जिद तक चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ाने और तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्र का शुभारंभ, करीब 30 लाख श्रद्धालुओं आएंगे, शिव नवरात्र के 10 दिनों में भगवान का प्रतिदिन विभिन्न स्वरूपों में श्रृंगार किया जाएगा

# मंत्रोच्चारण के बीच कोटेश्वर महादेव का पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार से शिव नवरात्रि महापर्व की शुरूआत हो गई है। इसी के तहत भगवान को महाशिवरात्रि पर सेहरा सजेगा। महोत्सव की शुरूआत पूर्वान्ह में कोटेश्वर महादेव की पूजा के साथ हुई। शासकीय पुजारी पं.घनश्याम शर्मा ने पूजा की। उनके साथ अन्य पूरोहितों एवं पुजारियों ने मंत्रोच्चारण किया। बारह ज्योर्तिलिंगों में सिर्फ श्री महाकालेश्वर मंदिर में ही शिव नवरात्रि उत्सव की परंपरा है।इस दौरान करीब 25-30 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसकी व्यापक व्यवस्था मंदिर प्रबंध समिति ने की है। शिव नवरात्र के 10 दिनों में भगवान श्री महाकालेश्वर का प्रतिदिन विभिन्न स्वरूपों में श्रृंगार किया जाएगा।

मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार शुक्रवार से शिवनवरात्र उत्सव की शुरूआत हुई है। बाबा का विशेष पूजन किया गया है। भगवान कोटेश्वर का विशेष पूजन हुआ है। नवरात्र के 10 दिनों में हमें करीब 25-30 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसमें से 15-16 फरवरी को महाशिवरात्रि में 44 घंटे मंदिर खुला रहेगा,इस दौरान करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं।

### कोटेश्वर भगवान के पूजन से शुरूआत

शुक्रवार को नवरात्र उत्सव की शुरूआत कोटेश्वर महादेव के पूजन के साथ हुआ। गर्भगृह में मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों द्वारा भगवान महाकाल का पंचामृत पूजन और एकादश-एकादशनी रुद्राभिषेक किया गया। भोग आरती के पश्चात महाकालेश्वर शिवलिंग को विशेष उबटन,हल्दी सहित अर्पित किया गया। परंपरा के अनुसार, भगवान को सर्वप्रथम चंदन का उबटन लगाकर स्नान करवाया गया और जलाधारी पर हल्दी अर्पित की गई। इसके बाद भगवान का भांग से विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा महाकाल को लाल, गुलाबी और पीले रंग के नए वस्त्र अर्पित किए गए। मेखला, दुपट्टा, मुकुट, मुंडमाला और छत्र से सजे बाबा के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। बाबा को लाल चुनरी का साफा बांधा गया।



### कब कैसा श्रृंगार-

7 फरवरी भगवान नवीन वस्त्रों में दर्शन देंगे।
8 फरवरी- कालजयी रूप में शेषनाग श्रृंगार
9 फरवरी- घटाटोप श्रृंगार
10 फरवरी छबीना श्रृंगार
11 फरवरी- राजसी होलकर श्रृंगार
12 फरवरी- मनमहेश स्वरूप
13 फरवरी- उमा महेश श्रृंगार
14 फरवरी- शिव तांडव श्रृंगार
15 फरवरी-महाशिवरात्रि श्रृंगार , इस दिन भगवान का सतत जालधारा से अभिषेक , पूरी रात विशेष महापूजन चलेगा।
16 फरवरी (सेहरा दर्शन) तडके से भगवान को सवा मन फूलों का सेहरा और सप्तधान का मुखौटा धारण कराया जाएगा।

### विशेष श्रृंगार होगा

नवरात्र के तहत संध्या पूजन और विशेष श्रृंगार के अंतर्गत प्रतिदिन अपरांह संध्या पूजन शुरू होगा। इसके पाश्चात बाबा महाकाला का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। शिवनवरात्रि उत्सव का औपचारिक समापन 18 फरवरी को होगा। इस दिन सायं पूजन से शयन आरती तक श्रद्धालु भगवान श्री महाकालेश्वर के पंच मुखारविन्द स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे।

### 16 को दिन में भस्मार्ती

वर्ष में केवल एक बार दोपहर में 12 बजे की भस्म आरती 16 फरवरी को होगी। इसके बाद रात 11 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। इस दौरान मंदिर के पट लगातार लगभग 44 घंटे खुले रहेंगे।

## टीजेएसबी सहकारी बैंक लि., उज्जैन शाखा में बैंक का 54वां स्थापना दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

टीजेएसबी सहकारी बैंक लि. की उज्जैन शाखा महाकाल सिंधी कॉलनी चौराहा स्थित उज्जैन में बैंक का 54वां स्थापना दिवस श्री सत्यनारायण महापूजा कार्यक्रम उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शाखा के अधिकारी, महाराष्ट्र समाज उज्जैनी के अध्यक्ष श्री पंकज जी चांदोरकर, श्री मिलिंद पन्हाळकर, श्री रवींद्र मुळे, श्री. अतुल करंदीकर, सीए नितीनजी गरुड, श्री विजयजी केवलिया, श्री राजेश पाठक के उपस्थिती



कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन किया गया शाखा प्रबंधक श्री प्रवीण हरपुडे ने बैंक की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की प्रगति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बैंक की ग्राहक सेवा, विश्वास और पारदर्शिता की नीति को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर ग्राहकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया तथा उन्हें बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी सहाय्यक शाखा व्यवस्थापक श्री मनीष नंदनवार द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राहकों एवं कर्मचारि हिमानी छाबड़ा, श्री. कल्पेश मळेकर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैंक की निरंतर प्रगति और सफलता की कामना की गई।

## पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के नि:शुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान में 1500 से अधिक लोगों ने कराई जाँच

### आज सातवें दिन जिले में 4 शिविर; दमदमा, पवासा, जूना सोमवारिया और ताजपुर में होगा आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक दो वर्षों के उपलक्ष्य में, जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा निशुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विगत 6 दिनों में विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में उज्जैन शहर की जनता ने बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया, शिविरों में ख्यात हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा लोगों को परामर्श, जाँच एवं उपचार का लाभ दिया गया। इसी श्रृंखला में आज शनिवार को उज्जैन जिले में चार स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोइवाल ने विस्तार से बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से यह अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें आयुष्मान अंतर्गत पंजीकृत अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से उज्जैन जिले में 100 से अधिक स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।


**300 लोगों को किया गया रेफर:** इसके अंतर्गत शुक्रवार तक 9 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 1500 से अधिक लोगों ने अपने हृदय स्वास्थ्य से संबंधित जाँचें कराईं। इसमें से 300 से अधिक लोगों को हृदय उपचार हेतु विभिन्न अस्पतालों में रेफर किया गया है।




**आज यहाँ होंगे शिविर...:** खोइवाल ने आगे बताया कि आज शनिवार को उज्जैन शहर के जूना सोमवारिया, दमदमा एवं पावासा में शिविर आयोजित किए जाएँगे, वहीं ग्रामीण क्षेत्र ताजपुर में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ श्री पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, सर्वश्री धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, प्रकाश गोमे, दीपक अग्रवाल, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

### जिले के 2426 स्कूलों में दोपहर 2 से 4.30 बजे के मध्य होगा आयोजन, मदरसे भी शामिल,दोनों कक्षाओं के 60 हजार 719 विद्यार्थी हैं परीक्षा के लिए पंजीबद्ध

## बोर्ड पैटर्न पर होगी पांचवीं, आठवीं की परीक्षा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी । जिले में 2426 शासकीय, अशासकीय और मदरसा स्कूलों के 60 हजार 719 विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 से 4.30 बजे के मध्य आयोजित होगी। इस बार परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जा रही है।

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। 5वीं की परीक्षा 26 फरवरी एवं 8वीं की 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए जिले भर में शासकीय एवं अशासकीय 2हजार 426 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर जिला स्तर पर राज्य शिक्षा केंद्र के दिशा निर्देश भी मिल चुके हैं।

### मदरसा विद्यार्थी भी रहेंगे शामिल

जिला शिक्षा केन्द्र के डीपीसी अशोक त्रिपाठी के अनुसार जिले में कक्षा 5वीं में 32 हजार 121 विद्यार्थी एवं कक्षा 8वीं के 28 हजार 598 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। जिले में करीब 1562 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी एवं करीब 20-25 मदरसों के साथ शेष अशासकीय विद्यालयों के परीक्षार्थी इसमें बैठेंगे।

### एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर होगी परीक्षा

विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

### मुख्य सड़कों पर खुले पड़े विद्युत डीपी के बॉक्स दे रहे घटनाओं को आमंत्रण, सड़क किनारे विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे , मेंटेनेंस के नाम पर हर माह भारी भरकम राशि की जा रही खर्च, विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# वाह... करीब एक साल से इन पर ध्यान ही नहीं गया जिम्मेदारों का

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

शहर में कई जगह लगी हुई विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। ये बॉक्स ऐसे स्थानों पर लगे हुए हैं, जहां दिनभर लोगों की चहल कदमी बनी रहती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। जब भी लाइनमैन आते हैं तो बॉक्स का ढक्कन खुला छोड़कर ही चले जाते हैं। दुर्घटना के डर से कोई दूसरा भी इन बॉक्स को बंद करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। विद्युत मंडल शहर की बिजली संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नाहीं इन खुले पड़े बॉक्स को बंद किया जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर हर महीने भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है।



शहर के अंदर से गुजरे हाइवे के मार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों के किनारे दर्जनों की संख्या में विद्युत डीपी के खुले बॉक्स दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। यहां पर मेंटेनेंस करने के बाद कर्मचारी इन्हें बंद नहीं कर रहे हैं तो कई स्थानों से बॉक्स के ढक्कन ही गायब हो चुके हैं। लेकिन ऐसे स्थानों की विद्युत डीपी को कवर्ड नहीं किया गया है ऐसे में यहां पर हमेशा कोई भी हादसा होने का डर बना रहता है और आए दिन किसी न किसी डीपी के पास व डीपी में आग लगने की घटनाएं भी आम बात हो गई है। इसके साथ ही कई बार गोवंश इन खुले बॉक्स की चपेट में आने से झुलस जाते हैं। खुले पड़े बॉक्स के आसपास करंट के तार झूलने से यहां पर कोई आम लोग ढक्कन को बंद करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं।

हालात यह हैं कि फ्रीगंज, शहीद पार्क, घासमंडी, दशहरा मैदान, नानाखेड़ा, गधा पुलिया, हरिफाटक क्षेत्र में रोटरी के पास, दमदमा क्षेत्र में जनपद व जिला पंचायत कार्यालय के मार्ग सहित पुराने उज्जैन में दर्जनों ऐसी विद्युत डीपी हैं। जिनके बॉक्स खुले हैं या फिर उनमें ढक्कन ही नहीं है। इसके साथ ही गली मोहल्लों में भी यही हाल है।



आसपास के रहवासियों की माने तो बच्चे भी कई बार खेलते हुए खुले बॉक्स के पास पहुंच जाते हैं। इसकी शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी विद्युत डीपी के बॉक्स को बंद नहीं करती।

### विद्युत वितरण कंपनी है जिम्मेदार

खुले हुए बॉक्स के कारण हादसे का अंदेशा बना रहता है। इसकी जिम्मेदार बिजली कंपनी की है। शिकायत के बाद भी डीपी के खुले बॉक्स को बंद नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार डीपी के खुले बॉक्सों की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इनकी वजह से कई बार घटनाएं भी हो चुकीं हैं। इसके पहले भी समाचार प्रकाशित कर सचेत किया गया था।

### जाली लगाए जाने की योजना बंद

शहर में कई ट्रांसफार्मर ऐसे हैं जहां हर वक्त खतरा रहता है। इन पर कंडक्टर खुले हुए हैं, जो हादसे को न्योता दे रहे हैं। इन ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जाली लगाए जाने की योजना बनाई गई थी। इस दौरान कुछ ट्रांसफार्मरों पर जाली लगाई भी गई, लेकिन इसके बाद योजना बंद कर दी गई।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
इंदौर | उज्जैन | शनिवार, 07 फरवरी 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने ग्रीन एक्स प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित किए जाए इसके लिए राज्य शासन द्वारा पूरी मदद दी जाएगी। निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित करने के लिए उन्होंने निवेशकों का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज यहाँ ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला तथा गोलू शुक्ला, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सुमित मिश्रा, गौरव रणदीवे, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मुगल काल में जब देश के देवस्थानों पर आक्रमण हो रहे थे, तब लोकमाता अहिल्याबाई ने संकल्प शक्ति से देशभर में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दाल भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और शाकाहारी समाज के लिए यह प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत है।

### इंदौर में नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर 8 से 13 फरवरी

**इंदौर।** इंदौर जिले में जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वर्णिम फाउंडेशन इंदौर द्वारा ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के सहयोग से नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मरीजों की जांच एवं पंजीयन का कार्य 8 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक धार रोड गुरुनानक टिम्बर मार्केट स्थित वर्मा यूनियन हॉस्पिटल इंदौर में किया जाएगा। शिविर में अमेरिका के सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. ब्रायन रुबिनस्टिन, कटे होठ एवं तालू विशेषज्ञ डॉ. राहुल छाजलानी सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा चयनित मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन 8 फरवरी से 13 फरवरी तक किए जाएंगे। शिविर में कटे-फटे होंठ एवं तालू, नाक, कान, चेहरे एवं जबड़े की बाह्य विकृति, क्लेफ्ट के कारण नाक की विकृति तथा तालू के ऑपरेशन के बाद स्पष्ट बोली न होने वाले मरीजों का उपचार किया जाएगा। जले हुए एवं सफेद दाग से संबंधित उपचार इस शिविर में नहीं किया जाएगा।

### अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई, तीन पर एफआईआर

**इंदौर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, गैस रिफिलिंग एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में गैस एजेंसी संचालक, हॉकर एवं वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के दौरान मेसर्स अरिहंत गैस एजेंसी, उद्योग नगर पालदा, इंदौर के प्रोपराइटर विवेक जैन, हॉकर मिथुन कलमे एवं वाहन चालक दीपक पिप्लोदे द्वारा अवैध गैस रिफिलिंग, गैस स्टॉक में अंतर तथा अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। इस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत थाना तिलक नगर एवं आजाद नगर में प्रकरण दर्ज कराया गया। अभियान के दौरान नारायणी हॉस्पिटल पिपल्याहाना के सामने प्राप्त गोपनीय शिकायत पर गैस अंतरण करते हुए आरोपी पाए गए। जांच में गैस सिलेंडरों में निर्धारित मात्रा से कम गैस पाई गई तथा डिलेवरी से संबंधित वैधानिक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। साथ ही एजेंसी के स्टॉक में भी भारी अंतर पाया गया। इसी क्रम में खुडैल क्षेत्र में इंडियन बैंक के पीछे दयालु नगर में मोहम्मद हुसैन एवं साईन बी द्वारा घरेलू 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडरों से इलेक्ट्रिक मोटर के माध्यम से वाहनों में अवैध गैस रिफिलिंग करते हुए पाया गया।

खेत से चुन-चुनकर पुलिस ने उखाड़े, हिरासत में कृषक

# लहसुन के बीच लगा रखे थे अफीम के 1300 पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फसल के बीच मादक पदार्थ अफीम की खेती होने का पता पुलिस को चला तो खेत में सर्चिंग कर पौधों को चुन चुनकर उखाडा गया। डेढ़ से 2 घंटे की सर्चिंग में 1300 पौधे बरामद हो गए। पुलिस ने कृषक को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

मकड़ोन थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत ने बताया कि गुरुवार शाम ग्राम नांदेड़ स्थित खेत में अवैध तरीके से मादक पदार्थ अफीम की खेती किए जाने की खबर मुखबिर से मिली थी। आरक्षक कृष्ण वल्लभ शर्मा, कुंदन सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रकाश मेहता, सैनिक अभिषेक सिंह, मांगीलाल, बहादुर सिंह के साथ खेत में पहुंच कर सर्चिंग की गई। लहसुन की फसल के बीच अलग तरह के पौधे लगे होना सामने आए। जिनके पत्तों को मसलकर सूंघा और परीक्षण किया तो अफीम होना सामने आई। टीम के साथ पौधों को चुन चुनकर उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। करीब डेढ़ से 2 घंटे में 1300 पौधे उखाड़े गए। जिन्हें 26 गठरी में बांधकर जप्त किया गया और खेत मालिक रघुनाथ उर्फ रघुनाथ पिता आत्माराम देवड़ा 50 साल को हिरासत



में लिया गया। पूछताछ में उसके पास अफीम की खेती करने का पुख्ता दस्तावेज सामने नहीं आया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18(सी) का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार दोपहर मादक पदार्थ की खेती करने वाले को न्यायालय में पेश किया गया।



### पौधों की कीमत 60 हजार के लगभग

थाना प्रभारी राजपूत के अनुसार बरामद किए गए अफीम के पौधे 25 सेंटीमीटर लंबे होना सामने आए हैं। 1300 पौधों का वजन 6 किलो 100 ग्राम होना सामने आया है जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 60 हजार आंकी की गई है। पूछताछ में आरोपी बनाए गए कृषक द्वारा पहली बार ही पौधे उगाने की बात कबूल की है उसका कहना था कि अफीम के पत्तों की सब्जी बनती है उसने सब्जी बेचने के लिए ही पौधे उगाए थे। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले की जांच जारी है।

**खाचरोद-पानबिहार में मिले थे गांजे के पौधे-** उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्र में मादक पदार्थ की खेती के मामले पूर्व में भी सामने आ चुके हैं। डेढ़ साल पहले खाचरोद पुलिस ने गांजे के 400 से अधिक पौधे एक किसान के खेत में तुवर की फसल के बीच से बरामद किए थे, यही नहीं साल भर पहले पानबिहार पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के घर पर दबिश देकर उसके बाडे में लगे गांजे के पौधे बरामद किये थे। ग्रामीण क्षेत्र में पहले भी खेतों में फसल के बीच मादक पदार्थ की खेती होने का मामला सामने आ चुका है। ग्रामीणों द्वारा खेतों में फसल के बीच मुनाफा कमाने के उद्देश्य से मादक पदार्थ की खेती कर ली जाती है। जो अवैध है, मादक पदार्थ की खेती के लिए शासन प्रशासन से लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

# शहर में एक हजार से ज्यादा होम स्टे, इनमें से मात्र 92 के पास टूरिज्म बोर्ड की अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अगर आप श्री महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे हैं तो आपको मंदिर से करीब 500 मीटर पहले से ही आसपास सभी जगह नजर घुमाने पर अधिकांश जगह होम स्टे, होटल और यात्री गृह की बिल्डिंग नजर आएगी। इनमें सबसे ज्यादा संख्या होम स्टे की है।

शहर में करीब एक हजार से ज्यादा होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जब वैध रूप से संचालित होम स्टे का आंकड़ा खंगाला तो पता चला कि केवल 92 होम स्टे ही रजिस्टर्ड हैं। यानी बाकी होम स्टे का संचालन



अवैध रूप से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा इसका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। बोर्ड की ओर से केवल 92 होम स्टे का ही उज्जैन में रजिस्ट्रेशन किया है। प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीमों के बीच भी समन्वय नहीं होने से इन होम स्टे पर किसी का भी पूरी तरह नियंत्रण नहीं है। जिसकी वजह से लगातार बिना किसी अनुमति या पंजीयन के होम स्टे संचालित हो रहे हैं। तीन साल के लिए होता है पंजीयन- योजना में पंजीकृत किए जाने वाले भवन को इकाई से संबोधित करते हैं। इसका पंजीयन तीन साल तक वैध रहता है। तीन वर्ष के बाद पंजीयन नवीनीकरण कराना होता है। पंजीयन के लिए कुछ शर्तें भी हैं।

आय अर्जन और रोजगार देने के लिए शुरू की थी योजना मप्र बेड एंड ब्रेकफास्ट स्थापना (पंजीयन और नियमन) योजना नाम से इस योजना को शुरू किया था। इसका उद्देश्य देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नाश्ता/ भोजन आदि सुविधा प्रदान करना, पर्यटकों को भारतीय संस्कृति एवं आतिथ्य से परिचित कराना, नागरिकों को अपने आवास में उपलब्ध अतिरिक्त क्षमता से आय अर्जन एवं रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करना, स्थानीय स्तर पर पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधाओं का विकास एवं अभिवृद्धि और प्रदेश में निजी क्षेत्र के माध्यम से पर्यटक आवासीय सुविधाओं का विस्तार करना है। मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा इसका पंजीयन किया जाता है, लेकिन इस योजना की आड़ में अब अवैध तरीके से होम स्टे का संचालन शुरू हो गया है।

# अब से विधायकों की परीक्षा का दौर शुरू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विधानसभा चुनाव में अब किसका दाव लगेगा इसकी तैयारी इसी वर्ष से शुरू हो जाएगी। यह 2 साल विधायकों की परीक्षा का है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को नजदीक की सीट मिली थी लेकिन बाजी कांग्रेस ने मार लेली थी और कमलनाथ - मुख्यमंत्री बन गए थे सवा साल तक सत्ता में रहने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पाला बदल लिया था और सरकार गिर गई थी। शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बन गए थे। 2023 के चुनाव में ऐसा लग रहा था कि भाजपा को झटका लग सकता है, केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राजनीति काम आ गई और कई

दिग्गजों को उन्होंने मैदान में उतार कर परिणाम बदल दिया था। भाजपा को डेढ़ सौ से ज्यादा सीट मिल गई और कांग्रेस सो के अंदर ही निपट गई। इस बार कांग्रेस ने पहले से ही मैदान की तैयारी कर ली है और भाजपा ने भी जाल बिछाना शुरू कर दिया है।

### 26 और 27 चुनाव परिणाम के लिए महत्वपूर्ण

2026 और 27 चुनाव परिणामके लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। भाजपा ने तो इसी साल से विधायकों की रिपोर्ट बनाना शुरू कर दी है। संगठन महामंत्री के साथ प्रदेश अध्यक्ष इस काम में लग गए हैं। कारण यह है कि 2 साल विधायकों की अग्नि परीक्षाके हैं। जिन विधायकों पर आरोप लगे हैं उनके टिकटों पर खतरे के बादल भीजा सकते हैं। उन विधायकों के लिए अब मौका है कि वह अपना काम करने का तरीका सुधार ले। वजह यही है कि अगर उन्होंने अपनि कार्य शैली को नहीं बदला तो इसके परिणाम भी बदल सकते हैं। इंदौर में भी एकवो९ऱ दो विधायक निशाने पर हैं जिनकी रिपोर्ट ठीक नहीं है। अब उन विधायक को समय दिया जा रहा है कि वह अपनी शैली को बदलने वरना टिकट पर कैंची चल जाएगी। कांग्रेस ने भी अपने तरीकों को बदला है। जिन विधानसभा सीटों में काम ज्यादा वोटो से हार जीत हुई है वहां पर विधायक या हारे हुए उम्मीदवार को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को इसका जिम्मा दिया गया है। वह तरीके से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। किसी भी तरीके से कांग्रेस भी मुकाबला करने की तैयारी में है।

### प्रसिद्ध एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने किए महाकाल के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

टीवी जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

रश्मि देसाई ने गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने आगामी प्रोजेक्ट की सफलता की कामना की। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही एक नए शो पर काम करने वाली हैं और उसी की घोषणा से पहले महाकाल का आशीर्वाद लेने आई हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल बिना मांगे सब कुछ दे देते हैं और मंदिर समिति की व्यवस्थाएं बेहद अच्छी हैं, जिससे उन्हें सुगमता से दर्शन करने का अवसर मिला। रश्मि देसाई टीवी सीरियल उतरन और दिल से दिल तक से लोकप्रिय हुईं। इसके अलावा वे झलक दिखला जा, नच बलिए, फियर फैक्टर और बिग बॉस 13 व 15 जैसे रियलिटी शो में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने फिल्म दबंग 2 में भी काम किया है।

नया कॉरिडोर: इंदौर से उज्जैन 30 मिनट में

### ग्रीन फील्ड पर सुनवाई पूरी, अगले माह से शुरु होगा काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 के लिए बेहद अहम इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का काम मार्च से शुरू हो सकता है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। अकेले सांवेर में 166 आपत्तियां आई थीं, जिनकी सुनवाई गुरुवार को पूरी हुई। हातोद तहसील में 60 से 70 आपत्तियां आई थीं। एसडीएम द्वारा सुनवाई के बाद अगले सप्ताह तक कलेक्टर इन जमीनों के अवॉर्ड पारित कर देंगे।

अवॉर्ड पारित होने के बाद जमीन अधिग्रहण में कोई परेशानी नहीं होगी और निर्माण एजेंसी अपना काम संभवतः अगले महीने शुरू कर सकेगी। इंदौर से उज्जैन के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक एमपीआरडीसी (मप्र रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) को ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बनाना है। लुधियाना की कंपनी ने सबसे कम बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल किया है।

इस प्रोजेक्ट से इंदौर-उज्जैन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी केवल 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी। एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर ने बताया कि 109 हेक्टेयर जमीन के लिए 166 आपत्तियां मान्य की गई थीं। जमीन के लिए पहले ही छह से ज्यादा विभागों की जॉइंट मेजरमेंट सर्वे टीम ने सर्वे रिपोर्ट दे दी है। अधिकांश किसानों ने जमीन पर कुल जमीन के अलावा, जमीन में आने वाले पेड़, ट्यूबवेल, कुएं सहित अन्य संपत्तियों की संख्या भी बताई, ताकि मुआवजा पूरा मिल सके।

### सजी श्रेष्ठ साधकों की संगीत सभाएं

**इंदौर।** भारतीय शास्त्रीय संगीत केवल स्वर - लय का विधान नहीं, बल्कि आत्मा की साधना है। इसमें निहित राग समय की धड़कनों से जुड़कर मन के सूक्ष्म भावों को जाग्रत करते हैं एवं ताल जीवन की निरन्तर गति का अनुशासन सिखाती है। यह संगीत भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का सजीव प्रतीक है, जिसके सतत प्रवाह से भारत की सांस्कृतिक चेतना युगों से आलोकित होती रही है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग इसी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास के साथ इन्दौर के जाल सभागृह में दो दिवसीय राग अमीर का आयोजन कर रहा है।

# वोट बैंक बढ़ाने की खातिर पार्टी संविधान दरकिनार

## जाति आधारित प्रकोष्ठ का गठन कर रही कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र में कांग्रेस हर हाल में सत्ता में वापसी की कोशिश में लगी हुई है। पार्टी की कोशिश है कि अधिक से अधिक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित किया जाए। ऐसे में कांग्रेस पार्टी द्वारा जाति-आधारित प्रकोष्ठों का गठन कर पार्टी के समावेशी और समानतावादी संविधान के वैचारिक आधार के विपरीत का किया जा रहा है।

कांग्रेस की इस तरह की रणनीति मुख्य रूप से चुनावी लाभ और पिछड़ते हुए आधार को पुन- मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि कांग्रेस की यह रणनीति विकासात्मक मुद्दों से ध्यान भटकाने और जाति-आधारित राजनीति का सहारा लेने का एक सोची-समझी कोशिश है, जिसे लेकर अक्सर आरोप लगाए जाते हैं कि यह जातिवाद को बढ़ावा दे सकती है। सामाजिक न्याय पर केंद्रित रुख के साथ, कांग्रेस ने अपने गिरते हुए जनाधार को वापस पाने के लिए इन प्रकोष्ठों को एक टूल के रूप में उपयोग करने की कोशिश की है। जबकि कांग्रेस पार्टी के सांगठनिक ढांचे में जाति आधारित इकाइयों के गठन का विकल्प नहीं रहा है। इसके बावजूद मध्य प्रदेश में पार्टी जाति आधारित प्रकोष्ठ का गठन कर रही है। पार्टी के संविधान के अनुसार केवल विभाग और प्रकोष्ठ ही गठित किए जा सकते हैं लेकिन प्रदेश संगठन ने सात समाजों से जुड़े प्रकोष्ठ गठित कर दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इसे व्यवसाय संबंधित प्रकोष्ठ बता रहे हैं जबकि कांग्रेस के ही कुछ नेताओं का मानना है कि यह निर्णय पार्टी के धर्मनिरपेक्ष और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। इससे जातिवाद को बढ़ावा मिलता है।

### जातिगत राजनीति का हिस्सा

जानकारों का कहना है कि जाति आधारित प्रकोष्ठ गठन से समाज में विभाजन बढ़ता है और यह चुनावी लाभ के लिए जातिगत राजनीति का हिस्सा है। बता दें, यूजीसी के समानता से जुड़े नए नियमों के कारण जातिवाद पर चर्चा ने फिर जोर पकड़ लिया है। हालांकि इन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। अब तक कांग्रेस में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और आदिवासी विभाग होते हैं लेकिन इस बार प्रदेश कांग्रेस ने समाज समन्वय प्रकोष्ठ के अंतर्गत अलग अलग समाजों के लिए समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। इनमें बंगाली समाज के समन्वयक मिथुन विश्वास, बंजारा समाज समन्वयक मांगीलाल नायक, तैलिक साहू राठौर समाज समन्वयक हितेष साहू, सर्व विश्वकर्मा समाज कल्याण समन्वयक रमेश चंद्र विश्वकर्मा, स्वर्ण कला समन्वयक राम मनोहर सोनी, कोली कोरी समाज समन्वयक पूनम वर्मा और रजक समाज का समन्वयक संजय मालवीय को नियुक्त किया है। बता दें, सवर्ण समाज के प्रति भेदभाव बढ़ाने वाले यूजीसी के नए नियमों से भाजपा को भी नुकसान झेलना पड़ा है।



## न्यूज-कॉलम



## आखातीज को राजपूत समाज का सामूहिक विवाह आयोजन होगा

**मंडलेश्वर।** क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक पिपलिया बुजुर्ग में संपन्न हुई। बैठक प्रारंभ पर महेश्वर तहसील राजपूत समाज संगठन अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान कुम्भ्या द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में सवार्नुमति से यह निर्णय लिया गया कि आखातीज 20 अप्रैल को राजपूत समाज का सामूहिक विवाह का आयोजन संपन्न होगा। सामूहिक विवाह आयोजन समिति अध्यक्ष गजराज सिंह पटेल ने बताया कि राजपूत समाज सामूहिक विवाह आयोजन का यह 25 वां वर्ष है। आयोजन स्थल के लिए कृषि उपज मंडी पिपलिया बुजुर्ग का चयन किया गया। बैठक में तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में फिजूल खर्च पाबंदी हेतु उनके दो पुत्रों का विवाह सामूहिक आयोजन में करने की घोषणा की गई । इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सिंह गोड़, बहादुर सिंह मंडलोई, समर सिंह तंवर, पवन सिंह तंवर, सुमेर सिंह तंवर, खुमान सिंह गोड़ , कमलसिंह सोलंकी, समिति प्रबंधक पवन सिंह मंडलोई, अजय सिंह चौहान, कल्याण सिंह तंवर, आदि समाज जन मौजूद रहे।

## अधिकारी कर्मचारियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया



**आलीराजपुर।** प्रभारी कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में तथा प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेंद्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे मुख्यालय स्थित समाधि स्थल, दाहोद नाका पर सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस तनाव प्रबन्धन कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यजनित तनाव को कम करना, उनमें नई ऊर्जा का संचार करना तथा शासकीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में तनाव मुक्त रखना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम जोशी पांडे एवं योग अधिकारी श्री कैलाश चंद्र जोशी द्वारा योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग गुरु पतंजलि के अनुसार योग मन की समस्त वृत्तियों को शांत करने का माध्यम है। इस दौरान अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं के अभ्यास से कार्यशाला में उपस्थित समस्त जन में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास का माहौल रहा। कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री तपिस पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार, जनपद पंचायत सीईओ श्री गोपाल शरण प्रजापति, सुश्री प्रिया कांग सहित जिले के समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के सफल तीन साल



**इंदौर।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपनी सेवा के तीन साल पूरे किए। इन तीन सालों में इस अस्पताल ने नैतिक और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहचान को और मजबूत किया है। अपने 'फुल-टाइम स्पेशलिस्ट सिस्टम' (स्नञ्जस्स्) के साथ, इस अस्पताल ने अलग-अलग विशेषज्ञताओं में अपनी मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के जरिए व्यापक देखभाल के लिए एक मजबूत भरोसा कायम किया है। पिछले तीन सालों में, अस्पताल ने अपनी सुविधाओं को और बेहतर बनाया है। यहाँ मिनिमली इन्वेसिव सीएबीजी , बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक इलाज की तकनीकें शुरू की गई हैं, जिन्हें लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और भरोसा मिला है। जल्द ही अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है। यह अस्पताल म. प्र का पहला ऐसा अस्पताल है, जहाँ प्रोस्टेट के इलाज के लिए यूरो-लिफ्ट टेक्नोलॉजी, हर्निया की सर्जरी के लिए ई-टीईपी टेक्निक और डबल बलून एन्टेरोस्कोपी जैसी उन्नत और हाई-एंड प्रक्रियाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही, यह म. प्र का पहला कॉपोरेट अस्पताल है जिसने एन्डोब्रोन्कियल अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू की है।

## पंचायत कूमट द्वारा जनपद पंचायत महिदपुर का निरीक्षण

**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा जनपद पंचायत महिदपुर की ग्राम पंचायत लोटियाजुनार्दा, ग्राम पंचायत साकरिया के ग्राम सुकडी असाडी, ग्राम पंचायत घटियाजस्सा के ग्राम सामाकोटा, खेडाखजुरिया का निरीक्षण शुक्रवार 6 जनवरी को किया गया। ग्राम पंचायत लोटियाजुनार्दा के प्रगतिरत नवीन आंगनवाडी भवन का निरीक्षण कर कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। म.प्र जल निगम वाटर ट्रीटमेंट फिल्टर प्लांट स्कीम अर्निया बहादुर ग्राम सुकडी, ग्राम पंचायत असाडी में प्रगतिरत पंचायत भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत घटियाजस्सा के ग्राम समाकोटा में डेम का निरीक्षण एवं ग्राम पंचायत खेडाखजुरिया में शासकीय विद्यालय, आंगनवाडी भवन का निरीक्षण कर आवश?यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## आई टी आई खंडवा में रोजगार मेला सम्पन्न

**खंडवा ।** शासकीय आई टी आई खंडवा में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस रोजगार मेले में ३ कंपनियों ने भाग लिया।

### किताबों से निकलकर प्रयोगशाला तक पहुँचा ज्ञान

## विद्यार्थियों को जेएनयू में मिली विज्ञान की विशेष प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



बायोनैनोटेक्नोलॉजी से सुलझेंगी समाज की जटिल समस्याएँ, विशेषज्ञों ने सिखाया जीन-संपादन और लक्षित दवा वितरण का हुनर भविष्य की क्रांतिकारी तकनीक 'बायोनैनोटेक्नोलॉजी' अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गई है। मण्डलेश्वर के विद्यार्थियों ने इस अत्याधुनिक विज्ञान का व्यावहारिक उपयोग कर समाज की जटिल समस्याओं को सुलझाने का संकल्प लिया है। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के '३य नैनो, इन्क्यूबेशन सेल' में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला में सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के विद्यार्थियों ने नैनो-जैव प्रौद्योगिकी की गूढ़ बातें न केवल समझीं, बल्कि उनका जीवंत अनुभव भी प्राप्त किया।प्रयोगशाला में खुद तैयार किए नैनो कण

कार्यशाला के दौरान संस्थापक डॉ. प्रतिमा सोलंकी ने बताया कि यह विज्ञान कृषि सुधार, पर्यावरण संरक्षण और संवेदन तकनीक (सेंसिंग टेक्नोलॉजी) में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने आधुनिक युग की सबसे चर्चित जीन-संपादन तकनीक 'सीआरआईएसपीआर-कैस९' पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए सबसे रोमांचक क्षण वह था जब उन्होंने प्रयोगशाला में स्वयं 'कार्बन डॉट्स' का संश्लेषण किया और धात्विक नैनोकणों (मेटालिक नैनोपार्टिकल्स) का निर्माण कर उनके जैविक उपयोगों का सफल परीक्षण किया। भविष्य की चुनौतियों का समाधान विशेषज्ञों के अनुसार, नैनो तकनीक आने वाले समय में जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक बदलाव लाएगी। इसके माध्यम से शरीर के प्रभावित हिस्से तक सीधे दवा पहुँचाना (लक्षित दवा वितरण), बीजों की गुणवत्ता सुधारना और प्रदूषण मुक्ति जैसे कार्य अत्यंत सरल हो जाएंगे। सहायक प्रोफेसर डॉ. विनर्स दवाने ने बताया कि नैनोमीटर पैमाने पर यह विज्ञान भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सबसे सटीक समाधान है।ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला वैश्विक मंच कॉलेज के प्रबंध निदेशक बी.एम. पाटीदार एवं शैक्षणिक निदेशक संजय गर्ग ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उनका कहना था कि जेएनयू जैसे विश्वस्तरीय संस्थान में प्राप्त यह अनुभव ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करेगा। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के करियर के लिए नए द्वार खोलेगी।

## शिव ठाकुर हुए सेवानिवृत,स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

**बाग।** जनपद पंचायत बाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर रहे शिव प्रहलाद ठाकुर का आज विधिवत रूप से विदाई समारोह का कार्यक्रम जनपद परिसर बाग में हुआ 3 फरवरी सेवाकाल पूरा होने पर उनका जनपद पंचायत सीईओ सहित समस्त स्टाफ ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी अपने विदाई के दौरान शिव ठाकुर भावुक हुए रुंधे गले से सभी का किया धन्यवाद स्टाफ द्वारा शाल श्रीफल एवं साफा बांध कर किया स्वागत कार्यक्रम में बाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता अलावा सहित जनपद स्टाफ उपस्थित रहा उक्त जानकारी बड़े पुत्र आशीष ( आशु ) ठाकुर द्वारा दी गई। जनपद पंचायत बाग में शिव बाबा के नाम से फेमस शिव ठाकुर बड़ी ईमानदारी से अपने कार्य को अंजाम देते रहै उन्हें उनके व्यवहार से हर कोई जानता था , अपने कार्यालय के कामों के अलावा किसी के भी कार्य के लिए इनके मुख से इन्कार नहीं निकलता था अपने प्रयास से उस काम को अंजाम तक पहुंचा कर ही रहते थै । बड़े ही शालिनता से वहां आए हुए हितग्राही हो या अन्य कोई भी उसे सरल स्वभाव से जवाब देते थे । अपने कार्य के प्रति हमेशा समर्पित रहे शिव बाबा । यही इनका सरल स्वभाव सबके मन को जीत लेता था सभी ने उनके इस सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## नेपा मिल के लिए सांसद की बड़ी पहल, केंद्रीय मंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल

**बुरहानपुर।** नेपा मिल से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मिल की उत्पादन प्रक्रिया प्रारंभ करने और अधिकारियों व कर्मचारियों से जुड़े अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों के निराकरण के लिए अनुरोध किया गया। सांसद पाटील ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि नेपानगर स्थित नेपालिमिटेड, जिसे "कागज की काशी" के उपमा से अलंकृत किया गया है, एशिया का सबसे बड़ा और भारत का पहला अखबारी कागज का कारखाना है। यह कारखाना भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जिस पर लगभग 140 गांवों की अर्थव्यवस्था निर्भर है। सांसद ने बताया कि विगत 14 माह से अधिकारियों और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने 29 वर्षों से लंबित 2007और 2017 के वेतनमान को लागू करने की मांग की।

## तीर्थ दर्शन योजना से अयोध्या तीर्थ स्थान की नवीन यात्रा का कार्यकम

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत जिला उज्जैन से अयोध्या तीर्थ स्थान की यात्रा के इच्छुक 779 पात्र श्रद्धालुओं जिनके द्वारा पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो, अपने निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंतिम तिथि 7 फरवरी तक संबंधित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत में जमा करा सकेंगे। यात्रा का प्रारंभ 10 फरवरी को होगा और यात्रा वापसी 13 फरवरी को होगी। लॉटरी के माध्यम से 8 फरवरी को 12 बजे श्रद्धालुओं का चयन किया जाएगा। जिन व्यक्तियों द्वारा पूर्व में आवेदन किये हो और उनके द्वारा यात्रा का लाभ नहीं लिया हो, उनके द्वारा सप्रमाण सादे कागज पर इस यात्रा में जाने की सहमति संबंधित नगरीय/ग्रामीण निकाय में देने पर उनके आवेदन पत्र को इस यात्रा के लिए मान्य किया जाएगा।

## शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज के कर्मचारियों का उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान

**उज्जैन।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा संचालित " मिशन कर्मयोगी भारत" के अंतर्गत जुलाई-2025 से जनवरी-2026 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा विभाग में संपूर्ण म.प्र. में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने के लिए, उज्जैन पॉलिटेकनिक महाविद्यालय की श्रीमती रेखा खापरे, श्री पी. मधु एवं श्री अनिल टिटारे को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने तीनों कर्मचारियों को बधाई दी।

## कॉलेज स्तर पर मानव अधिकार विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है - आरती राजपूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



भारतीय समाज में मां अपनी बेटी को घर के सारे कार्य सिखा देती है।उसके बाद भी स्कूल कॉलेज में होम साइंस को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।होम साइंस के साथ जब स्कूल कॉलेज में बच्चों को मानव अधिकार एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा तो इस देश की उन्नति में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा लोग अपने अधिकारो को लेकर जागरूक होंगे तब लोगो के मानव अधिकारों का हनन बंद होगा और एक सुसभ्य संस्कृत और सम्पन्न समाज का निर्माण होगा जिससे हम विकसित भारत का लक्ष जल्दी प्राप्त कर लेंगे।

भारत में मानव अधिकार पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए यह कार्य पंजाब विश्वविद्यालय ने शुरू कर दिया है अब दूसरे राज्यों को इसका अनुसरण करना चाहिए।यह प्रेरक उदगार मानव अधिकार परिषद (भारत) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति आरती राजपूत ने उमिया कन्या महाविद्यालय मंडलेश्वर में मानव अधिकार पर आयोजित व्याख्यान में कही।आपने महिलाओं का आव्हान किया कि वे अपने अधिकारो के प्रति सचेत रहे कानूनी जानकारी ले और अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करे तभी आप अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ सकते है।परिषद के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में मध्य प्रदेश में परिषद के उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी प्रदेश सचिव गोविन्द सिंह कुशवाह ने प्रदेश संगठन की जानकारी दी।आपने नारी के सम्मान में कहा कि। नारी पहले भी भारी थी ,

**नारी आज भी भारी है। पुरुष पहले भी आभारी था,**

पुरुष आज भी आभारी है। विशेष अतिथियों में परिषद के मंदसौर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुजर रतलाम जिलाध्यक्ष मनोज कटारिया एवं वरिष्ठ लेखक दुर्गेश राजदीप शामिल रहे।संस्था के प्राचार्य डॉ शिवेन्द्र शर्मा प्रो विष्णु पाटीदार प्रो शीतल पाटीदार प्रो अनिता विष्णु पाटीदार प्रो मीनू कुशवाह एवं अजय पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया आभार प्रो विष्णु पाटीदार ने माना संचालन प्रो कीर्ति मकवाने ने किया।इस अवसर पर प्रो माया पाटीदार, प्रो राधा पाटीदार प्रो आरती शर्मा प्रो अर्पिता कौशल सहित छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।

## बच्चों के मोबाइल उपयोग को लेकर कानून बनाना जरूरी है-विश्वदीप मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सनमोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्सव पूर्वक भाग लेकर पुरस्कार अर्जित किए। कार्यक्रम में विजेताओं और प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार विश्वदीप मिश्रा और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन एन एस निरंकारी ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विश्वदीप मिश्रा ने कहा कि मोबाइल गेम मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है। इसके ज्यादा उपयोग से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब होकर वह तनाव का शिकार हो रहे हैं। मोबाइल की लत जानलेवा तक बन सकती है। बच्चों को मोबाइल से दूर ही रहना चाहिए। हमारे यहां भी बच्चों द्वारा मोबाइल के उपयोग को लेकर अब कानून बनाना अनिवार्य हो गया है। विशेष अतिथि निरंकारी ने कहा कि अब परीक्षा का दौर प्रारंभ होने जा रहा है विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना चाहिए। समय का संयोजन और अनुशासन से मंजिल को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में नृत्य, नाटक सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चेयर रेस में शर्मिला मौर्य, चम्मच रेस में संदीप जर्मन, 100 मीटर दौड़ में युवराज मुवेल, इन आउट में विनय जमरा, 50 मीटर दौड़ में रोशन मुजाल्दा, कबड्डी में कप्तान यशराज डाबर की टीम, क्रिकेट में कप्तान रोहित चौहान की टीम, खो-खो में कप्तान सुनीता चौहान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन रिंकेश पाटीदार ने किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक मुले और आभार राहुल इसके ने माना। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की आकांक्षा सिंह, शिक्षिका रचना निगम, काली बर्मन, पुष्पा मौर्य आदि उपस्थित थे।

## 12 फरवरी को कुकरा बसाहट में गांधीजी की समाधि स्थल पर लगेगा सर्वोदय मेला

**बड़वानी ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गाँधी श्राद्ध दिवस पर सर्वोदय मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी द्वारा सर्वोदय मेले का आयोजन हेतु संबंधित विभागों से निम्नानुसार व्यवस्था करावेंगे- सामूहिक सफाई, प्रभात फेरी, प्रबुद्धजनों द्वारा गाँधी विचार पर संबोधन, सर्वधर्म प्रार्थना और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन पूर्व वर्षों की भांति सहभागिता के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। नगर पालिका अधिकारी बड़वानी के द्वारा समाधि स्थल की सफाई, रंग रोगन, सजावट, टेंट एवं साउंड के साथ ही स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

## शिक्षा के बीना जीवन अधूरा है इसलिए मन लगाकर पड़े-पत्रकार भारती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग





नगर की आजाद पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से मना पत्रकार शहजाद खान भारती का जन्मदिन। नगर पत्रकार संघ के का,अध्यक्ष शहजाद खान भारती ने अपना जन्मदिन इस बार आदिवासी समाज के बच्चों के साथ आजाद पब्लिक स्कुल में बड़े ही धूमधाम और उत्साह उमंग के साथ मनाया आजाद पब्लिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों के बीच अपना केक काटा सभी बच्चों ने एक सुर में हैप्पी बर्थडे बोलते हुए ताली बजाई और खान भारती को जन्मदिन की बधाई देकर हाथ मिलाए इस दौरान स्कूल के बच्चों का उत्साह और भी चरम पर था । जहां बच्चों को स्वल्पाहार करवाया गया ।

स्कूल की संचालक मनीषा मैम ने भी बधाई देते हुए स्कूल में आ रही परेशानियो से अवगत करवाया । वहीं बच्चों ने भी बताया सर स्कूल तक आने का रास्ता खराब हे आने जाने में बड़ी परेशानी आती है और खिसकर बारिश के समय मैं । वेसे देखा जाए तो निजी संस्था संचालित हो रही है जिसमें करीब 100 बच्चों का यह आश्रम है जहां संचालक और टीचरों की अच्छी मेहनत से बच्चों की बहुत ही गुणवत्तापुर्ण पढ़ाई के साथ टेलेंट भी बहुत भरा है । जहां की संचालक मनीषा मेम ने बताया की शिक्षा एक सेवा है और हम बच्चों की सेवा कर रहे हे हमें दुसरा कोई लाभ नहीं मिलता अगर थोड़ा भी शासन का कुछ सहारा मील जाए तो ओर भी अच्छा हम कर सकते हैं । जिसके लिए हमारे द्वारा आगे भी लिखकर दिया हे । कुछ हो जाए तो इन बच्चों का भला हो जाएगा गरीब परिवार के बच्चे हैं । आगे जाकर इनका भविष्य अच्छा बनेगा तो याद तो करेंगे । वहीं पत्रकार खान भारती ने बच्चों को अपनी शिक्षा के प्रति समझाते हुए कहा की शिक्षा भी हमारे जीवन का विभिन्न अंग है ।

## परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रधानमंत्री के विद्यार्थियों से चर्चा का लाईव प्रसारण

### सभी उपस्थित जनों ने छात्र-छात्राओं परीक्षा की दी अग्रिम शुभकामनाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा





छात्र-छात्राओं की परीक्षा के पूर्व शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा 2026 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर चर्चा का प्रसारण प्रातः 10 बजे हुआ। पूरे देश भर के स्कूलों में प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। जिला मुख्यालय खंडवा में भी शिक्षा विभाग द्वारा मोतीलाल नेहरू स्कूल में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों ओर शिक्षकों द्वारा देखा गया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक खंडवा श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने विद्यार्थियों को कहां की अच्छे नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा की आवश्यकता होती है मन लगाकर पढ़ाई करें और परीक्षा के समय ध्यान पूर्वक सभी प्रश्नों के उत्तर हम देंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी, असफलता से घबराने की आवश्यकता नहीं है, हमें पुनः प्रयास करना चाहिए, अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करके लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित महापौर अमृता अमर यादव ने विद्यार्थियों को कहां की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है हमें निरंतर अध्यापन करते रहना चाहिए यह नहीं कि हम सिर्फ परीक्षा के समय पढ़ाई करें। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत खंडवा के अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े ने भी विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षा के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। क्षेत्र की पार्षद श्रीमती वर्षा ललवानी ने भी सभी छात्र-छात्राओं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी पीएस परीक्षा के समय से पूर्व पहुंचे और एकाग्रता के साथ जो प्रश्न के उत्तर हमें याद है उन्हें पहले पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हमें समय प्रबंधन करते हुए पढ़ाई करना चाहिए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सोलंकी ने स्वागत उद्बोधन के साथ विद्यार्थियों को किस तरह से परीक्षा की तैयारी करना चाहिए इस पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया और आभार श्रीमती संगीता सोनवने द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षाविद क आनंद जैन ने विद्यार्थियों को संबोधन का सारांश बताया एवं परीक्षा पर चर्चा विषय पर लिखे गए आलेख का विद्यार्थियों से वाचन करवाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे महापौर अमृता अमर यादव विधायक के साथ ही भावेश बिल्लोरे, संदेश गुप्ता, समाजसेवी सुनील जैन,संस्था प्राचार्य रुबिया अली विकास खंड शिक्षा अधिकारी खंडवा श्रीमती कविता वर्मा , पी डी डोंगरे, आनंद कुमार जैन सहित स्कूल की विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे।

## खास न्यूज

### पोते को बचाने आई दादी पर 2 युवकों ने किया हमला

**उज्जैन।** खंडेलवाल नगर में रहने वाले यश भावसार का आटो चलाने वाले से विवाद हो गया था। आटो चालक ने यश के खिलाफ पुलिस को शिकायत भी दर्ज कराई थी। एक माह बाद गुरूवार-शुक्रवार रात आटो चालक अपने भाई के साथ खंडेलवाल नगर पहुंचा और यश को आवाज लगाकर घर से बाहर बुलाया। यश के बाहर आते ही चालक और उसके भाई ने मारपीट शुरू कर दी। यश के साथ मारपीट होती देख दादी विष्णुकांता पति प्रेमनारायण भावसार 65 साल बीच-बचाव करने आई तो यश के साथ मारपीट करने वाले दोनों युवकों ने विष्णुकांता के साथ भी मारपीट की, जिसमें वह गंभीर घायल हो गई। घायल बुजुर्ग महिला को परिवार के लोगों ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल बुजुर्ग के बयान दर्जकर मामले में जांच शुरू की है। मारपीट करने वाले भाईयों में एक नाम मनीष सामने आया है।

### बिरलाग्राम-खाचरौद में लूट करने वाले का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम लसुडिया खेमा औ वाचाखेडी के बीच बुधवार को दिनदहाडे समूह लोन से जुडे कर्मचारी के साथ बाइक सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर 52 हजार रूपये लूट लिये थे। वहीं रात में बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवानिया और खुरमंडी के बीच बाइक पर ही सवार 3 बदमाशों ने पुत्र और मां पर चाकू से हमला कर चांदी के आभूषण लूट लिये थे। 2 थानों के बीच हुई लूट की संगीन वारदातों के बाद 2 थानों की पुलिस बदमाशों की तलाश में निकल पडी थी। आशंका जताई गई कि दोनों वारदात में एक ही गैंग के बदमाश शामिल है। पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले तो खाचरौद में हुई वारदात के बदमाश बदनावर मार्ग तक भागते दिखाई दिये। बिरलाग्राम क्षेत्र में रात के समय हुई वारदात के चलते स्पष्ट फुटेज सामने नहीं आ सके, ना ही रूट ट्रेस हो सका। पुलिस की अलग-अलग टीम बदमाशों की तलाश में लगी हुई है, शुक्रवार शाम तक बदमाशों की ना तो पहचान हो पाई थी, ना ही सुराग मिल पाया था।

### कचरा फेंकने के विवाद में युवती के साथ मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम झाझाखेडी में रहने वाली रीतू पिता गंगाराम मालवीय 22 साल को नागदा अस्पताल से गुरूवार रात घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया। रीतू के सिर में चोंट लगी थी। परिजनों ने बताया कि घर के पास में खाली प्लाट प?ा हुआ है। आसपास के लोग वहां कचरा फेंकते है। रात में रीतू ने भी कचरा डाला था, उसी दौरान अम्बराम और जीवन ने विवाद किया और लाठियों से रीते पर हमला कर दिया। भाई ओमप्रकाश बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की। दोनों का कहना था कि प्लाट हमारा है। रीतू को गंभीर चोंट लगने पर नागदा से उजजैन रैफर किया गया है। मामले में नागदा थाना पुलिस ने रीतू के पिता गंगाराम की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### सास-पत्नी ने न्यायालय परिसर में मारपीट कर दी धमकी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र के प्रतापनगर में रहने वाला धीरज पिता दिनेशचंद्र 24 साल शुक्रवार को तराना न्यायालय गया था। जहां उसकी पत्नी पूजा से पारिवारिक विवाद का मामला चल रहा है। दोपहर में पत्नी पूजा अपनी मां कमलाबाई निवासी ग्राम बंजारी तराना के साथ न्यायालय परिसर आई थी। जहां धीरज ने मामले में राजीनामा करने की बात कहीं तो पत्नी और उसकी मां ने विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी बढने पर पत्नी और सास ने धीरज के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय परिसर में विवाद की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची। धीरज की शिकायत पर पत्नी और सास के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

### हत्या के आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**उज्जैन।** शासकीय विद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य रमाशंकर शर्मा 85 साल निवासी पिपलीबाजार भैरवगढ़ की बुधवार दोपहर चौधरी मोहल्ला में रहने वाले मोहन तंवर ने लाठी से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर उससे हत्या में प्रयुक्त लाठी बरामद की थी। पूछताछ में आरोपी का कहना था कि वृद्ध उसकी गली से निकलते समय घर के सामने थूकता था। उसे कई बार मना किया था, बुधवार को उसे देख गुस्सा आ गया था। आरोपी के गिरफ्त में आने बाद कहा जा रहा था कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। लेकिन पूछताछ में ऐसा कुछ सामने नहीं आया। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| कल्याण नाइट | 127-0 | 237-2 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |
| मधुर डे | 379-9 | 445 -3 |
| मधुर नाइट | 477-8 | 557-7 |
| शुभांक | 1 8 | 0 |

## आमजन की समस्या भी सुन रही बड़नगर थाने की 10 टीम

# मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर 40 गांवों में पहुंची पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आभूषणों के दामों में बेतहाशा तेजी और पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में हुई चोरी के मामलों में पुलिस अब मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखाई दे रही है। बड़नगर थाना पुलिस की 10 टीमों ने चार से पांच दिनों में 40 गांवों के मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुजारियों, समिति सदस्यों से चर्चा की।

बडनगर एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार और थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि इंगोरिया के दंगवाडा और घट्टिया थाना क्षेत्र के नजरपुर में 2 मंदिरों से पिछले दिनों बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषणों और दानपेटी से राशि चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिले में हुई वारदातों के साथ ही आसपास के जिलों में भी मंदिरों से आभूषण चोरी की खबरे सामने आई है। इन दिनों सोने-चांदी के भाव में काफी तेजी बनी हुई है। बदमाशों ने मंदिरों का रूख कर वहां भगवान की प्रतिमा से आभूषण, छत्र चोरी करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में मंदिरों की सुरक्षा-व्यवस्था का पुख्ता करने के निर्देश जारी किये है। इस क्रम में बडनगर थाना पुलिस की 10 टीम बनाई गई है। जो चार से पांच दिनों में तहसील के 40 गांवों में बने मंदिरों तक पहुंची और पुजारियों के साथ मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा कर सुरक्षा की दृष्टि से रात में प्रतिमाओं पर आभूषण नहीं रखने की बात कहीं। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, चौकीदारों की नियुक्ति के निर्देश भी दिये। तहसील के हर छोटे-बडे मंदिर के पुजारियों से चर्चा की जा रही है।





### 90 बदमाशों से भरवाया बाउंड ओवर

थाना प्रभारी के अनुसार आगामी दिनों में महाशिवरात्री, होली पर्व के साथ रमजान पर्व मनाया जाना है। त्यौहारों के समय हुडदंग ना हो इसको लेकर भी गुंडे-बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है।

पांच से छह दिनों में 90 बदमाशों, आरोपियों को चिन्हित कर उनसे बाउंड ओवर भरवाये गये और हिदायत दी गई है। सुरक्षा के साथ कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

### ग्रामीणों की समस्या भी सुन रही पुलिस

थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिये पहुंची रही पुलिस की टीम ग्रामीणों की समस्या सुन रही है। इस दौरान ग्रामीण का कहना है कि पुलिस क्षेत्रों में लगतार भ्रमण करती रहे। शाम ढलने के बाद शराब पीने वाले आने-जाने वाले लोगों से बेवजह झगडा कर मारपीट करते है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

ऐसे शराबियों की शिकायत करने से कई लोग डरते है, पुलिस अपनी ओर से ऐसे लोगों पर संज्ञान ले। ग्रामीणों की समस्या सामने आने पर पुलिस ने कस्बे के 10 मोहल्लों में जागरूक नागरिकों की मीटिंग आयोजित कर पुलिस का सहयोग करने की बात कहीं है।

# बिना नंबर की बाइक पर छुपाकर लाया था शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




रात में बिना नम्बर की बाइक पर झोले में शराब छुपाकर ला रहे युवक पुलिस की घेराबंदी कर पकडा। उसके पास से हजारों की देशी-विदेशी शराब बरामद की गई है। पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

नानाखेडा थाना पुलिस को गुरूवार रात खबर मिली थी कि देवास-बदनावर बायपास मार्ग पर राघौपिपलिया सोसायटी के पास लाल रंग की शर्ट, खाकी जैकेट और नीली पेंट पहने युवक बिना नम्बर की बाइक से अवैध शराब ठिकाने लगाने के लिये आ रहा है। खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की, सोसायटी के पास से बजाज फ्रीडम बाइक से एक युवक आता दिखाई दिया। जिसके पास 2 झोले थे। पुलिस ने उसे पकडने का प्रयास किया, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर उसे रोक लिया और झोलों की तलाशी ली। एक में देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। दूसरे में अंग्रेजी शराब की बोतल थी। थाने लाकर विवेचना शुरू की गई तो देशी शराब के 150 क्वार्टर कीमत 13 हजार 500 और अंग्रेजी शराब की 36 बोतल कीमत 27 हजार की होना सामने आई। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आया आरोपी देसाईनगर का रहने वाला हर्ष पिता हेमंत गेहलोत है। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कबूल किया कि शराब इंदौर से लेकर आया है और गेस्ट हाऊस पर काम करता है। जहां आने वाले लोगों को शराब बेचने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस इस बात का पता लगा रही है उसे अवैध शराब कहां से और किसने उपलब्ध कराई है। विदित हो कि शहर में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद से लगातार अवैध शराब इंदौर-देवास के रास्ते से उज्जैन आना सामने आ रहा है। पूर्व में नानाखेडा, नरवर, नागझिरी, पंवासा, नीलगंगा थाना पुलिस इंदौर-देवास के रास्ते शराब लाने वालों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# सात माह बाद धोखाधडी में फरार इनामी आरोपी पकडाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



धोखाधडी गिरोह में शामिल आरोपी सात माह से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार फरार इनामी आरोपी गिरफ्त में आ गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि 1 जुलाई 2025 को ग्राम भीलखेडा में रहने वाले रवि मालावत की जेसीबी शाहरूख पिता अयुब शाह निवासी तंजीम नगर इंदौर ने किराये पर ली थी। उसने किराया ना देकर उक्त जेसीबी को अपने साथियों की मदद से महाराष्ट्र के धूलिया में बेच दिया था। रवि मालावत की शिकायत पर प्रकरण दर्ज करने के बाद धूलिया से जेसीबी को जप्त कर धोखाधडी में शामिल इब्राहीम खान निवासी धुलिया महाराष्ट्र, रईस खान निवासी मोहल्ला नई दिल्ली उन्हेल और नईम खान निवासी आजाद नगर इंदौर को गिरफ्तार किया था। धोखाधडी का मुख्य आरोपी शाहरूख फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। गुरूवार-शुक्रवार रात क्राइम ब्रांच टीम के साथ पानबिहार चौकी पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। सात माह बाद गिरफ्त में आये आरोपी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

### देवासगेट-महाकाल थाने के आरोपी भी गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा लगातार फरार इनामी आरोपी की धरपकड का अभियान थाना पुलिस के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। इसी अभियान में देवासगेट थाना क्षेत्र में पिछले साल हुई चाकूबाजी की घटना में फरार इनामी आरोपी अंसार उर्फ बिल्ली पिता मलंग शाह निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, बेगमबाग और महाकाल थाना क्षेत्र के अपराध में 2 साल से फरार इनामी आरोपी पार्थ पिता जितेन्द्र यादव निवासी खंदार मोहल्ला को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित था। क्राइम टीम ने स्थाई वारंटी अमजद पिता सरदार खान निवासी आगरनाका मित्र नगर को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं धीरेन्द्र शाह पिता धनजी भाई जाति जैन निवासी शुजालपुर मंडी जिला शाजापुर म.प्र. 465333 का निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र के आधार कॉर्ड में उसका नाम (नव्य शाह Navya Shah) दर्ज हो गया था, जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों आदि में मेरे पुत्र का नाम नक्ष शाह (Naksh Shah) नाम दर्ज है, जो कि सही है अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र के आधारकॉर्ड व सभी दस्तावेजों में उसका सही व वास्तविक नाम नक्ष शाह (Naksh Shah) दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम-नव्य शाह (Navya Shah)**
**नया नाम-नक्ष शाह (Naksh Shah)**



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं धीरेन्द्र शाह पिता धनजी भाई जाति जैन निवासी शुजालपुर मंडी जिला शाजापुर म.प्र. 465333 का निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र के आधार कॉर्ड में उसका नाम (नव्य शाह Navya Shah) दर्ज हो गया था, जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों आदि में मेरे पुत्र का नाम नक्ष शाह (Naksh Shah) नाम दर्ज है, जो कि सही है अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र के आधारकॉर्ड व सभी दस्तावेजों में उसका सही व वास्तविक नाम नक्ष शाह (Naksh Shah) दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम-नव्य शाह (Navya Shah)**
**नया नाम-नक्ष शाह (Naksh Shah)**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जगदीश जायसवाल पिता स्व. छगनलाल जायसवाल, निवासी ग्राम आकासोदा तह. व जिला उज्जैन हा.मु. एल.आई.जी. 114 महाशक्तिनगर उज्जैन मो.नं. 9797265757 के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक कृषि जिसका सर्वे नं. 568/1414, 568/1414, 278/1414 भूमि स्थित जिस भूमि के भाग की युनिक आई.डी. 2500694541 813 FHCD8KT 79 H 0 है जिसका कुल क्षेत्रफल 1.4140 हे. है। उक्त कृषि भूमि पुश्तैनी होकर मेरे पक्षकार के स्वर्गीय पिता छगनलाल की मृत्यु के पश्चात वारिसानो के रूप में प्राप्त होकर जिस पर राजूबाई पिता छगनलाल, जगदीश पिता छगनलाल, गीताबाई पिता छगनलाल आदि के नाम से इंद्राज है। उक्त खाते में से राजूबाई पिता छगनलाल भूमि का अंश 568/1414 एवं गीताबाई पिता छगनलाल 278/1414 अपना हिस्सा विक्रय कर दिया है तथा शेष हिस्से 568/1414 पर मेरा पक्षकार काबिज है। शेष कृषि भूमि मेरे पक्षकार के स्व. पिताजी की पुश्तेनी होकर मेरे पिताजी से प्राप्त हुई है और उक्त भूमि का मेरा पक्षकार स्वामी व मालिक है मेरे पक्षकार के अतिरिक्त उक्त कृषि भूमि का कोई स्वामी नही है। यदि भविष्य में कोई भी रिश्तेदार व अन्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उक्त कृषि भूमि का विक्रय या हस्तांतरण करे या कोई ऋण ले तो मेरे पक्षकार की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी वह व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा। क्योंकि मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि का एकमात्र स्वामी व आधिपत्यधारी है तथा सम्पूर्ण वैधानिक अधिकार मेरे पक्षकार को प्राप्त है। सूचित हो।

दिनांक 06/02/2026

**शाहिद सिद्दीकी एडवोकेट,**
**कार्यालय 9/3. तोपखाना महाकाल रोड़ उज्जैन**
**मो.नं. 9977034355**



### जाहिर सूचना का प्रतिवाद ( आपत्ति )

देनिक अवंतिका में दिनांक 07/02/2026 को प्रकाशित श्री पंडित राजेश जोशी हाईकोर्ट उज्जैन पता-10 बहादुर गंज उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने गुमनाम पक्षकार की ओर से भवन क्र-10 म्यु. क्रमांक- 267 लक्ष्मी नगर कॉलोनी उज्जैन जिसकी पैमाईश 50 फीट लम्बा और 20 फीट चौडा पूर्व दिशा में गली और 10 फीट पश्चिम पर रास्ता उत्तर में रास्ता दक्षिण में भवन क्रमांक-09 राजेन्द्र सिंह देवडा का उक्त भवन बाबत श्रीमती भगवती पुरोहित पति स्व. पुरुषोत्तम पुरोहित निवासी-26, अजय बाग कॉलोनी उषाखेडी इंदौर से क्रय करने का अनुबंध बाबत जाहिर सूचना प्रकाशित की है उसका प्रतिवाद मेरी पक्षकार श्रीमती कैलाश कुवंर देवडा पति श्री राजेंद्र सिंह जी देवडा निवासी-09, लक्ष्मी नगर उज्जैन के निर्देशानुसार किया जाता है। यह कि, उक्त जाहिर सूचना में वर्णित भवन क्रमाक-10 म्यु. क्रमांक-267 लक्ष्मी नगर कॉलोनी उज्जैन के स्वामी एवं आधिपत्यधारी मेरे पक्षकार श्रीमती कैलाश कुंवर देवडा है उक्त भवन 01 मंजिल बना हुआ है। उक्त भवन मेरे पक्षकार को स्व. गौरीशंकर पुरोहित पिता स्व. ओंकारप्रसाद पुरोहित से वसीयत के द्वारा प्राप्त हुआ है जो कि उक्त भवन के स्वामी थे मेरी पक्षकार गत 33 वर्ष से उक्त भवन की कब्जेदार होकर स्वामी है एवं भवन का उपयोग एवं उपभोग कर रही हैं श्रीमती भगवती पुरोहित पति स्व. पुरूषोत्तम पुरोहित का उक्त भवन पर कभी भी आधिपत्य नहीं रहा और ना ही स्वत हैं। श्रीमती भगवती पुरोहित को उक्त भवन को किसी भी प्रकार से अंतरित या हस्तांतरित करने का अधिकार प्राप्त नहीं है इस जाहिर सूचना के प्रतिवाद के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन को कोई भी क्रय नहीं करें इस प्रतिवाद के उपरांत भी उक्त वर्णित भवन क्रय किया तो उक्त विक्रय पत्र मेरे पक्षकार एवं भवन के मुकाबले शून्य माना जायेगा यह पूर्व में दिनांक 16/01/2014 को भी खण्डित किया गया है तथा वर्ष 2020 में भी दोबारा और कई बार खण्डित किया गया है। दिनांक 15/01/2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना असत्य तथ्यों के आधार पर प्रकाशित की गई है। इति दिनांक 07/02/2026 स्थान-उज्जैन

**श्री पंडित राजेश जोशी हाईकोर्ट**
**उज्जैन कार्यालय-10 बहादुर गंज उज्जैन म.प्र.**
**मों-9827451110**




### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड शाखा 37 द्वितीय मंजिल घटकरपर मार्ग उज्जैन ट्रेड सेंटर बीजेपी लोकशती ऑफिस के पीछे फ्रीगंज उज्जैन ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 72/1 स्थित वार्ड न. 09 (जमालपुरा में क्षिप्रा मार्ग से अंदर) नगर पालिका परिषद महिदपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 48.32 वर्गमीटर है। तथा उक्त संपत्ति की चर्तुसीमा पूर्व मे - भवन रतनलालजी का, पश्चिम मे - आम रास्ता, उत्तर मे- भवन गोपीलाल जी का, दक्षिण में - भंवरलालजी का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति पर नागुलाल पिता कचरू का नाम दर्ज चला आ रहा था तथा नागुलाल का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उनके पुत्र भेरूलाल पिता नागु ने अपने नाम का नामांतरण नगर पालिका परिषद महिदुपर जिला उज्जैन में दिनांक 16/12/2025 को अपना नाम दर्ज करवाया। एवं भेरूलाल ने उक्त संपत्ति पर सहस्वामीत्व पत्र क्रमांक MP17IGR18812025A101135356 दिनांक 11/12/2025 के माध्यम से लीलाबाई पति श्री भेरूलाल को सह स्वामी बनाया। एवं श्री भेरूलाल एवं लीलाबाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैध उत्तराधिकारी के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 06/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो 9301860352**

## अपने ही शरीर से गाफिल



जो कुछ इस धरती के साथ होता है, वही आपके साथ भी होता है, क्योंकि अपने भौतिक शरीर में आप इस धरती से अधिक कुछ नहीं हैं। आपका शरीर वही है, जो भोजन आप खाते हैं। आप जो भोजन खाते हैं, वह धरती ही तो है। आप इस धरती की छोटी सी लहराती फसल हैं। इस धरती पर जो होता है, वही आपके साथ भी होता है, बस एकदम सूक्ष्म रूप में। मैं कुछ वर्षों तक एक फार्म में रह रहा था। वहां पास के गांव में एक व्यक्ति था, जो ठीक से सुन नहीं पाता था। चूंकि वह बमुश्किल ही सुन पाता था, इसलिए लोगों की बातों का जवाब नहीं दे पाता था। ऐसे में, गांव वाले उसे मूर्ख समझते, उससे अलग-थलग रहते और उसका मजाक उड़ाते थे। मैंने उसे अपने फार्म पर नौकरी दे दी। वह एक अच्छा साथी था, क्योंकि मैं बातें करना पसंद नहीं करता और वह सुन नहीं पाता था, इसलिए बात भी नहीं करता था। इसलिए, कभी कोई समस्या ही नहीं हुई! तब बैलों से खेत जोते जाते थे। एक दिन सुबह चार बजे मैंने उसे हल-बैल तैयार करते देखा। मैंने ऊंची आवाज में उससे पूछा, क्या कर रहे हो? उसने कहा, मैं जुताई के लिए तैयार हो रहा हूं। मैंने पूछा, जुताई किसकी करोगे, बारिश तो हो नहीं रही?? उसने कहा, आज बारिश होने वाली है। मैंने ऊपर की तरफ देखा। आसमान साफ था। मैंने पूछा, कहां है बारिश? उसने कहा, स्वामी, आज बारिश होगी। उस दिन बारिश हुई।

मैं कई दिनों तक सोचता रहा कि जो कुछ वह व्यक्ति महसूस कर सका, वह मैं क्यों न कर सका? मैं अपने हाथों को अलग-अलग दिशा में घुमाकर नमी व तापमान का अंदाज लेने लगा, आसमान को पढ़ने की कोशिश करने लगा। मैंने मौसम संबंधी तमाम किताबें पढ़ीं, लेकिन मेरी समझ में कुछ भी नहीं आया। फिर मैंने अपने ही शरीर पर गौर किया। इसके बाद मैंने उस सबसे बड़ी भूल का पता लगाया, जो हममें से अधिकतर लोग करते हैं। हम धरती, जल, वायु और अग्नि जैसे तत्वों को जीवन की प्रक्रिया का जरूरी अंग मानने के बजाय वस्तु के रूप में देखते हैं। इन्हीं तत्वों से तो हमारा शरीर बना है। लगभग अठारह महीने तक कठोर प्रयास के बाद आखिरकार मैं समझ गया। अब अगर मैं कहता हूं कि बारिश होने वाली है, तो पंचानबे फीसदी बार बारिश होती है। यह कोई जादू नहीं है, बल्कि अपनी ही प्रणाली का, धरती का, उस हवा का, जिसे आप सांस में भरते हैं और उन सबका, जो आपके आस-पास है, गहराई से किया गया अवलोकन है। अगर आज बारिश होनी है, तो आपके शरीर में जरूर बदलाव होंगे। शहरों में रहने वाले ज्यादातर लोग इसका अनुभव नहीं कर पाते, लेकिन कई ग्रामीण लोगों को अनायास ही इसकी जानकारी हो जाती है।

**सम्पादकीय**

## दर्दनाक वाकया

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों का नौवीं मंजिल से कूदकर जान देने की घटना को महज आत्महत्या कहना हकीकत से आंखें मूंदने जैसा होगा। बारह, चौदह और सोलह की उम्र तो सपनों के पंख लगाकर उड़ने की होती है। उस उम्र में मौत को गले लगाना भला किसके गले उतर सकता है? दरअसल, हालात, स्थितियों और आभासी भावनाओं के झूठे संसार ने इन मासूमों को मौत की दर तक पहुंचाया। यह एक डिजिटल मर्डर है। इस खतरनाक गेम और इसे बच्चों तक परोसे जाने के जिम्मेदार लोगों के लिए कानून को नई दफाएं गढ़नी होंगी। यह दुखद हादसा खूनी डिजिटल एल्गोरिदम का परिणाम है, जो मोबाइल के जरिये हम सबके घरों में घुस आया है।

यह घटना कोरियन लव गेम की लत और उसके पीछे छिपे एल्गोरिदम की कारगुजारी है। यह डिजिटल एल्गोरिदम मासूमों के दिमाग को पूरी तरह से अपहृत कर लेता है और विवेक पर झूठी भावनाओं का पर्दा डाल देता है। इसे समझने के लिए इन बहनों के आठ पन्नों के सुसाइड नोट पर नजर डाल देखिए। यह जीवन से हताश किसी नासमझ बच्ची का सुसाइड लेटर नहीं है, बल्कि डिजिटल दुनिया के खिलाफ एक आरोप पत्र है। मम्मी-पापा सॉरी... गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। यह वाक्य साबित करता है कि ये किशोरियां किसी मानसिक रोग की गिरफ्त में नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी प्रोग्रामिंग का शिकार थीं, जिसे बनाया ही लत लगाने के लिए गया है। टास्क-बेस्ड गेम्स इनको खेलने वाले बच्चों के दिमाग में डोपामाइन का ऐसा स्तर पैदा करते हैं कि उन्हें वास्तविक दुनिया बेमानी और डिजिटल खेल की चुनौतियां ही जीवन का एकमात्र सत्य लगने लगती हैं। जब कोई गेम बच्चों से स्कूल और किताबें छुड़वा दे, तो वह मनोरंजन नहीं करता, मानसिक गुलाम बनाता है। गाजियाबाद की घटना में जब पिता ने तीनों बेटियों को रोकने की कोशिश की, तो उनके लिए वह टोकना एक दुश्मन के वार जैसा था। यह उस गेम की प्रोग्रामिंग का हिस्सा है, जो खिलाड़ी को बाहरी दुनिया से काट देती है। यह सच है कि आज बिना मोबाइल के हम अपनी जिंदगी की कल्पना नहीं कर सकते, लेकिन हमें यह भी याद रखने की जरूरत है कि स्मार्टफोन उपयोगी होने के साथ-साथ एक साइलेंट किलर भी है। गाजियाबाद की घटना हर उस माता-पिता के लिए एक चेतावनी है, जो यह सोचकर निश्चिंत बैठे हैं कि उनका बच्चा कमरे में सुरक्षित मोबाइल चला रहा है।

### वैश्विक उथल-पुथल में संतुलन

# चुनौतियों का जवाब देने वाला बजट



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक महिला के रूप में और लगातार नौ बजट पेश करके रिकॉर्ड बनाया है। हमारे आपके लिए महत्वपूर्ण यह है कि उनके द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक और बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं , राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नए वैश्विक साझेदारी ,निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों को नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने तथा सबके साथ समाज के निचले तबके से लेकर हर समूह की चाहत के बीच सामंजस्य बिठाने की चुनौती है। आर्थिक सर्वेक्षण में साफ कहा गया था कि वैश्विक उथल-पुथल जल्दी समाप्त नहीं होने वाला इसलिए भारत को मैराथन एवं स्प्रिंट दोनों दौड़ लगाने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश कर यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार इन चुनौतियों और संकटों को अवसर में बदलने की दृष्टि से काम कर रही है। कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरुप शिक्षा, रोजगार के अवसर के साथ समाज के सभी समूह के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सहज हो तथा आवश्यक सेवाएं सहायक उपलब्ध हों।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्त्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दिया। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त साझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना। तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल- यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने भाषणों में व्यापक सुधारो का संकेत दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि हम 12 साल से आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रहे हैं और आर्थिक सुधार की गाड़ी सही रास्ते पर है, 350 से अधिक सुधार किए हैं और अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए इसकी गति बनाए रखनी पड़ेगी। उन्होंने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए सात क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा- रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चैंपियन एमएसएमई का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना को सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना। सात, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करनाङ्क। आप देखेंगे कि अपनी सैद्धांतिक आधारों और इन प्रक्रियाओं की दृष्टि से बजट में व्यवहारिक साहसिक और विजनरी घोषणायें हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अपने राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। घोषित लक्ष्यों के अनुरुप राजकोषीय घाटा 4.4% तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3% का लक्ष्य घोषित किया गया है। कर राजस्व में थोड़ी कमी है लेकिन ऐसी नहीं जिससे योजनाओं की दृष्टि से आवंटन में समस्याएं आयें। पूंजीगत खर्च जो मुख्ता आधारभूत संरचना पर खर्च होता है के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आवंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23% है। यूपीए सरकार में कभी भी पूंजीगत ब्याज 7 - 8% से ज्यादा नहीं गया। यहीं पर सरकार की विचारधारा नीति और दुर्गा में सोच स्पष्ट होता है कि आपका सबसे ज्यादा फोकस किस बात पर है। यानी भारत को हर क्षेत्र में कृषि से लेकर कुटीर उद्योग, ग्रामीण उद्योग, कपड़ा, हस्तकरघा, वाहन, यातायात, सूचना तकनीकङ्क. सभी क्षेत्र की आधारसंरचना इतनी सशक्त और विकास के अनुकूल बना दिया जाए कि आने वाले वर्षों तक इन पर आर्थिक गतिविधियां खिलखिलाती मुस्कुराती तेज गति से बढ़ती रहे।

कुछ और पहलुओं पर नजर दौड़ायें । विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है,क्योंकि जब हम यूरोपीय संघ और अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है। बजट में शिक्षा से रोजगार और उद्यमिता के नाम से एक स्थायी उच्चाधिकार समिति का गठन होगा जो सेवा क्षेत्र को विकसित भारत का मुख्य चालाक बनने के लिए आवश्यक उपायों की अनुशंसा करेगा। 2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। यह स्थायी समिति वृद्धि, रोजगार और निर्यात की संभावनाओं को अधिकतम करने वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी। आप सोचिए दुनिया भर का जो सेवा क्षेत्र है उसमें हमारा योगदान कम से कम एक दही हो इसकी दृष्टि से ही नहीं भारत दूसरे छात्रों में भी भारत और विश्व की आवश्यकताओं के अनुकूल कुशल कार्यबल तैयार करने का एक स्थायी ढांचा तैयार किया जा रहा है । उभरती तकनीकों, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का नौकरियों और स्किल पर प्रभाव आंकेगी और आवश्यक नीतिगत उपाय सुझाएगी। स्वास्थ्य पेशेवर बनाने वाले संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा जिसमें रेडियोलॉजी, एनेस्थीशिया जैसे क्षेत्रों पर फोकस होगा। अगले पांच वर्ष में एक लाख एएचपी जोड़े जाएंगे तो 1.5 लाख केयर गिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## त्राहिमाम! बैटरी सिर्फ 1 प्रति. है

आजकल के युवाओं के लिए 'मोक्ष' का मतलब निर्वाण प्राप्त करना नहीं, बल्कि कैफे में अपनी मेज के पास एक 'चार्जिंग पॉइंट' पा लेना है। एक जेन-जी युवा के लिए दुनिया तब नहीं रुकती जब युद्ध छिड़ जाए, बल्कि तब रुकती है जब उसके फोन का ऊपरी दायां कोना लाल होकर चीखने लगता है– बैटरी 1%। यह 1% उस परमाणु बम की तरह है जिसका रिमोट पता नहीं किसके हाथ में है।

जैसे ही फोन 1% पर आता है, घर में महाभारत शुरू हो जाती है। वह लड़का जो मम्मी के दस बार बुलाने पर हम्म... आता हूँ कहकर करवट बदल लेता था, अब उस 1% के लिए उस 'स्पाइडरमैन' की तरह उछलता है जिसका जाला कट गया हो। उसकी आँखों में वह खौफ होता है जो शायद हिमालय पर अकेले फँसे पर्वतारोही की आँखों में भी न हो। वह कमरे से हॉल तक ऐसे दौड़ता है जैसे ओलंपिक में 100 मीटर की फरार्टा दौड़ चल रही हो।

असली कॉमेडी तब होती है जब चार्जर तो मिल जाता है, पर केबल 'बेवफा' निकलती है। उसे एक खास एंगल पर मोड़ने पर ही चार्जिंग शुरू होती है। अब हमारा जेन-जी योद्धा उस तार को 37.5 डिग्री के कोण पर पकड़कर मूर्ति बना खड़ा रहता है। अगर इस बीच सांस भी तेज ले ली, तो चार्जिंग बंद! वह आधा घंटा बिना हिले-डुले ऐसे खड़ा रहता है जैसे किसी प्राचीन मंदिर का कोई तपस्वी हो, बस अंतर यह है कि तपस्वी को भगवान चाहिए थे और इसे 'इंस्टाग्राम रील्स'।

घर के बुजुर्ग इस दृश्य को देखकर सिर पकड़ लेते हैं। दादाजी कहते हैं, हमारे जमाने में हम लालटेन की रोशनी में पढ़ते थे। पोता मन ही मन सोचता है, दादाजी, लालटेन में कम से कम बफरिंग तो नहीं होती थी! जेन-जी के लिए 'लो बैटरी' किसी 'हॉरर फिल्म' के क्लाइमेक्स जैसा है। उसे लगता है कि अगर फोन बंद हो गया, तो दुनिया उसे भूल जाएगी, उसकी 'स्ट्रीक्स' टूट जाएंगी और शायद वह डिजिटल रूप से मर ही जाएगा। जब फोन 2% पर पहुँचता है, तो उसके चेहरे पर वैसी ही शांति आती है जैसी किसी प्यासे को रेगिस्तान में गंगा मिल गई हो। यह 1% का डर ही आज की नई सभ्यता का सबसे बड़ा सत्य है– प्राण जाए पर प्लग न छूटे!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 फरवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:08 सूर्यास्त 18:14
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - षष्ठी 02:55 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - चित्रा 02:28 उपरांत स्वाति
योग - शूल 23:40 उपरांत गण्ड
करण - गर
चन्द्रमा - कन्या में है।13:22 पर तुला में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 18 तारिख

**मेष-** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें।

**कर्क-** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या-** कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**तुला-** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें।

**वृश्चिक-** परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

**धनु-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**मकर-** धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**कुंभ-** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी।

**मीन-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।योग हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## रेल मंत्रालय ट्रेनो में होती असंवैधानिक घटनाओं को रोकने हेतु , सुरक्षा व्यवस्था कायम करें!



डॉ. मदनलाल गांगले
(दैनिक अवन्तिका)

आये दिन अधिकांशत समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों के माध्यम से यह पढ़ने सुनने और देखने भी में आता है कि यात्रियों के साथ सफर के दौरान अनेकानेक अवैधानिक घटनायें होती ही रहती हैं । ट्रेन दुर्घटनाओ के साथ साथ यात्रियों के साथ असामाजिक लोग मारपीट भी करते रहते हैं । अतः रेल मंत्रालय को चाहिए कि वह पूरे देश के रेल्वे स्टेशनों एवं ट्रेनों में होती चोरी, डकैती, लूट, मारपीट, धोखाधड़ी, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, हत्या, अपहरण, मानव तस्करी, यात्रियों को नशीले पद्धार्थ खिलाकर लूटना, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, महिलाओं, लड़कियों को बहला फुसला कर ले जाने आदि जैसी अनेकों अवैधानिक घटनाओं की रोकथाम करने के लिए, अपराधियों की धरपकड़ करने और यात्रियों के जान माल की सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए तथा जबर्दस्ती अश्लीलता फैलाने वालों, मारपीट करने वालों के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए । ताकि यात्री गण सुरक्षित यात्रा करके अपने अपने घर सही सलामती के साथ शांति पूर्वक पहुंच जाए । इसके अतिरिक्त सफर के दौरान पैसे मांगने वालों को लेकर भिखारियों और किन्नरों से भी यात्रीगण बहुत ज्यादा परेशान हैं और बेबस है । जब तक इन्हें देते नहीं है जाते नहीं है । यात्री ट्रेनों में किन्नर तो ऐसे रुपये की उगाही करके है जैसे वह रोज के रोज कोई उगाही कर रहे है, उन्हें देखते ही बनता है । अगर यह हाथ बढ़ाते हैं तो पैसे लेकर ही मानते हैं । इन्होंने रोजमर्रा पैसे मांगने को लेकर अपना धंधा बना लिया है । सफर के दौरान जनरल कोच के डिब्बों की भी कमी बनी रहती हैं जनरल कोच की हालत तो देखने लायक रहती हैं । अगर गरीबों का रथ कहा है तो वैसा बनाए भी । बैठने को लेकर भी विवाद होते रहते हैं । यात्रियों में मारा मारी भी भयंकर हो जाती हैं । गरीबों के रथ में इतनी असुरक्षा, असुविधा और गंदगी क्यों देखते को मिलती हैं । यात्री जानबूझकर भी जाते नहीं है यह लापरवाही का सूचक हैं । सफर के दौरान कब किसके साथ अनहोनी की घटना हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता हैं । रेल्वे विभाग को इस तरफ भी विशेष ध्यान देना चाहिए । रेल मंत्रालय को ट्रेन दुर्घटना को रोकने हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिए और अतिरिक्त डिब्बों को भी लगाया जाना चाहिए । यात्रा के दौरान कतिपय यात्रियों द्वारा अश्लीलता परोसने का कार्य भी किया जाता है । इन्हें भी रोका जाना चाहिए । यात्री ट्रेनों में रात दिन पुलिस की निगरानी बढ़ाए ताकि कोई अनहोनी घटना नहीं हो । सफर के दौरान रेल प्रशासन को भ्रमित, षड्यंत्र एवं परेशान करने वाले यात्रियों को चाहे वह पुरुष हो या महिला सबक सिखाया जाना चाहिए । अगर यात्रा के दौरान कोई भी यात्री अवैधानिक घटनाओं का शिकार हो जाता है या कोई परेशानी आती हैं तो जवाब देही रेल प्रशासन की ही बनती हैं । यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करवाने की जिम्मेदारी रेल विभाग की ही है । भारतीय ट्रेनों में एक समय ऐसा भी गुजरा है कि ट्रेनों में सफर के दौरान कोई अवैधानिक घटनायें ना हो प्रत्येक यात्री कोच में दो- दो पुलिस मैन और टिकट चैक करने वाले चक्कर लगाया करते थे अब यह देखने पर मुश्किल से दिखाई देता है। अतः रेल मंत्रालय द्वारा पूरे देश में विशेष तौर पर यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए एक विशेष अभियान चलाये जाने की सख्त जरूरत है। ट्रेनों के होते हादसे भी रुक जायेगे और कोई भी यात्री अवैधानिक घटनाओं का शिकार नहीं हो पाएगा । रेल मंत्रालय और रेलमंत्री को इस तरफ ध्यान देने की सख्त जरूरत है।

# मुंह के कैंसर का संकेत देते हैं ये लक्षण, गलती से भी न करें नजरअंदाज

भारत में मुंह का कैंसर सबसे आम कैंसरों में एक है। पिछले 10 सालों में मुंह के कैंसर के मामलों में एक तिहाई से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी गई है। यह कैंसर होंठ मसूड़े, जीभ, गालों की अंदरूनी परत, मुंह के ऊपर और जीभ के नीचे समेत मुंह के किसी भी हिस्से में विकसित हो सकता है। इस भयानक बीमारी से बचने के लिए इसके लक्षणों को जानना और उसकी जल्द से जल्द जांच कराना बहुत जरूरी है।

साइंस डायरेक्ट वेबसाइट में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर का प्रमुख कारक रहा है। गुटका, जर्दा, खैनी, सिगरेट, बीड़ी, हुक्का ये सब चीजें तंबाकू में शामिल हैं जो ट्यूमर के विकास का एक प्रमुख कारण है। युवा और वृद्ध दोनों आयुवर्ग के लोग इसका शिकार हो रहे हैं। मुंह का कैंसर शुरूआत में कुछ संकेत और लक्षण देता है जिन्हें किसी को भी भूलकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



### व्हाइट पैचेस (सफेद निशान)

मसूड़ों, जीभ, टॉन्सिल या मुंह पर लाल या सफेद मोटे धब्बे दिखाई देना खतरनाक हो सकता है। इस स्थिति को ल्यूकोप्लाकिया कहते हैं। अधिकांश ल्यूकोप्लाकिया पैच नॉन कैंसरस होते हैं। हालांकि कई कैंसर के शुरूआती लक्षण हो सकते हैं। ये तंबाकू उत्पादों के सेवन की वजह से हो सकते हैं। अगर किसी को ऐसे निशान नजर आएं तो बिना देरी के तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।

### लगातार होने वाली गांठें

अगर आपको मुंह या लिम्फ ग्लैंड्स (गर्दन की लसिका ग्रंथि) में किसी तरह की गांठ महसूस हो रही है तो यह खतरनाक हो सकता है। अगर आपको लगातार ऐसा महसूस हो सकता है कि आपके गले में कुछ फंस गया है या गले में खराश का अनुभव होता है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### मुंह और चेहरे पर दर्द और सुन्नता

बिना किसी वजह के अगर आपके चेहरे, मुंह या गर्दन और उसके आसपास दर्द होता है सुन्नता महसूस होती है तो यह मुंह के कैंसर का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में जबड़े में सूजन और दर्द भी हो सकता है।

### दांतों का गिरना

एक या एक से अधिक दांतों का बिना किसी वजह से कमजोर होना और गिरना कैंसर का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अगर आपने कोई दांत निकाला है और उसके का उस जगह पर हुआ गड्ढा भरा नहीं है तो भी आपको तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।

मुंह के कैंसर का इलाज सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी समेत कई तरह से किया जाता है। यह व्यक्ति की उम्र, हेल्थ कंडीशन और स्टेज पर निर्भर करता है।

**धर्म-आस्था**

# हनुमान चालीसा का जपः शब्दों से नहीं, अर्थ और साधना से सिद्धि का मार्ग

भारतीय सनातन परंपरा में भक्ति केवल उच्चारण नहीं है, वह एक गहन साधना है। आज के समय में हनुमान चालीसा शायद सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली स्तुति बन गई है। मंगलवार हो या शनिवार, मंदिरों में, घरों में, यात्राओं में, यहाँ तक कि मोबाइल की रिंगटोन में भी हनुमान चालीसा सुनाई दे जाती है। लेकिन एक गंभीर प्रश्न मन में उठता है–क्या हम हनुमान चालीसा का जप कर रहे हैं या केवल उसका पाठ कर रहे हैं? क्योंकि दोनों में बहुत बड़ा अंतर है।

अधिकांश लोग हनुमान चालीसा को रट लेते हैं और बिना रुके बोलते चले जाते हैं। शब्द निकलते रहते हैं, पर मन कहीं और भटकता रहता है। जप का अर्थ केवल बोलना नहीं होता, जप का अर्थ है–शब्द पर ध्यान, अर्थ पर मनन और भाव के साथ साधना। जब तक शब्द का अर्थ मन में नहीं उतरता, तब तक वह जप नहीं बन पाता।

हनुमान चालीसा गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा लगभग पाँच सौ वर्ष पूर्व रची गई थी। यह कोई साधारण काव्य नहीं है, बल्कि जीवन की दिशा दिखाने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। चालीसा शब्द अपने आप में संकेत देता है–इस स्तुति में चालीस चौपाइयाँ हैं और प्रत्येक चौपाई साधक के जीवन के किसी न किसी पक्ष को छूती है। यह संख्या भी प्रतीकात्मक है, क्योंकि भारतीय परंपरा में चालीस का अंक साधना, संयम और तप से जुड़ा माना गया है।

तुलसीदास जी के नाम के साथ जुड़ा गोस्वामी शब्द भी बहुत गहरा अर्थ रखता है। गोस्वामी वह होता है जिसने अपनी इंद्रियों को वश में कर लिया हो। इंद्रियों में सबसे कठिन है वासना, आकर्षण और अहंकार। जब तक व्यक्ति इन पर विजय नहीं पाता, तब तक वह सच्चे अर्थों में साधना की भूमि में प्रवेश नहीं कर सकता। इसी तरह स्तुति का अर्थ केवल प्रशंसा करना नहीं, बल्कि ध्यान को एक बिंदु पर केंद्रित करना है। जब कोई व्यक्ति हनुमान चालीसा का अर्थ समझकर, धीरे-धीरे, प्रत्येक पंक्ति को मन में उतारते हुए जप करता है, तो वह प्रक्रिया स्वतः ध्यान में बदल जाती है। आधुनिक भाषा में जिसे मेडिटेशन कहा जाता है, वही अनुभव साधक के भीतर घटित होने लगता है। उस समय हनुमान जी कोई दूर की अवधारणा नहीं रहते, बल्कि एक जीवंत ऊर्जा के रूप में साधक के साथ महसूस होते हैं।

हनुमान चालीसा का अर्थ सहित जप जीवन की हर स्थिति में सहारा देता है। जिनके जीवन में लक्ष्य नहीं है, उन्हें यह लक्ष्य पहचानने की दृष्टि देता है। जो दुखी हैं, उन्हें मानसिक बल देता है। जो परिस्थितियों से हार मान चुके हैं, उनके भीतर फिर से खड़े होने की शक्ति भर देता है। रोग, पीड़ा और मानसिक तनाव–सब पर धीरे-धीरे सकारात्मक प्रभाव दिखने लगता है, क्योंकि साधना मन, वाणी और शरीर तीनों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है।

हनुमान चालीसा हमें केवल पढ़ने का नहीं, जीने का संदेश देती है। यह हमें सिखाती है कि कर्म मन से भी होते हैं, वाणी से भी और शरीर से भी। यदि मन में गंदे विचार हों, वाणी में कटु शब्द हों और शरीर से गलत आचरण हो, तो केवल पाठ करने से कोई चमत्कार नहीं होगा। साधना का मूल उद्देश्य है–आचरण की शुद्धता।

हनुमान जी के नाम का अर्थ भी हमें यही शिक्षा देता है। हनु का एक अर्थ ठुड्डी है और दूसरा अर्थ है–हनन करना, नष्ट करना। मान का अर्थ है सम्मान और यश। हनुमान जी की ठुड्डी थोड़ी विकृत थी, फिर भी वह उनकी सुंदरता को कम नहीं करती थी, बल्कि उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाती थी। साथ ही, उन्होंने अपने भीतर के अहंकार का पूर्ण हनन कर दिया था। अतुलित बल, अद्भुत बुद्धि और अपार विद्या होने के बावजूद उनके भीतर रत्ती भर भी घमंड नहीं था।

यह कोई साधारण स्थिति नहीं है। सामान्यतः जिस व्यक्ति में बल, बुद्धि और विद्या–तीनों एक साथ हों, उसमें अहंकार आना स्वाभाविक है। लेकिन जिसने अपने अहंकार को समाप्त कर लिया, वही समाज में सच्चे सम्मान का पात्र बनता है। हनुमान जी इसलिए भगवान कहलाए क्योंकि उन्होंने कभी अहंकार को अपने भीतर प्रवेश ही नहीं करने दिया।

भारतीय संस्कृति में भगवान कोई जन्मजात उपाधि नहीं, बल्कि एक पद है–जैसे कोई व्यक्ति अपने कर्म और योग्यता से ऊँचे पद पर पहुँचता है। हनुमान जी का जीवन यही सिखाता है कि सेवा, विनम्रता और संयम से ही ईश्वरत्व की प्राप्ति होती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी- टंच- 2,53,000 पाट- 2,52,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## श्री राम नवमी मेला ग्राउंड में लगे वृक्षों की सुरक्षा की मांग, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** नगर परिषद द्वारा श्री राम नवमी पर वर्षों से आयोजित होने वाले मेला ग्राउंड की भूमि पर लगे हरे-भरे वृक्षों की कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गत दिनों मेला ग्राउंड में लगे हरे फलदार इमली के पेड़ को काटा जा रहा था। स्थानीय लोगों के एकत्रित होने पर पेड़ काटने वाले मौके से भाग गए। इस घटना को लेकर ओंकारेश्वर महादेव एवं नाथ जी की कुटिया के पुजारी पंडित गोविंद शर्मा ने राजस्व विभाग, नगर परिषद और वन विभाग के अधिकारियों को शिकायत प्रस्तुत की। इसी क्रम में गुरुवार 5 फरवरी को पंडित गोविंद शर्मा ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अरुण शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मेला ग्राउंड में काटे गए इमली के वृक्ष के संबंध में वन विभाग द्वारा निर्धारित विधि अनुसार कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही उन्होंने मेला ग्राउंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की भी मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह मेला ग्राउंड वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थल रहा है। यहां पर लगे वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान भी हैं। ऐसे में बिना उचित अनुमति के वृक्षों की कटाई न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि जनभावनाओं को भी आहत करती है।

## गेंहू पंजीयन के लिये समिति प्रबंधक व ऑपरेटरों की प्रशिक्षण की बैठक संपन्न

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों के गेंहू पंजीयन के लिए अवधेश कुमार पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी, मनोज भगत, जिला प्रबंधक, मप्रएससीएससी व अनुभव जैन, प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जिला गुना द्वारा जिले में बनाये गये 35 पंजीयन केन्द्र के समिति प्रबंधक व ऑपरेटरों की उपस्थिति में पंजीयन प्रशिक्षण की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समिति प्रबंधकों को पंजीयन की अवधि 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक की जानकारी दी गई तथा पंजीयन में सभी किसानों से बैंक खाता, आधार कार्ड, खतौनी, समग्र आई डी, आदि लेवें। पंजीयन निःशुल्क किया जाए। जिन किसानों द्वारा सिक्मी बटईदार या वनभूमि का पंजीयन कराया जाता है, उनसे अनुबंध पत्र की प्रति अनिवार्य रूप ली जावे। पंजीयन गिरदावरी रकबे अनुसार किया जाना है, जिसमें किसी फसल का पंजीयन गलत-गलत प्रदर्शित होने पर सुधार हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार को आवेदन दिए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। किसानों के नाम परिवर्तन में संशोधन करने के लिए पोस्ट ऑफिस में या भू-अभिलेख के रिकॉर्ड के अनुसार नाम संशोधन करने हेतु अवगत कराया जाना है।

## 7 फल गोदाम सील:बिना वैध लाइसेंस के चल रहे थे, कचरा शुल्क भी नहीं किया जमा



देवास। शहर के सुतार बाखल क्षेत्र में गुरुवार को नगर निगम ने अवैध रूप से संचालित फल गोदामों पर सख्त कार्रवाई की। निगम अमले ने बिना वैध लाइसेंस के चल रहे 7 फल गोदामों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पंचनामा भी तैयार किया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, ये सभी गोदाम बिना किसी वैध व्यापारिक लाइसेंस के संचालित हो रहे थे। इसके अलावा संचालकों द्वारा नगर निगम का कचरा शुल्क भी जमा नहीं किया जा रहा था। लगातार नियमों के उल्लंघन के चलते निगम को यह कार्रवाई करनी पड़ी। नगर निगम के लाइसेंस एवं स्वास्थ्य प्रभारी हेमंत उबनारे ने बताया कि सुतार बाखल क्षेत्र में 7 से 8 दुकानों की जांच की गई, जिनमें से 7 दुकानों को सील किया गया। इस कार्रवाई में स्वच्छता निरीक्षक सहित निगम का अन्य अमला भी शामिल रहा। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सील की गई दुकानों को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक संचालक वैध लाइसेंस नहीं बनवा लेते और नगर निगम के सभी नियमों का पालन नहीं करते। निगम की ओर से आगे भी शहर में इस तरह की जांच और कार्रवाई जारी रहने की बात कही गई है।

### अव्यवस्थित सब्जी मंडी से व्यापार प्रभावित, नागरिक परेशान

# वीरान पड़े टीनशेड, सड़क बनी सब्जी बाजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने की नगर परिषद की योजना फिलहाल हवाझहवाई साबित हो रही है। दशहरे के बाद महात्मा ज्योतिबा फुले सब्जी मंडी को नरबदिया नाला मार्ग स्थित नवनिर्मित टिनशेड के नीचे शिफ्ट करने की घोषणा की गई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद आज भी मंडी सड़कों पर ही सज रही है। नतीजा यह है कि नगर का सबसे व्यस्त मार्ग रोजाना जाम की चपेट में रहता है और आम नागरिकों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। नरबदिया नाला मार्ग सुसनेर का प्रमुख आवागमन मार्ग है, जो इतवारिया बाजार, मैना रोड, डग रोड, पिडावा रोड सहित प्रसिद्ध श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर को जोड़ता है। इसी सड़क पर सुबह से शाम तक सब्जी के ठेले और अस्थायी दुकानें लगने से रास्ता संकरा हो जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कत होती है। कई बार एंबुलेंस और स्कूल वाहनों तक को रास्ता नहीं मिल पाता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोज लगने वाले इस जाम से समय की बबार्दी के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्थायी दुकानदारों को उठानी पड़ रही है। नगर परिषद की नीलामी में लाखों रुपये खर्च कर जिन व्यापारियों ने वैध दुकानें खरीदी थीं, वे आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क पर लगने वाली अव्यवस्थित मंडी के कारण ग्राहक दुकानों तक पहुंच ही नहीं पाते। भीड़ और जाम के चलते लोग दूर से ही लौट जाते हैं, जिससे उनका व्यापार लगातार गिर रहा है। कई दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि परिषद को बार-बार शिकायत देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। नगर परिषद ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए टिनशेड और चबूतरों का निर्माण तो कर दिया लेकिन वह स्थान आज भी वीरान पड़ा है। न तो सब्जी विक्रेताओं को वहां शिफ्ट किया गया और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्ययोजना लागू हुई। पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने आश्वासन दिया था कि दशहरे के तुरंत बाद मंडी को व्यवस्थित कर दिया जाएगा। सीएमओ ओ.पी. नागर ने भी कहा था कि चबूतरे तैयार हैं और जल्द दुकानदारों को निर्धारित स्थान आवंटित किए जाएंगे, परंतु जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। नगर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह समस्या केवल यातायात की नहीं, बल्कि शहर की छवि और व्यापारिक व्यवस्था से जुड़ी है। अव्यवस्था के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालु व ग्राहक भी परेशान होते हैं। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो विवाद और बढ़ सकते हैं। लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद तत्काल ठेले वालों को टिनशेड में स्थानांतरित करे, सड़क पर अतिक्रमण हटाए और यातायात को सुचारू बनाने के लिए ठोस नीति लागू करे।

**इनका कहना**

सब्जी मंडी को व्यवस्थित रूप से टिनशेड में शिफ्ट करने के लिए शीघ्र ही परिषद की बैठक बुलाकर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। हमारा प्रयास है कि व्यापारियों और आम जनता को परेशानी न हो तथा यातायात सुचारू बना रहे। बहुत जल्द मंडी को नए स्थल पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**लक्ष्मी सिसोदिया**
**अध्यक्ष नगर परिषद सुसनेर**

### वीरान पड़े टिनशेड, व्यवस्था का इंतजार

सब्जी मंडी के लिए बनाए गए चबूतरे और टीनशेड आज भी खाली पड़े हैं। लाखो रुपये खर्च होने के बावजूद इनका उपयोग नहीं हो पा रहा। जो प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ता है। नगरवासियों का कहना है कि जब तक मंडी को नए स्थल पर शिफ्ट नहीं किया जाता तब तक जाम और अव्यवस्था से मुक्ति संभव नहीं है।

## कक्षा 9वीं एवं 11वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा 07 फरवरी को

**राजगढ़।** प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कचनारिया सुस्तानी में सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के रिक्त स्थानों हेतु आयोजित परीक्षा के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा 07 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। साथ ही कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा दो परीक्षा केंद्रों प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेण?ड्री स्कूल, ए.बी.रोड़ पचोर एवं प्रज्ञासागर कॉलेज शुजालपुर रोड़ पचोर पर होगी। कक्षा 11वीं की प्रवेश परीक्षा केंद्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी राजगढ़ में आयोजित की जाएगी।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम 10 फरवरी को

**राजगढ़।** इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपराह्न 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारी को साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन फ्रॉड, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, डिजिटल गोपनीयता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में सहभागिता कर सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक बनें एवं दूसरों को भी जागरूक करें। डिजिटल युग में इंटरनेट के लाभों के साथ-साथ उससे जुड़े जोखिमों को समझना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सुरक्षित और सकारात्मक डिजिटल वातावरण का निर्माण किया जा सके।

# आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सपन्न



दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

आगामी त्योहारों को देखते हुए स्थानीय महिदपुर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों शामिल हुए।

### आपसी भाईचारे पर जोर

बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम अजय हिंगे, एसडीओपी जेडेन लिंगजेरपा, तहसीलदार संतुष्टि पाल, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि महिदपुर हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी त्यौहार को मिल-जुलकर मनाएं और किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान न दें।

प्रशासन द्वारा बैठक में निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। त्योहारों के दौरान बाजार में लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख चैराहों पर लगे कैमरों को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### प्रशासन की सख्त चेतावनी

बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि और पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### तहसीलदार के सामने आग लगाई 41 दिन बाद व्यापारी की मौत

# सर्जरी के लिए दोबारा अस्पताल में कराया था भर्ती, पत्नी की पहले जा चुकी है जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

देवास जिले के सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दंपती खुद को आग लगा लिया था। आज गुरुवार को इंदौर के एक निजी अस्पताल में संतोष व्यास की भी मौत हो गई उन्हें 2 फरवरी को सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ऑपरेशन के बाद गुरुवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।



इस घटना के साथ ही डेढ़ माह पहले हुए आत्मदाह कांड का दुखद अंत हो गया। इससे पहले 11 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी पत्नी जयश्री व्यास की भी मौत हो चुकी थी।

### दंपती ने लगाई थी आग

दरअसल, 24 दिसंबर को सतवास बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही थी। तत्कालीन तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे थे। संतोष व्यास की बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान थी। वे एक कॉलोनी में मकान निर्माण भी करवा रहे थे।

प्रशासन को शिकायत मिली थी कि निर्माण कार्य में अतिक्रमण किया जा रहा है, जिस पर कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान संतोष व्यास और उनकी पत्नी जयश्री व्यास की तहसीलदार से बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों ने मौके पर ही अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी।

### 11 जनवरी को जयश्री व्यास ने इलाज के दौरान दम तोड़ा था

मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। घटना में जयश्री व्यास करीब 70 प्रतिशत और संतोष व्यास लगभग 40 प्रतिशत तक झुलस गए थे। दोनों का इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। 11 जनवरी को जयश्री व्यास ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पत्नी की मौत के बाद संतोष व्यास मानसिक रूप से काफी टूट गए थे। परिजनों के अनुसार, इस दौरान उन्हें हार्ट अटैक भी आया था। हालांकि, परिवार के सहयोग से वे धीरे-धीरे संभल रहे थे। इसी बीच स्वास्थ्य में आई जटिलताओं के चलते उन्हें पुनः सर्जरी के लिए 2 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान वे जिंदगी की जंग हार गए।

### 11 जनवरी को जयश्री व्यास ने दम तोड़ा था

मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। घटना में जयश्री व्यास करीब 70 प्रतिशत और संतोष व्यास लगभग 40 प्रतिशत तक झुलस गए थे। दोनों का इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। 11 जनवरी को जयश्री व्यास ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### बिजली उपकेंद्र से सामान चोरी के आरोप में दो कबाड़ी, वाहन चालक और मजदूर समेत 6 पर केस का

# विद्युत कंपनी एई ओझा निलंबित, सिंगरौली अटैच

## समिति ने जांच रिपोर्ट में ओझा की गंभीर लापरवाही मानी, विभागीय जांच भी बैठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सिटी मंडी रोड स्थित बिजली कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र से सामान बिक्री और इसमें दो कबाड़ी, वाहन चालक और मजदूर समेत 6 लोगों पर केस दर्ज होने के मामले में



विभागीय जांच समिति ने उपकेंद्र प्रभारी एई विजय ओझा की गंभीर लापरवाही मानी है। रिपोर्ट जबलपुर मुख्यालय भेजे जाने के बाद वहां से एई ओझा को तत्काल निलंबित कर सिंगरौली अटैच किया गया है। उन्हें वहां टेस्टिंग डिवीजन में अटैच किया गया है।

पीआरओ, मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी कैंप, जबलपुर शशिकांत ओझा ने बताया कि मामले की जांच उज्जैन से एसी योगेशकुमार माथुर और उज्जैन के ही ईई बीके चौधरी ने की थी। दोनों ने प्रथम दृष्टया मामले में एई ओझा की लापरवाही गंभीर मानी है। इसी के आधार पर उन पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही ओझा के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की जा रही है, जो जल्द ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कमेटी की घोषणा चीफ इंजीनियर जबलपुर अमरकीर्ति सक्सेना जल्द ही करेंगे।

### यह है मामला

सिटी थाना शुजालपुर में 31 जनवरी को कार्यपालन अभियंता अरुणकुमार कनोजिया की सूचना पर कैलाश बागरी, जावेद खान, शकील खान, आरिफ खान, इस्माइल खान एवं आमिर के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। केस में उल्लेख किया गया कि 132 केवी उपकेंद्र से सामग्री 220 केवी उपकेंद्र भेजी जानी थी, लेकिन वाहन चालक और अन्य लोग उसे वहां न ले जाकर कबाड़ी के घर ले गए। इधर मामले में पीड़ितों का कहना है कि सामग्री विभागीय अधिकारी ने बेची थी।

### यह सामान बेचा गया था

कबाड़ी के आरोपों के अनुसार उपकेंद्र पर पदस्थ एई विजय ओझा ने परिसर में रखी लाखों की सामग्री कबाड़ के रूप में बेचने की बातचीत की थी। 29 जनवरी शाम उपकेंद्र परिसर जाकर तांबे की रॉड, क्वाइल रिले, एल्यूमीनियम, लोहा, बैटरी सहित अन्य उपकरण देखे। 30 जनवरी को सामग्री की कीमत तौल उपरांत 1 लाख 22 हजार 360 रुपए बनी थी, जिसकी राशि ओझा को राउंड फि गर में 1 लाख 22 हजार 500 रुपए अकोदिया रोड स्थित एक कैफे दिए गए। तौल कार्य करने के बाद 132 केवी से ली गई सामग्री अपने गोदाम पर भेज दी। जहां पर कबाड़ा उतारा जा रहा था तभी पुलिस पहुंची और इसे चोरी का माल बता दिया, जबकि विभागीय रजिस्टर में वाहन, व्यक्तियों की आवक.जावक दर्ज की गई, जिसमें सामग्री एई के आदेश से ले जाने का उल्लेख है। 30 जनवरी को कंपनी अधिकारियों को सूचना नहीं दी गई। 31 जनवरी को मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था।

**जिम्मेदार ने ये कहा**

दो सदस्यीय जांच कमेटी ने रिपोर्ट दी थी जिसमें एई विजय ओझा की गंभीर लापरवाही मानी गई है। इस लापरवाही पर ओझा को निलंबित कर सिंगरौली स्थित टेस्टिंग डिवीजन में अटैच किया है। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू की जारी है। रिपोर्ट आने के बाद आने की कार्रवाई की जाएगी।

**शशिकांत ओझा, पीआरओ, मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी कैंप, जबलपुर**

### एफआइआर में भी कर दी थी गड़बड़ी

इधर पुलिस एफआइआर में दशमलव लगाकर भी खेल किया गया है। इसमें कई क्विंटल जब्त सामान को किलो बताया गया है। मामले में अरुण कंजोलिया कार्यपालन अभियंता शुजालपुर ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने दर्ज एफ आइआर में दशमलव लगाकर सामान की मात्रा बदल दी। 497 किलो सामान को केवल 4 किलो 900 ग्राम और 297 किलो को केवल 2 किलो 900 ग्राम दर्ज किया है।

### कार्यपालन यंत्री की भी भूमिका संदिग्ध

पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री अरुण कंजोलिया की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उन्होंने बिना प्रारंभिक जांच के मामले में एफ आइआर दर्ज करवा दी।

## मैराथन में 10 किलोमीटर दौड़ पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को दी प्रोत्साहन राशि

**सारंगपुर।** मास्टरमाइंड स्कूल सारंगपुर में गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय संचालक सीपी पाटीदार ने विद्यार्थियों की खेलकूद, नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि समारोह का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना और उनके सर्वांगीण विकास को बढावा देना है, ताकि यह बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य शारीरिक एवं मानसिक रुप से और भी सशक्त बनने के की दिशा में लगातार आगे बढ सके। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में लेट्स रन मैराथन के अंतर्गत विद्यालय की ओर से 10 किलोमीटर दौड पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को 2000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए इस योजना के तहत आज 13 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालक पाटीदार ने बताया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक कुल लगभग 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं इस मैराथन पुरस्कार से लाभान्वित हो चुके है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी राधेश्याम चांदना पिता श्री अमर जी चांदना निवासी ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 524/4 रकबा 0.600 हैक्टर व सर्वे नंबर 524/2/1/2 रकबा 0.4500 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.05 हैक्टर स्थित ग्राम बामोरा तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 05-02-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

**कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन नगर, जिला उज्जैन**

**क्रमांक/रीडर-1/2026/845** — **उज्जैन दिनांक: 02/02/2026**
**प्रकरण क्रमांक/बी-113/25-26**
**लोक न्यास का नाम मूर्तिश्री जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक न्यास**
**पंजीयन क्रमांक-**

**मूर्तिश्री जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट**
**कार्यालय अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज**
**45 महादजी मार्ग कार्तिक चौक उज्जैन म.प्र.**
**-----आवेदक**

**विरुद्ध**
**मध्यप्रदेश शासन**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हुकम मुकाजी निवासी छोटा टिकरिया जिला देवास, सचिव, मूर्ति श्री जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट कार्यालय अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज 45 महावजी मार्ग कार्तिक चौक उज्जैन द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 9 के अंतर्गत न्यास के बॉयलाज के नियमानुसार दिनांक 28.09.2025 को हुए निर्वाचन के द्वारा मूर्तिश्री जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष के स्थान पर सर्वसम्मती से नवीन नवनिर्वाचित अध्यक्ष का ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर में संशोधन किये जाने का निवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | पूर्व अध्यक्ष का नाम एवं पता | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री राधेश्याम जी बागवाला पिता लक्ष्मीनारायण बागवाला निवासी बिजलपुर जिला इंदौर म.प्र. | पूर्व अध्यक्ष |

**नवीन न्यासीगण-**

| क्र. | नवीन जोडे जाने वाले अध्यक्ष का नाम व पता | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री लीलाधर देथलिया पिता हरिचरण देथलिया, निवासी हाउस न.- 274 ग्राम कनासिया उज्जैन | नवीन नवनिर्वाचित अध्यक्ष |

अतः मै रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयन / परिवर्तन अपने न्यायालय में दिनांक 23/02/26 को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 09 (1) के द्वारा यथा अपेक्षित पंजीयन / परिवर्तन करना प्रस्तावित करता हूँ।

अतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात दिनांक 23/02/26 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन मेरे समक्ष प्रस्तुत करना और मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए।

**रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी**
**उज्जैन नगर, जिला- उज्जैन**

## विधायक के भाई ने लूटी शराब दुकान




**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले में कुक्षी कांग्रेस विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के चचेरे भाई अर्जुन सिंह बघेल ने डही शराब दुकान में लूटपाट की है। शराब दुकान से महंगी-महंगी बोतलें निकालकर ले गए। 4 साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक वारदात 4 फरवरी की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में पांच लोग गुंडागर्दी करते दिख रहे हैं। वे खुलेआम शराब की बोतलें ले जाते हुए दिख रहे हैं। कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह बघेल भी विधायक के प्रतिनिधि हैं। वह विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल का सारा काम संभालते हैं।

## घर में लगी आग, बुजुर्ग महिला जिंदा जली, पति झुलसे

**पन्ना।** पन्ना के पडेरी गांव में एक घर में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की जलकर मौत हो गई। इस घटना में उनके पति गंभीर रूप से झुलस गए। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार, दंपती खेत के पास बने अपने घर में सो रहे थे, तभी अचानक आग लग गई और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग महिला श्याम बाई घर से बाहर नहीं निकल पाईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके पति बूढ़े लाल आग बुझाने की कोशिश में गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद बुजुर्ग महिला घर से बाहर नहीं निकल पाई।

## सडक पर बैठा टाइगर-पन्ना-मझगवां मार्ग पर आराम करता रहा

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या के कारण अब ये वन्यजीव अक्सर जंगल की सीमा लांघकर सड़कों पर दिखाई देने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला 6 फरवरी को मझगवां-पन्ना मार्ग पर सामने आया, जहां एक विशालकाय बाघ सड़क के बीचों-बीच आराम करता दिखा। वह इतने आराम से बैठा रहा जैसे बता रहा हो ये मेरा इलाका है। सड़क पर बाघ को देखते ही राहगीरों के वाहन रुक गए। वाहनों के पहिए थमने से सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। बाघ सड़क के बीच में आराम से बैठा रहा और उसे वहां मौजूद लोगों या वाहनों के शोर से कोई फर्क नहीं पड़ा। लोग अपनी गाड़ियों के अंदर से ही इस दृश्य को देखते रहे। इस घटना का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सामने आया। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि बाघ सड़क के बीचों-बीच बैठा है। कुछ देर बाद बाघ उठा और जंगल की ओर चला गया। बाघ के जाने के बाद ही यातायात सामान्य हो सका और राहगीरों ने आगे बढ़ना शुरू किया।

## बागेश्वर धाम में 300 जोडों को 90 लाख की एफडी

**खजुराहो।** खजुराहो के बागेश्वर धाम में 300 जोड़ों की शादी की तैयारियां चल रही हैं। समारोह 12 से 15 फरवरी तक तीन दिनों तक चलेगा। हर दिन अलग-अलग रस्में होंगी। आने वाले मेहमानों की खातिरदारी भी की जाएगी। दहेज में सभी जोडों को 90 लाख की एफडी, सोने-चांदी समेत गृहस्थी का 2 लाख रुपए का सामान दिया जाएगा। यानी हर जोडे की 30 हजार रुपए की एफडीहोगी। बागेश्वर धाम में सातवीं बार आयोजन हो रहा है। इस बार 13 राज्यों से 1500 से अधिक आवेदन मिले। 60 जिलों की 600 सदस्यीय टीम ने एक महीने तक सर्वे किया। 300 जोड़ों को शादी के लिए बुलाया गया। इसमें एक जोड़ा नेपाल का भी है।

## फोन पर बोला-आपकी पत्नी के लिवर में सूजन

**भोपाल।** भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक खास तरीका अपनाकर ऑनलाइन ठगी की गई। शातिर ठग ने यहां भर्ती मरीजों और उनके परिजन को डॉक्टर बनकर फोन किया। बेहतर इलाज और सुरक्षित ऑपरेशन का झांसा देकर रकम की डिमांड की। क्यूआर कोड भेजकर पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिया। आरोपी पिछले 45 दिन में इसी तरीके से 10 पेशेंट को शिकार बना चुका है। उसने हर एक परिवार से 7 से 10 हजार रुपए तक की वसूली की। वह मरीजों और उनके परिजन को फोन कर कहता था कि यदि बेहतर इलाज और सुरक्षित ऑपरेशन चाहते हैं, तो तय रकम तुरंत ऑनलाइन ट्रांसफर करनी होगी। भरोसे में आकर कई लोगों ने रकम ट्रांसफर कर दी, जिसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। मामले में अस्पताल के स्टाफ की मिलीभगत भी सामने आई है, जो मरीजों की मेडिकल कंडीशन से जुड़ी जानकारी ठग को उपलब्ध कराता था। इसी जानकारी के आधार पर आरोपी फोन करता था, जिससे परिजन झांसे में आ जाते थे। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र खाकरे को गुरुवार को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम उसे भोपाल के कोहेफिजा थाने लाया गया। इसके बाद हमीदिया अस्पताल प्रबंधन और ठगी का शिकार बने मरीज एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे।

## पाकिस्तानी जेल में 7 साल काटकर बालाघाट लौटे प्रसन्नजीत

**बालाघाट।** पाकिस्तान की जेल से सात साल बाद रिहा हुए प्रसन्नजीत रंगारी शुक्रवार देर शाम करीब 7 बजे बालाघाट के कटंगी पहुंचे। प्रसन्नजीत के जीजा राजेश खोब्रागडे, मैहकेपार रोजगार सहायक योगेंद्र चौधरी, मोहगांव रोजगार सहायक आशीष वासिनी और कॉन्स्टेबल लक्ष्मीप्रसाद बघेल, उन्हें लेने बालाघाट से अमृतसर गए थे। वहां से सभी लोग कार से गुरुवार रात बालाघाट के लिए निकले थे। इससे पहले उन्होंने गोल्डन टेम्पल में दर्शन किए। प्रसन्नजीत ने अमृतसर में सबसे पहले अपने जीजा को पहचाना। कहा- जीजाजी नमस्ते, मैं आपको जानता हूं। विधायक गौरव पारधी ने प्रसन्नजीत का शॉल और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। प्रसन्नजीत को 31 जनवरी को पाकिस्तान की जेल से रिहा किया गया था। परिवार को उन्हें घर लाने में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद कलेक्टर मृणाल मीणा ने इंतजाम किए। ट्रेन के टिकट करवाकर परिवार के साथ प्रशासनिक कर्मचारियों को अमृतसर भेजा।

# लाश को बाइक समेत नदी में फेंक रचा एक्सीडेंट का ड्रामा

## लालघाटी पुलिस ने 24 घंटे में उखाड़ फेंकी अंधे कत्ल की परतें, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

इश्क, रंजिश और इंतकाम...। शाजापुर के लालघाटी क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज वारदात की स्क्रिप्ट इन्हीं तीन शब्दों के इर्द-गिर्द लिखी गई। जिसे लोग अब तक एक सड़क हादसा मान रहे थे, वह दरअसल एक सोची-समझी कोल्ड ब्लडेड मर्डर की साजिश थी। कातिलों ने कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए लाश को बाइक समेत पुलिया के नीचे फेंक दिया था, लेकिन लालघाटी पुलिस की बाज जैसी नजरों से वे बच नहीं सके और पुलिस ने महज 24 घंटे में इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

**दृश्य जो रूह कंपा दे-**

4 फरवरी की सुबह... राघवेल के पास लखुंदर नदी की पुलिया। नीचे एक लाश पड़ी थी, पास में मोटरसाइकिल और चारों तरफ खून। मृतक की पहचान राजेश मालवीय के रूप में हुई। पहली नजर में लगा



कि शायद कोई हादसा हुआ है, लेकिन मृतक के भाई सोनू और पुलिस को दाल में कुछ काला लगा। जब फॉरेंसिक टीम ने शव के जख्म देखे, तो चीख-चीख कर गवाही मिल यह हादसा नहीं, हत्या है!

एसपी यशपाल सिंह राजपूत के एक्शन प्लान और टीआई अर्जुन सिंह मुजाल्दे की अगुवाई में पुलिस ने जब तकनीकी जाल बिछाया, तो सुरागों की कड़ियां जुड़ती गईं। सीसीटीवी फुटेज और सायबर सेल के इनपुट ने इशारा किया ग्राम टुंगनी की ओर। पुलिस ने घेराबंदी कर रविन्द्र मालवीय और राहुल मालवीय को दबोच लिया। थाने की चारदीवारी में जब पुलिसिया पूछताछ हुई, तो आरोपियों के तोते उड़ गए और उन्होंने जो कहानी बताई, वह हैरान करने वाली थी।

### मौत का वो खौफनाक मंजर

3 फरवरी की रात राहुल के फोन से राजेश को मिलने के बहाने टुंगनी बुलाया गया। आरोपी उसे मानसिंह पटेल के गेहूं के खेत में ले गए। वहां पहले लाठी और चाकुओं से उसे बेरहमी से पीटा गया। जब वह अधमरा हो गया, तो गला घोंटकर उसकी सांसें छीन ली गईं। हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसे मोटरसाइकिल के साथ बांधा और लखुंदर नदी की पुलिया से नीचे फेंक दिया, ताकि यह महज एक एक्सीडेंट लगे।

### खाकी का इकबाल बुलंद

साक्ष्य मिटाने की इतनी शातिर कोशिश के बावजूद पुलिस ने आरोपियों को कानून के शिकंजे में ले लिया। इस शानदार खुलासे में टीआई अर्जुन सिंह मुजाल्दे, एसआई अंकित इटावदिया, और उनकी पूरी जांबाज टीम सउनि भोपाल सिंह, प्र.आर. जसवंत, विकास तिवारी, सायबर टीम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### बदले की आग, वह मेरी पत्नी को गुजरात ले गया था

मुख्य आरोपी रविन्द्र के सिर पर खून सवार था। उसने कबूला कि मृतक राजेश उसकी पत्नी आरती पर बुरी नजर रखता था और उसे परेशान करता था। हद तो तब हो गई जब वह उसे मजदूरी के बहाने गुजरात अपने साथ ले गया। पत्नी के चरित्र पर उठे सवालों और समाज में बदनामी के डर ने रविन्द्र को हत्यारा बना दिया।

## शाजापुर से गूंजा गौ-सम्मान का शंखनाद, गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने सतों और भक्तों ने भरी हुंकार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

भारत की सनातन संस्कृति की आधार गौमाता को राष्ट्रमाता का वैधानिक सम्मान दिलाने और देश में गौ-हत्या पर पूर्ण विराम लगाने के उद्देश्य से अब साधु-संतों और गौभक्तों ने एक सुर में आवाज बुलंद कर दी है। इसी महाअभियान के तहत गौ सम्मान आह्वान अभियान की महत्वपूर्ण बैठक शाजापुर के लालपुरा स्थित गौ उपचार केंद्र (कांजी हाउस) में संपन्न हुई। शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर बैठक में मौजूद गौसेवकों में भारी उत्साह देखने को मिला।



बैठक को संबोधित करते हुए बाल संत श्री ध्रुव व्यास ने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि यह केवल एक मांग नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का प्रयास है। उन्होने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को पूरे भारतवर्ष में गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन प्रत्येक तहसील स्तर पर विशाल भजन-कीर्तन का आयोजन कर जन-जागरण किया जाएगा। साथ ही अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपकर गौमाता को उनका खोया हुआ सम्मान लौटाने की अपील की जाएगी।

अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए संगठन का विस्तार भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ गौसेवक धर्मेंद्र शर्मा को शाजापुर जिले की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उन पर जिले भर के गौभक्तों को एकजुट करने और 27 अप्रैल के कार्यक्रम को सफल बनाने का दायित्व होगा। बैठक में शहर की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित गौसेवकों ने संकल्प लिया कि जब तक गौमाता को राष्ट्रमाता का पद नहीं मिल जाता, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## स्वर्गीय गुप्ता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**शाजापुर।** वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्वर्गीय नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्यतिथि पर कल 8 फरवरी 2026 को संकल्प दिवस के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर वैश्य महासभा जिला शाजापुर एवं कैट राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय, सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह रक्तदान शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के प्रति एक भावनात्मक संकल्प है। आपका एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसी भाव के साथ समाजसेवा और जीवनरक्षा के इस महायज्ञ में शहर के सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

## भैंस को बचाने के प्रयास में दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत, 80 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर घायल

**शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नागझिरी जोड़ के समीप शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब सड़क पर अचानक आई एक भैंस को बचाने के चक्कर में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घायल बुजुर्ग को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चौसला निवासी बाबूसिंह 80 पिता मोतीसिंह अपने बेटे कमल के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। बाइक कमल चला रहे थे। नागझिरी जोड़ के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक भैंस आ गई। मवेशी को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल घायल का उपचार जारी है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नंदराम सोनानिया की पुण्यतिथि पर प्रतिभाओं का सम्मान

**शुजालपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय नंदराम सोनानिया की 13वीं पुण्यतिथि पर ग्राम अरनिया कला स्थित उनकी समाधि स्थल पर शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान एवं समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहे, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने की। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्व. नंदराम सोनानिया की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंत्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले सेनानियों का बलिदान देश की अमूल्य विरासत है। छोटे से गांव से निकलकर स्व. सोनानिया ने समाज और क्षेत्र के विकास के लिए जो योगदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बाल्यकाल से ही उनका स्व. सोनानिया से संपर्क रहा है, जिससे उनके व्यक्तित्व और विचारों को निकट से समझने का अवसर मिला। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि स्व. नंदराम सोनानिया अपनी बेबाक अभिव्यक्ति, निष्ठा और कर्मठता के लिए जाने जाते थे। गांधी युग के ऐसे व्यक्तित्व आज भी समाज को सत्य, साहस और सेवा का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को इतिहास और मूल्यों से जोड़ने का कार्य होता है।

## खाकी की नई तैयारी, कानून के रखवाले अब बनेंगे फायर फाइटर

**शाजापुर।** अपराधियों पर नकेल कसने वाली शाजापुर पुलिस अब आग की लपटों को भी मात देने के लिए पूरी तरह तैयार है। आफत बताकर नहीं आती, लेकिन तैयारी पूरी होनी चाहिए, इसी उद्देश्य के साथ पुलिस विभाग ने सुरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुक्रवार को पुलिस लाइन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का गवाह बना। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के विशेष निर्देशों पर आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पुलिसकर्मियों को न केवल कानून व्यवस्था, बल्कि आकस्मिक दुर्घटनाओं से निपटने के लिए भी दक्ष किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थानों और कार्यालयों में रखे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड्स और मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के लिए आरजीटी फायर सर्विस कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञ धर्मेंद्र गोस्वामी को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों को थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों तरीकों से प्रशिक्षित किया। विशेषज्ञों ने मौके पर आग जलाकर पुलिसकर्मियों से उसे बुझवाया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। साथ ही फायर इंस्टिंगुशर्स (अग्निशमन यंत्र) कब एक्सपायर होते हैं और उनकी रिफिलिंग प्रक्रिया क्या है, इसकी बारीकी से जानकारी दी गई। आग लगने के शुरुआती मिनटों में कैसे प्रतिक्रिया देनी है, इसके गुर सिखाए गए। विशेषज्ञ गोस्वामी ने बताया कि अक्सर आग लगने पर लोग घबराहट में सही कदम नहीं उठा पाते। इसलिए प्रशिक्षण में यंत्रों के सुरक्षित संचालन और सही नोजल पोजिशनिंग पर जोर दिया गया।

## नारी शक्ति ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला, सप्तशक्ति संगम में माताओं ने लिया संस्कारों के संवर्धन का संकल्प

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

एक सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में नारी की भूमिका सदैव सर्वोपरि रही है। इसी भाव को जागृत करने के उद्देश्य से विद्या भारती की योजनानुसार स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, दुपाड़ा मार्ग पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर की करीब 200 महिलाओं ने सहभागिता कर भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएन कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सीता बोराड़िया ने की। मुख्य वक्ता के रूप में बीएसएन कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. वीनू गिडवानी और विशेष वक्ता भारती शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका रचना बहल भी मंच पर आसीन थीं।

### गीता के सात गुणों में छिपी है नारी की शक्ति

कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य मनीषा सोलंकी ने रखी, वहीं प्रस्तावना में रचना बहल ने नारी को लक्ष्मी, सरस्वती, काली और अन्नपूर्णा का स्वरूप बताते हुए समाज की नींव कहा। मुख्य वक्ता डॉ. वीनू गिडवानी ने अपने वक्तव्य में श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित नारी के सात गुणों, कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमाकृकी विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा, प्राचीन काल में नारी ने गुरु पद को सुशोभित किया है। आज भी यदि माताएं इन सात गुणों को जीवन में उतार लें, तो समाज की दशा और दिशा बदलकर एक वैभवशाली भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने पंच परिवर्तन, मातृभाषा का महत्व और सोशल मीडिया सुरक्षा जैसे समसामयिक विषयों पर भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही, देवी अहिल्याबाई, रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद किया।

### संयुक्त परिवार ही समाज की ताकत

कुटुंब प्रबंधन विषय पर भारती शर्मा ने संयुक्त परिवार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द और संयुक्त परिवार भारतीय समाज की धुरी हैं, जो राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने में सक्षम हैं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक छटा भी देखने को मिली। विद्यार्थियों ने जीजाबाई-शिवाजी, सुनीति-ध्रुव, कयाधु-प्रहलाद और सीता-लवकुश के प्रसंगों पर आधारित वेशभूषा में भावपूर्ण लघु नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा नवी की छात्रा दिया सिंह तोमर ने भगवान श्री कृष्ण पर गीत प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने राष्ट्रगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही शाजापुर शहर की जानकारी पर आधारित एक रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाली माताओं को पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस और विद्युत अधिकारी ने साठगाठ कर हमे फंसाया

**शुजालपुर।** विद्युत उपकेंद्र 132 केवी शाखा शुजालपुर से स्क्रैप सामग्री की बिक्री के मामले में कबाड़ी, मजदूर और वाहन चालक को फंसाने का गंभीर आरोप सामने आया है। कबाड़ी जावेद खान निवासी शुजालपुर ने एसडीओपी को अपनी पत्नी के माध्यम से दिए आवेदन में आरोप लगाया कि विद्युत मंडल कर्मचारियों व पुलिस की मिलीभगत से उन पर झूठा चोरी का प्रकरण दर्ज कराया गया। यह आवेदन शुक्रवार की दोपहर को एसडीओपी निमेष देशमुख को दिया गया और सम्पूर्ण घटनाक्रम की जांच की मांग की गई। इस दौरान स्क्रैप चोरी के मामले में पुलिस थाना सिटी में दर्ज एफआइआर में आरोपी बनाए गए वाहन चालक कैलाश बागरी सहित 3 अन्य मजदूर व कबाडा व्यवसायी की पत्नी ने एसडीओपी को घटनाक्रम के संबंध में आंशिक रूप से जानकारी दी। आवेदन के अनुसार 29 जनवरी को उपकेंद्र से स्क्रैप देखने के बाद 30 जनवरी को कर्मचारियों की मौजूदगी में सामग्री तौलकर वाहन में लोड की गई और 1 लाख 22 हजार 500 रुपए नकद भुगतान किया गया, जिसका सीसीटीवी रिकॉर्ड भी मौजूद बताया गया है। इसके बावजूद बाद में पुलिस व विद्युत कर्मचारियों ने दबाव बनाकर थाने ले जाकर छोड़ दिया।

# पेंशन कार्यालय बंद करने के विरोध में सड़कों पर उतरे बुजुर्ग

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

प्रदेश सरकार द्वारा जिलों में संचालित पेंशन कार्यालयों को बंद करने की सुगबुगाहट के बीच शुक्रवार को शाजापुर के पेंशनर्स का गुस्सा फूट पड़ा। 1 अप्रैल 2026 से जिला पेंशन कार्यालय बंद करने के निर्णय के विरोध में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार के नेतृत्व में एकजुट हुए पेंशनर्स ने जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान को ज्ञापन सौंपा।



**बुढ़ापे में भोपाल दौड़ना पड़ेगा भारी-** ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष पंवार ने बताया कि शासन 1 अप्रैल 2026 से जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय बंद करने जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी पेंशन और पीपीओ बनवाने के लिए भोपाल तक दौड़ लगानी पड़ेगी। शारीरिक रूप से अक्षम और बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए बार-बार भोपाल जाना संभव नहीं होगा। संगठन ने मांग की है कि जिला स्तर पर कार्यालय यथावत संचालित रखे जाएं।

**केंद्र के समान मिले राहत राशि-** ज्ञापन में कार्यालय बंद न करने के अलावा केंद्र सरकार के समान जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत राहत राशि एवं एरियर का तत्काल भुगतान करने, 1 जुलाई 2019 से जून 2025 तक की महंगाई राहत की अवशेष राशि दिए जाने, जिला स्तर पर पेंशनर्स फोरम का गठन कर नियमित बैठकें आयोजित करने, विद्युत मंडल के पेंशनरों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति जिला पेंशन कार्यालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान संरक्षक टी.आर. सिसोदिया, राजेंद्र शर्मा, दीवान सिंह यादव, संतोष सचान, जिला महामंत्री तिलोक चंद्र भालोट, जिला सचिव कीरत सिंह बुंदेला, महिला प्रकोष्ठ संरक्षक संतोष शर्मा, पुलिस प्रकोष्ठ अध्यक्ष भगवान पुरी गोस्वामी, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष संजय अष्ठाना, म.प्र. वि.मण्डल पेंशनर सचिव मनोहर सिंह नायक सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद थे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) कमल पिता निहाल जी आयु 43 वर्ष जाति गुर्जर निवासी ग्राम सिध्दिपुरनिपान्या तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ग्राम सिध्दिपुरनिपान्या तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 537/3 रकबा 0.91 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.54 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 545/3 रकबा 0.46 हेक्टेयर भुमि, कुल सर्वे नम्बर 02 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में संपादित करवायेंगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दांवा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । दिनांक 06-02-2026

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4:30 बजे तक मो. 8827905460**

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
RATLAM • MANDSOUR • NEEMACH


# शहर में कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुआ करोड़ों का घोटाला

## संभागायुक्त ने निगम कमिश्नर से मांगा जवाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शहर में कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की लोकायुक्त जांच लगभग पूरी हो चुकी है। इस मामले में संभागायुक्त ने नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जबकि लोकायुक्त ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भोपाल भेज दी है।

**कांग्रेस पार्षद ने उठाया था बधियाकरण में भ्रष्टाचार का मुद्दा**

रतलाम में कुत्तों के बधियाकरण को लेकर हुए कथित भ्रष्टाचार की शिकायत वार्ड क्रमांक 1 की कांग्रेस पार्षद भावना हितेश पैमाल ने लोकायुक्त और संभागायुक्त से की थी। पार्षद ने नगर निगम के सम्मेलन में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

**निगम ने बताए 33 हजार से ज्यादा कुत्तों के बधियाकरण का दावा**

नगर निगम की ओर से पार्षद को दिए गए जवाब में बताया गया था कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच निगम द्वारा करीब 2 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च कर 33 हजार 630 कुत्तों का बधियाकरण किया गया है। नगर निगम के दावे के विपरीत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अगस्त माह में शहर के पांचों जोन में कराए गए सर्वे में बधियाकरण किए गए सिर्फ 2204 कुत्ते ही पाए गए। इसके अलावा 3111 कुत्ते ऐसे मिले, जिनका अभी तक बधियाकरण नहीं हुआ है।

**31 हजार से ज्यादा कुत्ते कहां गए, निगम के पास जवाब नहीं**

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जब 2204 कुत्तों का ही बधियाकरण मिला और 3111 कुत्ते अभी शेष हैं, तो निगम द्वारा बताए गए 33 हजार 630 कुत्तों में से करीब 31 हजार 426 कुत्ते कहां हैं, इस सवाल का जवाब निगम के अधिकारियों के पास नहीं है। इसी को लेकर खर्च की गई राशि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**लोकायुक्त और संभागायुक्त को की गई थी शिकायत**

कांग्रेस पार्षद भावना हितेश पैमाल ने इस पूरे मामले को लेकर लोकायुक्त और संभागायुक्त को शिकायत कर कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त ने नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि कुत्तों के बधियाकरण में भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं, इसकी पूरी रिपोर्ट तथ्यों के साथ प्रस्तुत की जाए।

**नोटिस के बाद फिर गरमाया मामला**

संभागायुक्त का नोटिस आने के बाद लगभग एक माह से ठंडे पड़े कुत्ता बधियाकरण घोटाले का मामला एक बार फिर तूल पकडने लगा है। इस पूरे मामले की जांच लोकायुक्त द्वारा भी की जा रही है। लोकायुक्त उज्जैन ने नगर निगम से जुड़े अधिकारियों और संबंधित पक्षों को तलब कर बयान दर्ज किए हैं और आवश्यक दस्तावेज भी जुटाए हैं।

लोकायुक्त जांच में अब तक यह सामने आया है कि बधियाकरण किए गए कुत्तों का फिजिकल वेरिफिकेशन किए जाने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। यह जांच रिपोर्ट अब भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

कांग्रेस पार्षद भावना हितेश पैमाल ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दरों में बधियाकरण कराया गया और निविदा की शर्तों का भी पालन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुत्तों के बधियाकरण के नाम पर बड़ा घोटाला किया गया है और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## न्यूज-कॉलम

### संकल्प से समाधान के तहत नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

**नीमच।** जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिले में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविरो का आयोजन किया जा रहा हे । इस कड़ी में शिविर का शुभारंभ जिला स्तर पर किया जाएगा ।उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर डी प्रसाद ने बताया कि 7 फरवरी शनिवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रेड क्रॉस भवन में शिविर का आयोजन किया जा रहा हे ।शिविर में आंखों की जांच की जाएगी व संभावित मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा । चिन्हित किए गए मरीजों को राष्ट्रीय दृष्टि हीनता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन किए जाएंगे । डॉ प्रसाद ने आम जन से अपील की हे कि ऐसे व्यक्ति जिनकी दृष्टि कमजोर हे या आंखों से संबंधित अन्य समस्या हे वे अपना नि:शुल्क परीक्षण अनिवार्य रूप से करवाए।

### यार्ड में किया गया महत्व पूर्ण ट्रैक सुधार कार्य

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल रेल परिचालन की गति एवं संरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए दृढ़संकल्पित है। इसी उद्देश्य के पूरा करने के लिए 4 फरवरी 2026 को रेटिया यार्ड डाउन लाइन में क्रॉसओवर प्वाइंट संख्या 101-102 पर आवश्यक ट्रैक सुधार कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्य रेटिया यार्ड के किमी 535/26-28 पर 13.10 बजे से 16.10 बजे तक निर्धारित ब्लॉक में किया गया, जिसे आवश्यकतानुसार 17.20 बजे तक बढ़ाया गया अर्थात लगभग 4.10 घंटे के ब्लॉक में किया गया। कार्य के अंतर्गत प्वाइंट संख्या 101 (डाउन मेन लाइन) को गोधरा एंड की ओर 2.50 मीटर स्थानांतरित कर लंबाई सुधार किया गया तथा नए स्लीपर एवं रेल डालकर क्रॉसओवर के खराब लेआउट को ठीक किया गया। इस सुधार से ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा में वृद्धि होगी तथा उच्च गति से सुचारु परिचालन संभव हो सकेगा। कार्य के दौरान विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की उपस्थिति में आधुनिक मशीनरी का उपयोग किया गया। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षित, तेज एवं विश्वसनीय सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### सभी नामांतरण आवेदनों का निराकरण करने हेतु कलेक्टर के निर्देश

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नगरीय निकायों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं करो की वसूली आदि की समीक्षा की गई। जिसमें नगरीय निकायों निकायों के सभी मु'य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अगले एक माह अभियान चलाकर दिसम्बर 2025 तक के प्राप्त सभी नामांतरण के आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निराश्रित पशुओं एवं एग्रेसिव रोग की रोकथाम के लिए संस्था का चयन करने हेतु नगरपालिका नीमच को विशेष सम्मेलन बुलाने तथा अन्य नगरीय निकायों को नगरपालिका नीमच से एमओयू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बडे प्रोजेक्ट जैसे अमृत 2.0 के निर्माण कार्यों को समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने वैध अवैध कालोनियो के संबंध में सभी नगरीय निकायों को सर्वे करने के निर्देश दिए तथा अवैध कालोनाइजरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री पराग जैन को निर्देशित किया।

### महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन

**रतलाम।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रतलाम में केदारेश्वर छड़ी पदयात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। छड़ी पदयात्रा के संस्थापक राजेंद्र पुरोहित ने यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बाबा अमरनाथ की प्रेरणा से यह पदयात्रा आयोजित की जा रही है। छड़ी पदयात्रा शनिवार, 14 फरवरी 2026 को दोपहर 1 बजे भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम से प्रारंभ होगी।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# शिक्षक राष्ट्र निर्माण के दीप, कर्तव्य बोध से ही भारत बनेगा विश्व गुरु- हिम्मत सिंह जैन

## म.प्र. शिक्षक संघ द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का भव्य आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला मंदसौर द्वारा साबाखेड़ा स्थित सांदीपनि विद्यालय में च्कर्तव्य बोध दिवसज् का आयोजन किया जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य वक्ता अ.भा. राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन ने सरदार वल्लभभाई पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि कर्तव्य की राह में व्यक्तिगत दुख को आड़े नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने संगठन के मूल मंत्र च्राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाजज् पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देने वाला दीप है।

श्री जैन ने वर्तमान च्ब्रेन ड्रेनज् और च्इमोशनल ड्रेनज् पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि शिक्षित होकर युवा अपने माता-पिता और देश को छोड़ विदेश चले जाएं, तो वह शिक्षा अधूरी है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों में च्स्वदेशीज् के बीज बोएं और उन्हें भारत में ही रहकर च्नौकरी देने वालाज् बनने हेतु प्रेरित करें।

मुख्य अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी ने विद्यालय को सेवा-स्थल बनाने का संकल्प दिलाया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार ने चरित्रवान युवाओं को देश का भविष्य बताया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने छात्र-शिक्षक और समाज के बीच विश्वास बहाली पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य विनीत अग्रवाल, शंकरलाल आंजना, मोतीलाल फरक्या, कांतिलाल राठौर आदि उपस्थित रहे। संचालन रतनलाल चौहान ने किया एवं आभार पारुल मंडलोई ने व्यक्त किया।

# अंतरराज्यीय तस्कर सद्दाम गिरफ्तार, एमपी और राजस्थान में दर्ज हैं 13 मामले

**मन्दसौर।** अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में पुलिस ने कुख्यात अंतरराज्यीय तस्कर सद्दाम (32) पिता लाल मोहम्मद निवासी बुढ़ा के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी और थाना प्रभारी नारायणगढ़ के मार्गदर्शन में आरोपी सद्दाम के विरुद्ध च्स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के तहत प्रकरण तैयार किया गया था। जिला दंडाधिकारी के माध्यम से आयुक्त उज्जैन द्वारा निरोधात्मक आदेश पारित होने के बाद आरोपी को 5 फरवरी को गिरफ्तार किया गया और आज उसे केंद्रीय जेल इंदौर दाखिल कर दिया गया है। बताया गया है कि एमपी से राजस्थान तक फैला नेटवर्क पुलिस की जांच और आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से अपडेट किए गए रिकॉर्ड के अनुसार, सद्दाम एक आदतन अपराधी है। उस पर कुल 13 गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें से 5 मामले शुद्ध रूप से मादक पदार्थ तस्करी के हैं 8 अपराध हथियारों की अवैध तस्करी से संबंधित हैं। आरोपी का नेटवर्क केवल मंदसौर तक सीमित नहीं था, बल्कि नीमच, झाबुआ (म.प्र.) और राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के छोटी सादड़ी व जलोदा जागीर थानों में भी उसके विरुद्ध तस्करी के मामले दर्ज हैं।

# जिला पेंशन कार्यालय बंद करने के विरोध में पेंशनरों ने दिया ज्ञापन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

1 अप्रैल से प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यरत पेंशन कार्यालय बंद करने के मध्यप्रदेश शासन के निर्णय के विरोध में प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम पेंशनरों ने एक ज्ञापन तहसीलदार प्रियंका मिमरोट को दिया।

ज्ञापन में जिला स्तर पर वर्तमान में वर्षों से चल रहे पेंशनर कार्यालय जो कि अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर तत्काल पेंशन प्रकरण का निराकरण कर रहे है जिसके कारण पेंशनरों को अनावश्यक कठिनाईयों से निजात मिल रही है को 1 अप्रैल 2026 से बंद करने की कार्यवाही चल रही है को निरस्त कर इन्हें पेंशनरों के हित में यथावत जिला मुख्यालय पर रखे जाने की मांग शासन से की गई।

ज्ञापन का वाचन संरक्षक डॉ. रमेशचन्द्र देवड़ा ने किया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान, रिटायर्ड डिप्लोमा इंजिनियर एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजि. सुनील व्यास, नरेन्द्रसिंह चौहान, एन.के. राठौर, पारसचंद जैन, जयचंद पाटीदार, ब्रजेन्द्रसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह तोमर, जगदीश नागर, अभय जैन, जगदीश सोनी, सुभाष गुप्ता, ओमप्रकाश पाटीदार, अभय कुमार माण्डावत, गोपाल चावड़ा, बी.एल. कंठाली, पी.एस. चंदवानी, सतीश कापरेले आदि उपस्थित थे। आभार हेमराज खाबिया ने माना।

# श्रीमती कृष्णा देवी रावल के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिली दृष्टि की आशा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



कहते हैं जीवन का अंत भी किसी के लिए नई शुरूआत बन सकता है। रतलाम के राजीव नगर, अलकापुरी निवासी स्व. बालकृष्ण रावल की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी रावल के निधन उपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस पुण्य कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि मिलने की आशा जगी है।

नेत्रदान जनजागरूकता में सक्रिय नेत्रम संस्था के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। परिजनों–पुत्र प्रदीप, सतीश, दिनेश एवं देवेंद्र रावल–ने पैरालीगल वॉलंटियर नवनीत मेहता की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लिया।

नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा के मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में चिकित्सा दल ने पूरी संवेदनशीलता के साथ नेत्रदान प्रक्रिया पूर्ण की। मेडिकल टीम की आवाजाही की व्यवस्था संस्था सदस्य सुशील मीनू ने अपने निजी वाहन से की। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज के शासकीय नेत्र बैंक द्वारा परोपकारी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज से अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान एवं देहदान जैसे महादान से जुडनेका आह्वान किया गया।

# पुलिस ने 700 किमी दूर ग्रेटर नोएडा से नाबालिग को किया दस्तयाब, आरोपी शकील गिरफ्तार

**मंदसौर।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के दलौदा पुलिस टीम ने तकनीकी कौशल और तत्परता का परिचय देते हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में थाना प्रभारी शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले को सुलझाने के लिए करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस की टीम 700 किलोमीटर दूर ग्रेटर नोएडा पहुँची, जहाँ से आरोपी मोहम्मद शकील (32 वर्ष) निवासी मेरठ के कब्जे से बालिका को दस्तयाब किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती 26 जनवरी को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर टीम ने उत्तर प्रदेश में दबिश दी। बालिका को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# साड़ी सेंटर की दुकान से पर्स चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा चलाये जा रहे चोरी के अपराधों में आरोपियों की धरपकड हेतु अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा थाना नीमचकेंट के अपराध बी.एन.एस में आरोपियों को गिरफतार कर चोरी किया मश्रुका जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण - दिनांक 2 फरवरी को फरियादी अवनी जोशी पिता मनीष जोशी निवासी कुकडेश्वर ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की मेरी वीर पार्क रोड पर राधिका साडी सेन्टर के नाम से दुकान है। आज दिनांक को १.३० बजे करीब मै मेरी दुकान पर थी तभी दो व्यक्ति मेरी दुकान पर दुपट्टा लेने आये तो उन्होने दुपट्टा लिया व दुपट्टे के 300 रुपये दिये फिर दोनो व्यक्ति दुकान से बाहर चले गये तथा पुनः वापस मेरी दुकान पर आये और बोले कि मुझे 300 रुपये तक की साडी दिखा दो तो मै दुकान के अन्दर ही साडी लेने गई इतने मे दोनो व्यक्ति काउंटर के पास दराज के अन्दर से मेरा खाकी ब्राउन कलर का पर्स रखा था जिसमे 5 हजार रुपये 500-500 के नोट कैश रखा था पर्स चुराकर ले गये तथा उक्त दोनो व्यक्ति दुकान से बाहर चले गये फिर मैने अपने काउंटर के दराज मे रखे पर्स मे पैसे रखने के लिए पर्स देखा तो वहां पर मेरा पर्स नही था जो दो अज्ञात व्यक्ति मेरा काउंटर से पर्स चुराकर ले गये रिपोर्ट करती हुं। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट पर थाना नीमचकेंट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना उक्त अपराध में अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु हरसम्भावित प्रयास किये जाकर लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे देख अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु मुखबीर मामुर कर सायबर सेल नीमच से तकनिकी सहायता प्राप्त की गई। बाद दिनांक 4 फरवरी को मुखबीर सूचना पर कार्यवाही की गई।



### भाटखेडा में सार्वजनिक डोम का विधायक द्वारा भूमि पूजन संपन्न

**नीमच।** समिपी ग्राम भाटखेडा में 15 लाख रूपए की लागत से सार्वजनिक उपयोगी डोम का विधायक परिहार द्वारा भूमिपूजन किया गया। यह डोम सामाजिक-पारिवारिक कार्यक्रमों की सुविधाओं को बढाने के साथ आर्थिक बचत में भी सहायक सिद्ध होगा। विधायक परिहार ने कहा कि सामुदायिक भवन का सदुपयोग अच्छे काम के लिए करते हुए सामूहिक रूप से बैठकर गांव में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बनाए रखना और ग्राम की समस्याओं का समाधान करना, विकास के लिए नई योजनाएं तैयार करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। गांव गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। किसान भाई खेती के साथ साथ फलदार वृक्ष भी लगाएं। गौपालन, भैंसपालन भी करें। देश में कृषि लाभ का धंधा बने, किसानों की आय दोगुना हो सके ल इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा बाई मदनलाल धनगर, मंडल अध्यक्ष किशोरदास बैरागी, जिला मंत्री श्रीमती किरण शर्मा, महामंत्री वीरेन्द्रसिंह राठौड़, जगदीश परमार, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीपसिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता ईश्वरसिंह राठौड़, शुभम शर्मा, जितेन्द्र अहीर एवं बड़ी संख्या में भाटखेड़ा के ग्रामवासी उपस्थित थे।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिये श्रीवाली श्रीवास्तव चयनित

**मन्दसौर।** मंदसौर की होनहार निशानेबाज श्रीवाली श्रीवास्तव आगामी एशियन राइफल/पिस्तौल चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। नियुद्ध गुरुकुल की खिलाड़ी श्रीवाली पिछले 3 वर्षों से मध्य प्रदेश शूटिंग एकेडमी, भोपाल में कड़ा प्रशिक्षण ले रही हैं। श्रीवाली का चयन महिलाओं की सबसे चुनौतीपूर्ण स्पर्धा 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन के लिए हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 2 फरवरी से 14 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप में एशिया के 20 से अधिक देशों के दिग्गज निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। श्रीवाली का मुख्य मुकाबला 10 फरवरी को होगा। वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, कोच प्रवीण भण्डारी, अजयसिंह चौहान ने श्रीवाली को बधाई देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




### गौशाला में भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे कांग्रेस नेतागण



**पिपलिया मंडी।**राधा कृष्ण गौशाला बरखेड़ापन्थ में स्थानीय प्रेस क्लब के द्वारा आयोजित 7 दिवसीय भागवतकथा में शुक्रवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव परशुराम सिसोदिया,सह सचिव मुकेश पोरवाल,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या, मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,किशोर उणियारा, कांग्रेस नेता अनिल मुलासिया,सुभाष पाटीदार,दिनेश पाटीदार बालागुड़ा, जगदीश माकनिया,लक्ष्मीनारायण कारपेंटर, भेरूपप्पू गुर्जर, आदि ने कथा का श्रवण कर पंडित श्री विनोद शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### विश्व कैंसर दिवस पर जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की वर्कशॉप संपन्न




**नीमच।** जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देना रहा वर्कशॉप में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली और शुरूआती लक्षणों की पहचान से कैंसर से बचाव संभव है। कार्यक्रम के दौरान आमजन को तंबाकू से दूरी, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और शारीरिक सक्रियता अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल, कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. विजय भारती, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता भारती सहित एनसीटी स्टाफ मनीष व्यास उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कैंसर नियंत्रण के लिए जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### संकल्प समाधान अंतर्गत किसान सोहनलाल को मिला ट्रैक्टर

**नीमच।** जिले के जावद विकासखण्ड के ग्राम झांतला में शुक्रवार को संकल्प से समाधान शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी यंत्रीकरण योजना के तहत लांभावित किसान सोहन लाल पिता पन्नालाल धाकड़ को ट्रेक्टर की चाबी सौंप कर ट्रेक्टर प्रदान किया है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी, उपसंचालक उद्यानिकी अतरसिह कन्नौजी व अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने किसान सोहनलाल से चर्चा कर योजना तहत मिले 4.20 लाख के लाभ व 1.80 लाख के अनुदान के बारे में जानकारी ली व ट्रेक्टर का बागवानी कार्यो में उपयोग के बारे में भी चर्चा की।



## सर्दियों में रमजान-बुजुर्गों महिलाओं और कामकाजी रोजेदारों को होगी सहूलियत

**महिदपुर रोड।** पूरे 12 वर्षों बाद रमजान उल मुबारक इस बार सर्दियों में होगी रमजान उल मुबारक की शुरूआत 18 या 19 फरवरी से होने की संभावना है हालांकि अंतिम निर्णय चांद दिखाई देने पर ही लिया जायेगा। सर्दियों में रमजान का पाक महीना होने से बुजुर्गों महिलाओं काम काजी रोजेदारों को रोजे रखने में विशेष सहूलियत रहेगी मुस्लिम समाज के बुजुर्गों ने जानकारी में बताया चक्र पूरा होने पर पुराने मौसम में लौटता है रमजान का महीना फरवरी माह में दिन अपेक्षाकृत छोटे होने से रोजे की अवधि भी कम रहेगी पहला रोजा लगभग 12 घंटे का रहेगा जबकि गर्मियों में यह अवधि 13 से 14 घंटे तक पहुंच जाती हैं नगर की शाही मस्जिद तथा छोटी मस्जिद के इमाम साहबानो ने बताया रमजान महीने में दोनों मस्जिदों को विशेष रोशनी से गुलजार किया जायेगा तथा विभिन्न शहरों से मुस्लिम धर्म की जानकारी तकरीर करने भी यहां पहुंचेंगे।

### बेवजह नाम काटने पर होगा आंदोलन

## एसआईआर के नाम पर गडबडी करने का आरोप, कांग्रेस ने दर्ज कराई आपत्ति



**शुजालपुर।** एसआईआर के नाम पर फर्जी तरीके से नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को शुजालपुर में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पर कांग्रेसजनों ने आपत्ति जताई तथा मतदाता सूची में हो रहे सुधार कार्य के नाम पर पक्षपात किए जाने का विरोध किया। कांग्रेसजनों ने कहा कि एसआईआर से जुडी मिस मैच की समस्या के अंतर्गत हर पोलिंग बूथ पर लगभग 150 से 200 नामों की सूची जो बीएलओ को दी गयी है कि ये नाम संदिग्ध है, जबकि वो बरसो बरस से शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में ही रह रहे हैं। उनको संदिग्ध बताकर उनका नाम काटने की बात की जा रही है। इसी समस्या के निराकरण के लिए मंगलवार दोपहर 3 बजे प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलधर व तहसीलदार कन्हैया लाल चौहान से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण करने को लेकर बैठक हुई एवं ज्ञापन दिया गया। ताकि किसी का भी नाम बेवजह न काटा जाए और इस तरह किसी के भी आपत्ति लगाने पर आम जनता को परेशान न किया जाए। इस दौरान मौजूद कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची में दर्ज नामों पर आपत्ति लेने वाले लोगों के नाम भी उजागर किए जाने की भी मांग की। प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार ने कहा कि अगर किसी के भी बेवजह नाम काटे गए तो हम फि र झूठी आपत्ति दर्ज करने वालो के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाएंगे। जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि हमने आपत्ति दर्ज करने वाले लोगो से जानकारी भी ली कि तुमने बेवजह आपत्ति क्यो ली है तो आपत्ति दर्ज करने वाले लोगो द्वारा बताया गया कि हमने कोई आपत्ति नहीं ली। पता नहीं हमारा नाम आपत्ति लेने वालों में कैसे आ गया। इस तरह की धांधली की जाँच करवाई जाए और किसी भी वर्ग विशेष को कागज देने और ऑफिसों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश सह.सचिव रचना जैन, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाडा, ब्लॉक अध्यक्ष अकोदिया महेन्द्र मेवाडा, अजयपालसिंह, शरीफ पठान, पार्षद बल्ला सोनी, हसन रजा कुरेशी, प्रीतम राणा, शुजाउररहमान, रईस पठान,आलोक श्रीवास्तव, अजय मोर्टे सहित कई कांग्रेस नेताओ व कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

### सारंगपुर में एक सप्ताह बाद धूप निकली

## लोगों को ठंड से राहत, मौसम विभाग ने कहा- आने वाले कुछ दिनों में और बढेगा तापमान



**सारंगपुर।** सारंगपुर में एक सप्ताह से ज्यादा समय बाद मौसम ने करवट ली है। गुरुवार सुबह हल्का कोहरा और धुंध छाई रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढा, कोहरा छंट गया और तेज धूप निकल आई। लंबे समय बाद धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत महसूस हुई। बीते कई दिनों से जिले में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण ठंड काफी बढ गई थी। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी, जिससे लोग ठिठुरन महसूस कर रहे थे। बादल हटने के बाद भी ठंड का असर बना हुआ था और मौसम पूरी तरह साफ नहीं हो पा रहा था। जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। धूप निकलने से तापमान धीरे-धीरे बढेगा। अनुमान है कि फरवरी के पहले पखवाडे में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे ठंड का असर काफी कम हो जाएगा। हालांकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंड बनी रह सकती है।

### लीमाचौहान थाना क्षेत्र के काचरियाभाई में अज्ञात चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

# दस दिन से सूने पड़े मकान में चोरी, सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

लीमाचौहान थाना क्षेत्र के काचरियाभाई गांव में दस दिन से सूने पडे एक मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए बडी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर का ताला तोडकर भीतर घुसे और सोने-चांदी के आभूषण, एलइडी टीवी, महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित करीब 15 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। पीडित दिनेश पिता शंकरलाल चौहान जो पेशे से बस कंडक्टर हैं ने लीमाचौहान थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



उन्होंने बताया कि वे पिछले करीब दस दिनों से अपने परिवार के साथ सारंगपुर में रह रहे थे। काचरियाभाई गांव स्थित मकान में ताला लगा हुआ था और घर पूरी तरह सूना पडा था। दिनेश चौहान के अनुसार शुक्रवार को पाड़ल्यामाता निवासी अरविंद सीकरवार ने फोन कर सूचना दी कि उनका घर बिखरा हुआ पडा है। सूचना मिलते ही जब वे गांव पहुंचे तो देखा कि मकान का मुख्य ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरे में रखा गोदरेज खुला हुआ था और कपडे व अन्य सामान बिखरे पडे थे। जांच करने पर पता चला कि घर में रखा एलइडी टीवी, सोने-चांदी के आभूषण, 15 हजार रुपये नगद और जरूरी दस्तावेज गायब हैं।

घटना की सूचना मिलते ही लीमाचौहान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि लंबे समय तक मकान खाली छोडते समय पडोसियों को सूचना दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

**बोले जिम्मेदार**

हमारे द्वारा पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरो के विरुद्ध बीएनएस 2023 की धारा 331(4), 305(4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी, लीमाचौहान।**

# मेमोरियल महिला मंडल ने किया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आरोन

गुना जिले की तहसील आरोन स्थित अंबिका मैरिज गार्डन में शांति मेमोरियल महिला मंडल के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चेतन भार्गव भोपाल एवं नारायणसिंह कुशवाहा पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश, अखिल भारतीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष कुसुम कुशवाहा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलू कुशवाहा द्वारा की गई। चेतन भार्गव प्रदेश कर समिति सदस्य बीजेपी द्वारा महिलाओं की भागीदारी एवं आदिकाल से अनंत काल तक महिलाओं की समाज में महत्व के बारे में महिलाओं को बताया कि जब हम भगवान के नाम सिमरन करते हैं तो सीताराम, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, लक्ष्मी विष्णु आदि को सिमरन करते हैं। हिंदू धर्म में हमेशा किसी भी तिथि को महिलाओं द्वारा विशेष तौर पर पूजन एवं तिथियां का महत्व रहता है। उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को शिक्षा के साथ शास्त्र एवं शस्त्र का भी ज्ञान होना परम आवश्यक है। मैं हमेशा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही भारत विरोधी तत्व एवं असलियामक तत्वों द्वारा हमारे महिलाओं को बहला फुसलाकर लब्ज जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है। आरोन की बेटी मोनिका धाकड़ डीएसपी पद पर चयनित होने पर उनका स्वागत गया। इस अवसर पर महिला मंडल और पुरुष पदाधिकारी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉक्टर राजीव सिंह राजावत एवं आभार व्यक्त वर्षा कुशवाह द्वारा किया गया।



इस अवसर पर दिलीप सेन ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष, मातादीन धनबरिया एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष, सुरजीत धाकड मंडल अध्यक्ष, मुनेश जैन लखनपुरी गोस्वामी, श्रवण जैन अनिल कुशवाह गुना, गोविद शर्मा, डॉकैलाश रघुवंशी, सोनू रघुवंशी पार्षद, बृजेन्द्र राजपूत पार्षद, रामकुमार धाकड, रेखा कुशवाह जिला अध्यक्ष आशा रघुवंशी, राज यादव, दिलीप कुशवाह, मोहिनी साहू, प्रताप सिंह, ममता कुशवाह, संजीव यादव, हीरालाल बुनकर, देवेन्द्र यादव, बाला प्रजापति, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, देवेन्द्र शर्मा, लखन सिंह रघुवंशी, प्रकाश मीणा, कमल किशोर, रामलाल कुशवाह, कमला अहिरवार, रविशंकर सेन, मंच का संचालन डॉक्टर राजीव सिंह राजावत एवं आभार व्यक्त वर्षा कुशवाह द्वारा किया गया।

## 11 फरवरी को एक शाम श्री नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के नाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

श्वेतांबर जैन श्री नाकोडा पार्श्व भैरव भक्त परिवार के तत्वावधान में 11 फरवरी को एक शाम श्री नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के नाम भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं संगीतकार वैभव बागमार (बालोतरा) अपनी प्रस्तुति देंगे। समाजसेवी अखिलेश जैन ने बताया कि यह भक्ति संध्या 11 फरवरी बुधवार शाम 7 बजे से नगर के एक निजी परिसर में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भजनों, स्तुतियों और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां होंगी, जिनके माध्यम से श्रद्धालु नाकोडा पार्श्व भैरव दादा के चरणों में अपनी आस्था प्रकट करेंगे। नाकोडा भैरव राजस्थान के बाडमेर जिले में बालोतरा के समीप स्थित एक प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल से जुडे हुए हैं। उन्हें भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर का रक्षक क्षेत्रपाल माना जाता है। नाकोडा भैरव को हाजरा हजूर यानी प्रत्यक्ष उपस्थित देव के रूप में पूजा जाता है। भैरव की प्रतिमा मुख्य पार्श्वनाथ मंदिर के दाईं तरफ संगमरमर की छतरी में विराजित है। यह तीर्थ जैन धर्म में विशेष रूप से श्वेतांबर समुदाय के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, हालांकि अन्य समुदायों के श्रद्धालु भी यहां गहरी आस्था रखते हैं। मान्यता है कि नाकोडा भैरव देव अपने भक्तों के कष्ट दूर करते हैं और तीर्थ की रक्षा करते हैं। नाकोडा तीर्थ का इतिहास लगभग 2000 वर्ष से अधिक पुराना बताया जाता है, जहां मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है।

## हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 16 फरवरी तक

**गुना।** म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ दिनांक 07 फरवरी 2026 से दिनांक 16 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रताप छात्रावास, मैन रोड गुना (म.प्र.) में किया जायेगा। प्रदर्शनी में हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा उत्पादित वस्तुएं जैसे जूट बैग, जरी वर्क, एम्ब्राइडरी, बेम्बू शिल्प के बने उत्पाद, हैदराबाद की कलमकारी, कूच बिहार की शितलपाती, जयपुर की लटकन मीनाकारी, दिल्ली व आगरा की ज्वैलरी, देहरादून का कुरेशिया वर्क, बेंगलूरू का पेंटिंग वर्क, राजस्थान स क्ले एवं क्रोकरी, उत्तरप्रदेश का ग्लाश वर्क, मध्यप्रदेश की दरी, बेडशीट, बिड वर्क, तोरण आर्ट, लेदर आर्ट, खजूर शिल्प, बुधनी की लकड़ी के खिलौने इत्यादि की प्रदर्शनी एवं बिकी हेतु उपलब्ध रहेंगी। हस्तशिल्प प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विभिन्न शिल्प से जुड़े देश भर के कारीगरों के उत्पादों का एक स्थान पर प्रदर्शन और विक्रय के माध्यम से उनके उत्पादों का समुचित मूल्य दिलाकर उनका आर्थिक संवर्धन करना। इस प्रकार के आयोजन से आम नागरिक देश के विभिन्न शिल्पों की न केवल जानकारी प्राप्त कर सकेंगे बल्कि उन्हें अपनी पसन्द अनुसार उचित मूल्य पर खरीद भी सकेंगे।

### शहर में लगभग 300 व्यवसायिक सिलेंडर धारी, खपत मात्र नाम मात्र

# शादी समारोह में हो रहा घरेलू गैस का उपयोग, नियमों की हो रही अनदेखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

शहर में नियम विरुद्ध हो रहे घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल को कोई देखने और टोकने वाला नहीं होने से कायदे कानून की धज्जियां उडाई जा रही हैं। घरेलु गैस का उपयोग मरीज गार्डनों में शादी ब्याह एवं सामूहिक भोज को बनाने में किया जा रहा है। दरअसल घरेलू, व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में अंतर है। वर्तमान में घरेलू उपयोग के सिलेंडर 928 रुपये का है, जिसमें 14 किलो गैस आती है। 54 रुपये सब्सिडी ग्राहक के खाते में जा रहे है। जो कि सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल रहा है। जबकि व्यावसायिक सिलेंडर लगभग 1800 से 2000 रुपये के आसपास में 19 किलो गैस आती है। इस पर सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में सब्सिडी वाले सिलेंडर की गैस सस्ती कीमत में आंकी जाती है। जबकि व्यावसायिक लगभग 100 रुपये प्रतिकिलो पडती है।

### 250 के आसपास व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में व्यावसायिक गैस के कनेक्शन लगभग 250 से 300 है बावजूद इसके महीने में मात्र 12 से 15 ही व्यवसायिक सिलेंडर लोगों द्वारा खरीदे जाते है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की खपत हर महीने 7 हजार से अधिक होती है। सूत्रों की माने तो कई होटल, ढाबा संचालक व्यावसायिक सिलेंडर का कनेक्शन तो लेते हैं, लेकिन एक बार नीले रंग का सिलेंडर, व्यावसायिक लेने के बाद इसमें घरेलू सिलेंडर से गैस रिफीलिंग कराते हैं। यह सब इसलिए किया जाता है कि कहीं कोई शिकायत न करे।



**कार्रवाई करेंगे**

जल्द ही होटल, ढाबों, गार्डनों में घरेलू गैस सिलेंडर की जप्ती कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल सिंह चौहान, प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, सारंगपुर।**

# संबल योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं – कलेक्टर

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर ने श्रम विभाग की संबल योजना के अंतर्गत 180 दिवस की समय-सीमा उपरांत डीएम लॉगिन में लंबित कुल 28 प्रकरणों की जांच की गई। जांच में जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर गंभीर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। अनावश्यक विलंब के कारण जनपद राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कंवरपुरा, तुम्दियाखेड़ी, पिपलिया, जनपद नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बारवां खुर्रम, बढ़बेली, तथा जनपद खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत काछोटीया, जटामढ़ी, चिबड़कलां के सचिवों की वेतन वृद्धि रोकी गई है। इसी प्रकार जनपद नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चारपुरा, तिन्दोनिया, मुवालिया खेड़र के सचिवों की भी वेतन वृद्धि रोकी गई है। नगर पालिका ब्यावरा के सीएमओ को वेतन वृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी किया गया है। वहीं जनपद खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा के सचिव की वेतन वृद्धि रोके जाने के साथ निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त सीईओ जनपद राजगढ़, सीईओ जनपद सारंगपुर, जनपद सारंगपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत निपान्यातुला, जनपद राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत ओढ़पुर, तथा जनपद नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।



### निराश्रित गोवंश से राहगीरों को हादसों का डर

## मुख्य मार्ग पर करते है लडाई, नगरवासियों ने की गौशाला भेजने की मांग

**सारंगपुर।** नगर में निराश्रित गौवंश एवं सांडों की समस्या लगातार बढती जा रही है। नगर के प्रमुख मार्गों जैसे बस स्टैंड, अस्पताल रोड और गांधी चौक सहित विभिन्ना मोहल्लों में आए दिन सांडों के आपस में लडने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों में भय का माहौल बना हुआ है। सांडों की लडाई से राहगीरों को हादसों का डर स्थानीय निवासी महेश सोनी, सुनील धनगर ने बताया कि सुबह और शाम के समय जब चौराहों पर भीड रहती है, उसी दौरान कई बार सांड सडक पर लडने लगते हैं। ऐसे में दुपहिया वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पडता है, जिससे गिरने और चोटिल होने की आशंका बनी रहती है। कई बार लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगते हैं। सांडों की लडाई के दौरान छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी घबराकर गिर जाते हैं। वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी दिन बडा हादसा हो सकता है। नगर के लोगों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि आवारा सांडों को पकडकर सुरक्षित स्थान या गौशाला में पहुंचाया जाए। साथ ही मुख्य मार्गों पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। नगरवासियों का कहना है कि यह समस्या केवल यातायात बाधित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रही है।

## घर-घर नोटिस के आदेश, वार्ड 16 के बीएलओ निजी स्थान पर बुलाकर दे रहे

**सारंगपुर।** एसआईआर का काम कर रहे बीएलओ को निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि घर-घर जाकर त्रुटिपूर्ण मतदाताओं को नोटिस दे और मौके से फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड कर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर त्रुटियों का निराकरण करें। लेकिन सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 16 में इन आदेशों की अनदेखी की जा रही है। यहां वार्ड 16 के बीएलओ नारायण सिंह दांगी द्वारा वाट्सएप ग्रुप में संदेश डालकर मतदाताओं को अपने स्थान छात्रावास (अकोदिया नाका छात्रावास) पर बुलाया जा रहा है। संदेश में लिखा गया है कि माता-पिता के नाम में त्रुटि है, सभी मतदाता मुझसे संपर्क करें। नोटिस प्राप्त कर वापस जमा करें, अंतिम तारीख 5 है। जबकि नियमों के मुताबिक बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के घर पहुंचकर नोटिस देना था, साथ ही मौके पर फोटो खींचकर अपलोड भी करना था। इसके विपरीत मतदाताओं को एक स्थान पर बुलाना न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे बुजुर्गों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि जिन मतदाताओं के पास स्मार्ट फोन नहीं है या जो वाट्सएप ग्रुप में नहीं जुडे हैं, उन्हें तो नोटिस मिलने की सूचना ही नहीं मिल पाएगी। इससे कई मतदाताओं के नामों में सुधार नहीं हो पाएगा और आगे चलकर उनके अधिकार प्रभावित होने का खतरा भी बना रहेगा। मतदान केंद्र के मतदाताओं ने कहा कि एसआईआर जैसे संवेदनशील कार्य में बीएलओ की भूमिका बेहद अहम है। अगर बीएलओ ही नियमों की अनदेखी करेंगे, तो आम मतदाता के अधिकार प्रभावित होना स्वाभाविक है।



## गुना में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही



**गुना।** कलेक्टर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक गुरुवार आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम मोहरी, किन्दर में दबिश दी गयी। इस दौरान ग्राम किंदर एवं मोहरी से लगभग 600 किलोग्राम लाहन एवं 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। मौके पर मदिरा बनाने की भट्टी पायी गयी जिसे आबकारी बल द्वारा नष्ट की गयी। लाहन को लाने की असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट किया गया। साथ ही आबकारी वृत्त चाँचोड़ा प्रभारी एल.आर. करोसिया सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा ग्राम मुँहासा खुर्द, पैंची मण्डी एवं बीनागंज बायपास में दबिश दी गयी। जिसमे 20 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम गुड़ लाहन जब्त किया गया। वृत्त गुना-1 एवं वृत्त चांचोडा में कुल 05 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं में पंजीबद्ध किये गए। जब्तसुदा मदिरा एवं लाहन का अनुमानित मूल्य एक लाख रुपये है। कलेक्टर के आदेश पर इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत कुशवाह, दिनेश कुमार राठौर, गोविंद मीना एवं अरुण कुमार शर्मा एवं महिला आरक्षक जेम्मा एक्का, टीना वर्मा एवं होमगार्ड सैनिक महेश पिल्लई की भूमिका सराहनीय रही।



## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- पृथ्वी की सतह का लगभग 71% भाग किससे ढका है: भूमि या जल?
उत्तर: पानी
- वायु की गति मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
उत्तर: एनीमोमीटर
- 'स्टार्स एंड स्ट्राइप्स' किस देश के झंडे का उपनाम है?
उत्तर: संयुक्त राज्य अमेरिका
- कंप्यूटर द्वारा डेटा को प्रोसेस करने के लिए किस भाषा का उपयोग किया जाता है?
उत्तर: बाइनरी भाषा
- पृथ्वी पर उपलब्ध सबसे कठोर पदार्थ कौन सा है?
उत्तर: हीरा
- विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन सा है?
उत्तर: सहारा रेगिस्तान
- किस देश ने संयुक्त राज्य अमेरिका को स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी उपहार में दी?
उत्तर: फ्रांस
- संगीत के ग्रीक देवता का नाम क्या है?
उत्तर: अपोलो
- सिम कार्ड में "सिम" का क्या अर्थ है?
उत्तर: सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल
- तत्वों की आवर्त सारणी में पहला तत्व कौन सा है?
उत्तर: हाइड्रोजन
- विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान कौन सा है?
उत्तर: भारत
- मानव शरीर का सबसे बड़ा जोड़ कौन सा है?
उत्तर: घुटना
- मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी कौन सी है?
उत्तर: स्टेप्स (कान की हड्डी)

बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। बच्चे का पहला शिक्षक पेरेंट्स को ही कहा जाता है और बच्चे को जीवन में काबिल इंसान बनाने के लिए...

# काफी ध्यान देने पर भी बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता? ...तो अपनाएं ये तरीके



बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। बच्चे का पहला शिक्षक पेरेंट्स को ही कहा जाता है और बच्चे को जीवन में काबिल इंसान बनाने के लिए व उसके बेहतर भविष्य के लिए पेरेंट्स उन्हें पढ़ाई के लिए मोटिवेट करते है। लेकिन कई बार माता-पिता की अपने बच्चे को लेकर शिकायत रहती है कि काफी ध्यान देने के बाद भी उनके बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता और किताबों के नाम पर वह दूर भागने लगता है।

ऐसे में माता-पिता के लिए बच्चे को पढ़ाना व सही शिक्षा देना एक परेशानी का सबब बन जाता है। बार-बार गुस्सा या फिर डांट डपट कर भी पढ़ाना सही नहीं होता क्योंकि इन सब चीजों के बावजूद बच्चे की रूचि पढाई में नहीं बढ़ती। अगर आप भी अपने बच्चे की इस हरकत से परेशान है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए है जिससे आपके बच्चे का मन पढ़ाई में लगने लगेगा।

### डेली पढ़ने का रूटीन

छोटे बच्चे को डेली रूटीन का तय होना काफी जरूरी होता है। डेली रूटीन की वजह से ही बच्चा अनुशासन में रहना सीखता है। जैसे सुबह उठने से लेकर खाने,खेलने का रूटीन होता है वैसे ही पढ़ने का रूटीन भी तय करे और पढ़ने के लिए बच्चे को प्रोत्साहित करे। उनके लिए हर दिन एक टाइम टेबल चार्ट बनाएं जिसमें डेली के काम हो और साथ ही पढ़ाई भी शामिल हो।

### पढ़ाई को लेकर दबाव ना बनाएं

कई बार माता पिता बच्चो को पढ़ाने के लिए उन पर दबाव बनाने लगते है जोकि गलत बात है। क्यों कि किसी भी काम को समझाने के लिए और उन पर दबाव डालने में फर्क होता है। आप अपने बच्चे को पढ़ाई के लिए मोटिवेट करे ना कि उन पर दबाव डाले। इससे बच्चे के दिमाग पर बुरा असर पड़ सकता है। फिर बच्चा पढ़ाई को समझने की जगह उसे एक बोझ की तरह लेने लगेगा और खुद पर प्रेशर फिल करेंगा। इन सब से अच्छा आप अपने बच्चे को हंसते-खेलते हुए पढ़ाने की कोशिश करें।


### दूसरी एक्टिविटी के साथ पढ़ाई

बच्चों का मन बहुत नाजुक और चंचल होता है और पढ़ाई को लेकर उन्हें बार बार टोकने व डांटने से उनके दिमाग पर बुरा असर पड़ने लगता है। अगर आप चाहते है कि बच्चे का मन पढ़ाई में लगे तो आप दूसरी एक्टिविटी के साथ बच्चे को पढ़ाने की कोशिश करें। जैसे खेल कूद और ड्राइंग इत्यादि के साथ उन्हें पढ़ाई से जुड़ी सिखाएं। जैसे अगर आपके बच्चे को ड्राइंग पसंद है तो पढ़ाई के शुरूआत में पहले पेंटिंग बनवाएं और फिर धीरे धीरे दूसरे सबजेक्ट उन्हें पढ़ने को दे। इससे बच्चे का इंटरेस्ट बना रहेगा।

### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्व कप फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर न सिर्फ भारत को यादगार प्रदर्शन दिया, बल्कि आईसीसी फाइनल्स का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाकर क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

## विश्वकप में क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का तूफान: तोड़ा ट्रेविस हेड का वर्ल्ड रिकॉर्ड, आईसीसी टूनार्मेंट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

हरारे। भारतीय अंडर-19 टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार (6 फरवरी) को क्रिकेट इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। जिम्बाब्वे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ वैभव ने महज 80 गेंदों में 175 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

यह पारी आईसीसी के किसी भी टूनार्मेंट फाइनल (पुरुष, महिला और सभी आयु वर्ग) में बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गई। इससे पहले यह रिकॉर्ड ट्रैविस हेड के नाम था, जिन्होंने 2023 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहली पारी में 163 गेंद में 174 रन बनाए थे।

### पूरे टूनार्मेंट में उतार-चढ़ाव, फाइनल में चरम

टूनार्मेंट की शुरूआत वैभव के लिए आसान नहीं रही थी। अमेरिका के खिलाफ वह सिर्फ दो रन बना सके। इसके बाद उन्होंने तीन अर्धशतक और दो 30+ स्कोर जरूर बनाए, लेकिन शतक से चूकते रहे। कई बार वह तेजी लाने के प्रयास में आउट भी हुए, लेकिन फाइनल में, एक ऐसी इंग्लिश टीम के खिलाफ जो भारत की तरह अपराजित थी, वैभव ने अपने खेल को बिल्कुल नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया।




### आलोचकों को करारा जवाब

यह सिर्फ एक बड़ी पारी नहीं, बल्कि एक स्टेटमेंट नॉक थी। वैभव ने अपनी पारी में 15 चौके और 15 छक्के जड़े और साबित कर दिया कि दबाव के सबसे बड़े मंच पर भी वह पूरी तरह तैयार हैं। टूनार्मेंट के दौरान उनके ह्यटेम्परामेंटह्ल पर सवाल उठाए जा रहे थे, लेकिन फाइनल में उनका बल्ला ही सबसे बड़ा जवाब बन गया, वह भी तब, जब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल है।

### सबसे तेज 150 रन बनाने वाले खिलाड़ी

वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यवंशी ने यह कारनामा सिर्फ 71 गेंदों में 150 रन पूरे करके किया, जो अब तक का सबसे तेज रिकॉर्ड है (उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार)। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के बेन मायेस के नाम था, जिन्होंने इसी मैदान पर इसी टूनार्मेंट में 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे।

यहीं नहीं, इस सीजन की शुरूआत में भी वैभव सूर्यवंशी ने एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा था। विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 में उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज 150 रन जड़ा था। सूर्यवंशी ने यह उपलब्धि महज 59 गेंदों में हासिल की, जिससे उन्होंने दिग्गज एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। डिविलियर्स ने 2015 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिडनी में 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। लगातार रिकॉर्ड तोड़ते जा रहे वैभव सूर्यवंशी ने बेहद कम उम्र में यह साबित कर दिया है कि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य बनने की पूरी क्षमता रखते हैं।

### परिपक्वता ने बनाया पारी को खास

इस ऐतिहासिक पारी में वैभव की परिपक्वता साफ दिखी। शुरूआती 18 गेंदों में उन्होंने सिर्फ तीन बाउंड्री लगाईं और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की सटीक योजनाओं के खिलाफ धैर्य से बल्लेबाजी की। नौवें ओवर में लेफ्ट आर्मर जेम्स मिंटो के खिलाफ 18 रन बटोरते ही मानो उन्होंने गियर बदल दिया। इसके बाद अगले 17 ओवरों में से पांच ओवर ऐसे रहे, जिनमें 15 से ज्यादा रन बने।

### डबल सेंचुरी से चूके, फिर भी संतुष्ट नहीं

वैभव सूर्यवंशी डबल शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन एक स्लोअर बॉल पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। खास बात यह रही कि 175 रन बनाने के बाद भी वह संतुष्ट नजर नहीं आए। उनकी निराशा ही बताती है कि उनकी सोच कितनी बड़ी है। मैच के बाद कई इंग्लिश खिलाड़ी खुद चलकर उन्हें बधाई देते नजर आए।

## आयुष म्हात्रे अंडर-19 विश्वकप जीतने वाले छठे भारतीय कप्तान

**हरारे।** भारत ने एक बार फिर अंडर-19 क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया। 6 फरवरी को खेले गए आईसीसी अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ आयुष म्हात्रे अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले भारत के छठे कप्तान बन गए। जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेले गए इस टूनार्मेंट में युवा भारतीय टीम ने पूरे अभियान में संतुलित प्रदर्शन किया। मोहम्मद कैफ से लेकर पृथ्वी शॉ और अब आयुष म्हात्रे तक, भारत की चैंपियन कप्तानी की परंपरा और भी मजबूत हुई।

भारत इस टूनार्मेंट की दिग्गज टीम है। भारत ने सबसे ज्यादा छह बार यह खिताब जीता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया चार बार, पाकिस्तान दो बार और वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड एक-एक बार चैंपियन रहे हैं। पिछला संस्करण 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर जीता था। अब म्हात्रे ने भारत को एक और खिताब दिलाकर युथ वनडे के महान कप्तानों में अपना नाम शुमार कर लिया।

## आरसीबी पर हुई पैसों की बारिश, दिल्ली को मिले 3 करोड़

**वडोदरा।** महिला प्रीमियर लीग 2026 सिर्फ क्रिकेट का उत्सव नहीं, बल्कि पैसों और अवॉर्ड्स का भी उत्सव साबित हुआ। स्मृति मंधाना की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेमिमा रॉड्रिग्स की दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही आरसीबी खिलाड़ियों और टीम स्टाफ पर पुरस्कारों की बारिश भी हुई। वहीं, रनर अप बनी दिल्ली कैपिटल्स को भी तीन करोड़ रुपये का सम्मान मिला।



पहले बल्लेबाजी करने वाली दिल्ली टीम के लिए लिजेल ली ने 30 गेंद में 37 रन और शेफाली वर्मा ने 13 गेंद में 20 रन की पारी खेली। वोल्वार्ड्ट ने 25 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 44 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने 37 गेंद में आठ चौके की मदद से 57 रन की पारी खेली। चिनेल हेनरी 15 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 35 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली। दिल्ली ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 203 रन बनाए। आरसीबी की ओर से लॉरेन बेल ने चार ओवर में केवल 19 रन दिए, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। सयाली सतघरे, अरुंधति रेड्डी और नदिन डी क्लर्क को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में आरसीबी को नौ रन पर पहला झटका लगा था। शानदार फॉर्म में चल रहीं ग्रेस हैरिस नौ रन बनाकर आउट हो गई थीं। इसके बाद कप्तान मंधाना और जॉर्जिया वॉल ने 92 गेंद में 165 रन की विजयी साझेदारी की। वॉल ने 54 गेंद में 14 चौके की मदद से 79 रन की पारी खेली। ऋचा घोष छह रन बनाकर आउट हुईं। नदिन सात रन और राधा 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी ने 19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। दिल्ली की ओर से चिनेल ने दो विकेट लिए। इसके अलावा नंदिनी और मिन्नू को एक-एक विकेट मिला।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## नगर निगम के सफाईकर्मी ने किया सुसाइड

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाले नगर निगम के सफाईकर्मी प्रफुल्ल शिंदे (32) ने गुरूवार रात फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार, प्रफुल्ल दिन में एक परिचित की शादी समारोह में अपनी पत्नी के साथ गए थे और शाम तक घर लौट आए।रात में जब वह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो परिवार ने उन्हें देखकर अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधी नगर पुलिस के अनुसार, प्रफुल्ल की मानसिक स्थिति पिछले कुछ महीनों से ठीक नहीं थी और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। वह पल्हर नगर जोन में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत थे। उनके परिवार में एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है।

इसी दिन एमजी रोड पुलिस को सूचना मिली कि राजू (42) पुत्र महादेव ने जहर खा लिया है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रात में उनकी मौत हो गई। रिश्तेदारों ने बताया कि राजू घर पर ही थे। उनकी पत्नी स्कूल में काम करती हैं और छुट्टी के बाद घर लौटकर उन्हें बेसुध पाया। बाद में पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

राजू फर्नीचर बनाने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी दीपाली और 8 साल की बेटी है। माता-पिता और अन्य भाई अलग रहते हैं। पुलिस ने बताया कि अभी पत्नी का बयान नहीं लिया गया है और मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## बदमाश ने सोशल मीडिया में डाली जेल की स्टोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जेल से जुड़ा एक वीडियो पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को जिला जेल का बताया जा रहा है और इसे एक युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया है। इसके अलावा यह वीडियो कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स पर आपत्तिजनक कंटेंट के साथ भी प्रसारित किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला जेल अधीक्षक ने इंदौर पुलिस कमिश्नर से इसकी शिकायत की है। जांच में सामने आया है कि यह वीडियो अजय देवगन की एक फिल्म के दौरान तैयार किए गए सेट का है। यह वीडियो भैय्यू डार्लिंग के नाम से इंटाग्राम अकाउंट में है।

जिला जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई ने इंदौर पुलिस कमिश्नर को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस कथित वीडियो को लेकर लिखित शिकायत दी है। उनके अनुसार कुछ लोगों ने वीडियो को एडिट कर जिला जेल के नाम से प्रसारित किया है। वीडियो में कैदियों की दिनचर्या, जेल के अंदर की बैरक और अन्य गतिविधियों को दिखाया गया है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी। जेल अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि वायरल वीडियो का जिला जेल से कोई संबंध नहीं है और इसे गलत तरीके से जेल का बताकर फैलाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि वीडियो किसने और किस उद्देश्य से प्रसारित किया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाले नगर निगम के सफाईकर्मी प्रफुल्ल शिंदे (32) ने गुरूवार रात फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार, प्रफुल्ल दिन में एक परिचित की शादी समारोह में अपनी पत्नी के साथ गए थे और शाम तक घर लौट आए।रात में जब वह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो परिवार ने उन्हें देखकर अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। तुकोगंज पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी विशाल धनगर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार दोनों एक-दूसरे को करीब चार साल से जानते थे। वर्ष 2022 में आरोपी 56 दुकान क्षेत्र में काम करता था, जहां पीड़िता की भी दुकान है।

# भाजपा पार्षद देवलिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत

## वार्ड 44 की पार्षद बनी रहेंगी, दो साल पुराना चुनावी विवाद खत्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के वार्ड 44 की भाजपा पार्षद निशा देवलिया को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिल गई है। इसके साथ ही उनके निर्वाचन को लेकर पिछले दो साल से चल रहा विवाद अब पूरी तरह खत्म हो गया है।

इससे पहले हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें देवलिया का निर्वाचन शून्य घोषित कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजेता ठहराया गया था। इसी फैसले के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जहां से भी पार्षद को राहत मिल गई।

दरअसल, नगर निगम चुनाव 2022 में वार्ड 44 से भाजपा प्रत्याशी निशा देवलिया ने 1084 मतों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद कांग्रेस की रनर-अप प्रत्याशी नंदिनी मिश्रा ने चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए जिला कोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि देवलिया ने नामांकन के दौरान दिए गए शपथ-पत्र में संपत्ति से जुड़ी जानकारी छुपाई और संपत्ति कर में विसंगतियां कीं। जिला कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए उनका निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया था और कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी मान लिया था।

इस आदेश के खिलाफ देवलिया ने हाईकोर्ट में अपील की। जस्टिस आलोक अवस्थी की एकलपीठ ने दोनों पक्षों के तर्क और दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद जिला अदालत के फैसले को असंगत ठहराते हुए रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्वाचन शून्य घोषित करने और दूसरे प्रत्याशी को विजेता ठहराने का आधार टिकाऊ नहीं है।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद नंदिनी मिश्रा सुप्रीम कोर्ट पहुंची। जहां से भी पार्षद निशा देवलिया को राहत मिल गई। इसके साथ ही वार्ड 44 के चुनाव को लेकर चल रहा विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया।



### यह था मामला

- मामला छोटी खजरानी क्षेत्र स्थित करीब 1600 वर्गफीट के भवन से जुड़ा था।
- आरोप था कि भवन व्यावसायिक उपयोग का है, लेकिन शपथ-पत्र में इसे आवासीय बताया गया।
- रजिस्ट्री में 1142 वर्गफीट के चद्दर वाले मकान का उल्लेख था।
- नगर निगम को मात्र 200 वर्गफीट आवासीय मकान का टैक्स जमा कराया जा रहा था।
- इन्हीं बिंदुओं के आधार पर कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव को चुनौती दी थी।

## नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पति-सास पर केस दर्ज

**इंदौर:** विजयनगर क्षेत्र में नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति और सास को आरोपी बनाया है। मामला कल्प कामधेनू नगर निवासी मोनिका पटेल (20) की मौत से जुड़ा है, जिन्होंने 2 फरवरी को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। एसीपी पराग सैनी की जांच में सामने आया कि मोनिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था तथा उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इसके आधार पर पुलिस ने पति रितेश पटेल और सास राधा पटेल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

घटना के बाद पति रितेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि घटना के समय वह घर के बाहर था और इससे पहले सिलाई के कपड़े लाने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। मोनिका सिलाई का काम करती थी, जबकि रितेश रेपिडो बाइक चलाता है। मोनिका के पिता हीरालाल चौहान निवासी खजराना ने गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि करीब 10 महीने पहले मोनिका घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी खजराना थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में पता चला कि उसने रितेश से प्रेम विवाह कर लिया है। पिता का आरोप है कि बड़ी बेटी से उन्हें जानकारी मिली थी कि मोनिका ससुराल में परेशान थी। इस मामले में वे समाज के लोगों के साथ विजयनगर थाने भी पहुंचे थे।


आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफः- लड़के/ लड़की,
पदः- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थानः- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतनः- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

भारत की सबसे पुरानी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मेन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
रामेश्वरम, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, मदुरई, तिरुपति बालाजी यात्रा
प्रबंधक - राजेश पोरवाल एवं अनिल पोरवाल
समय 10 दिन
• आवास हेतु 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
• कंपनी द्वारा 15 व्यक्तियों से अधिक के समूह में भोजन एवं चाय नाश्ते की सुविधा
विशेष प्रस्थान - 10 मार्च 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर से त्रिवेंद्रम के लिए ट्रेन से प्रस्थान
• तीसरा दिन : विख्यात पद्मनाभ स्वामी मंदिर दर्शन, रात्रि विश्राम त्रिवेन्द्रम
• चौथा दिन : कन्याकुमारी मंदिर दर्शन, संगम स्नान रात्रि कन्याकुमारी
• पांचवा दिन : रामेश्वरम दर्शन, रामेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन रात्रि रामेश्वरम
• छठा दिवस : मदुरई स्तिथ मिनाक्षी देवी मंदिर दर्शन रात्रि बस अथवा ट्रेन
• आठवां दिन : तिरुपति बालाजी दर्शन (दर्शन हेतु आधार कार्ड साथ लाये)
• नवा दिन : भोपाल होते हुए इंदौर प्रस्थान
• दसवा दिन : इंदौर आगमन
यात्रा शुल्क मात्र 19,500 प्रति सवारी
पूर्ण AC यात्रा शुल्क 28,000 रु प्रति सवारी
ग्रुप बुकिंग पर विशेष छूट

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील

आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़

कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com